आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 242, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया 14

वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा 13







# महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 12 नक्सली मार गिराए

गढ़चिरौली, एजेंसी

- छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल
- एके-47, इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार मिले

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडों की नक्सलियों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में करीब छह घंटे तक भारी गोलीबारी हुई। मुठभेड़ स्थल से 12 नक्सलियों के शव के साथ ही तीन एके47, दो इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार, कार्बाइन और एसएलआर जब्त हुए। मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है जो प्रतिबंधित संगठन में तिपगाड दलाम का प्रभारी था। महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# प्रदेश मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में बदलाव की चर्चा

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा व पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद की चर्चा के बीच संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश के मंत्रिमंडल व भाजपा संगठन में बदलाव हो सकता है।

इस बीच, बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोबारा मुलाकात की। प्रदेश के नेताओं के पार्टी के शीर्ष नेताओं से





मुलाकात के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे राजनीतिक रूप से राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस सिलसिले में चौधरी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। मालूम हो कि प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के घटनाक्रम की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बीते दिन जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।

### केशव प्रसाद मौर्य ने फिर की जेपी नड्डा से मुलाकात

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के अगले ही दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को फिर पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। चर्चा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात व पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के बाद मौर्य ने 'संगठन सरकार से बड़ा है' वाला बयान दोहराया। मौर्य के कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द उनका दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव हैं। लेकिन, कुछ देर बाद ही इस पोस्ट को हटा लिया गया।





### नेतृत्व ने दी उपचुनाव में अच्छे प्रदर्शन की सलाह

पार्टी सूत्रों का कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों नेताओं को विधानसभा उप चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करने व पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की सलाह दी है। कहा कि शीर्ष प्राथमिकता में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव हैं।

# सबका साथ, सबका विकास की अब जरूरत नहीं, बंद करो मोर्चा

## शुभेंदु बोले- हम उनके साथ जो हमारे साथ, अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी



- विवाद बढ़ने पर कहा-उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने हालिया लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय से कम समर्थन मिलने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने हम उनके साथ जो हमारे साथ का प्रस्ताव दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तारित सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का पूरा समर्थन करते हैं।

अधिकारी ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी मुस्लिमों की भी बात की है। हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' की बात किया करते हैं, लेकिन आगे से अब मैं यह नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि इसके बजाय यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए... अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। साल 2014 में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था और 2019 में एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को शांत करने के बहाने तलाश रही है।

### अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के विभाजन में यकीन नहीं

अपनी टिप्पणियों से विवाद उत्पन्न हो जाने पर अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक आधार पर लोगों के बीच विभाजन करने में यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग राष्ट्रवादी हैं, वे इस देश और पश्चिम बंगाल के लिए खड़े हैं, हमें उनके साथ होना चाहिए। जो लोग हमारे साथ नहीं खड़े हैं, जो देश और पश्चिम बंगाल के हित के खिलाफ काम करते हैं, हमें उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।

### तृणमूल कांग्रेस के चलते पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं

अधिकारी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के जिहादी गुंडों ने हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। तृणमूल के जिहादी गुंडे ऐसा नहीं होने देंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव राज्य में अशांत क्षेत्र अधिनियम लागू कर ही संभव है। हम राष्ट्रपति शासन लागू कर पिछले दरवाजे से राज्य में सत्ता हथियाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश से चुनाव जीतने पर ही हम सत्ता में आएंगे। लेकिन उसके लिए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना होगा।

# पत्रकार गौरी लंकेश हत्या मामले में तीन आरोपियों को जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी ने मंगलवार को पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों अमित दिगवेकर, एचएल सुरेश और केटी नवीन कुमार को जमानत दे दी। सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए तीनों ने जमानत मांगी थी। पिछले साल दिसंबर में अदालत ने एक अन्य आरोपी एन. मोहन नायक को जमानत दे दी थी। हिंदुत्व समूहों की कटु आलोचक माने जाने वाली गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

# विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मंत्री विधानसभा की खाली हुई 10 सीटों के होने वाले उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे। वे अपने प्रभार वाले क्षेत्र में सप्ताह में दो बार रात्रि विश्राम करेंगे। बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत करने व पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम करेंगे। बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।



- मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी, कहा- सप्ताह में दो बार प्रभार क्षेत्र में रात्रि विश्राम करें

पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों से उनके क्षेत्रों का हाल जाना और लोकसभा चुनावों में हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में 'अति आत्मविश्वास' के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। इससे सबक लेते हुए कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप चुनाव की समाप्ति तक प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले क्षेत्र में रहेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से सभी प्रभारी मंत्रियों को कार्यकर्ताओं से बात करने व बूथ मजबूत करने का निर्देश दिया। विधानसभा सीटों के उप चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण है। भाजपा को इंडी गठबंधन में शामिल दलों सपा व कांग्रेस के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले से मुकाबला करना है। पार्टी का मानना है कि इसी फार्मूले के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।

## एक नजर

### सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव प.बंगाल में मिला

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एक नहर से बरामद हुआ है। वह नौ दिन से लापता थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पौड्याल (80) का शव मंगलवार को फुलबाड़ी में तीस्ता नहर में पाया गया। शव की पहचान घड़ी और कपड़ों से की गई।

### सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा के एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र राय ने मानसिक तनाव की वजह से घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने मंगलवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# सिद्धारमैया कन्नड़ भाषियों के 100% आरक्षण से पलटे

बेंगलुरु, एजेंसी



- सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपनी पोस्ट हटाई

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ भाषियों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट को हटा लिया। उन्होंने एक अन्य पोस्ट कर बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संस्थानों के प्रशासनिक पदों में 50 प्रतिशत और गैर प्रशासनिक पदों में 75 प्रतिशत आरक्षण कन्नड़ भाषियों को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार की इच्छा है कि कन्नड़ भाषियों को अपनी मातृभूमि में सुगम जीवन जीने का अवसर दिया जाए। हम कन्नड़ हितैषी सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड़ भाषियों का कल्याण है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा था कि मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य के सभी निजी उद्योगों में 'सी' और 'डी' श्रेणी की नौकरियों को शत प्रतिशत कन्नड़ भाषियों के लिए आरक्षित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने अपने संदेश में सुधार किया है।

# नीट-यूजी मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित हुई थी। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर 18 जुलाई के लिए अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका भी शामिल है, जिसमें उसने विभिन्न हाईकोर्ट में उसके खिलाफ लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

नई व्यवस्था — उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में किया गया बदलाव

# आश्रित कम पढ़ा लिखा तो ऊर्जा निगमों में नौकरी नहीं

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिक की मृत्यु होने पर यदि आश्रित कम पढ़ा लिखा हुआ तो उसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं मिल सकेगी। कारण यह कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अनुकंपा नियुक्ति नियमावली में आंशिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। मध्य उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने कम पढ़े लिखे आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पर नियुक्ति न देने का फैसला ले लिया है और इस सिलसिले में आदेश भी जारी हो गए हैं।

इस सिलसिले में उत्पादन निगम के उप महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध देवेश कुमार विश्वकर्मा की ओर से बीती 16 जुलाई को आदेश जारी किया गया। आदेश में निदेशक मंडल की ओर से निर्णय लिये जाने का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 यथा संशोधित में मृतक के आश्रित को चतुर्थ श्रेणी, टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय विद्युत, यांत्रिक व इंस्ट्रूमेंटेशन या कार्यालय सहायक तृतीय और महिला आश्रित को चपरासी पद पर सेवायोजित करने का प्रावधान है।किंतु अब इसमें निदेशक मंडल की ओर से आंशिक परिवर्तन किया गया है। कहा गया है कि अब आश्रित की नियुक्ति केवल टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय या कार्यालय सहायक तृतीय के पदों पर की जाएगी। यदि मृतक आश्रित इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता नहीं रखता है तो आश्रित को कार्मिक की मृत्यु के पांच वर्ष के अंदर आवश्यक शैक्षिक अर्हता को पूरा करना होगा, तभी नियुक्ति दी जाएगी।

### नियुक्ति के पहले लेनी होगी निदेशक से अनुमति

उत्पादन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मृतक आश्रित का सेवायोजन सक्षम अधिकारी करेंगे, लेकिन उन्हें निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन की पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए बदलाव की तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।



## एक नजर

### विद्यार्थियों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**बिसौली।** शहर बरौलिया स्थित सिद्ध बाबा इंटर कालेज जल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कॉलेज के शिक्षक राजकुमार शर्मा ने छात्रों को जल की महत्वता से अवगत कराया। कहा कि जल है तो कल है, जल ही जीवन है अतः हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण करना चाहिये। उन्होंने विद्यार्थियों से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आवाहन किया। इस अवसर पर नीरज चौहान, विप्लव भारती, रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### 22 को निकलेगी महाकाल की शाही सवारी

**बिल्सी।** श्री गिरिराज जी सेवा समिति एवं श्री महाकाल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष सावन माह निकाली जाने वाली बाबा महाकाल की शाही सवारी इस बार प्रथम सोमवार 22 जुलाई को नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसको लेकर यहां तैयारियां शुरु कर दी गई है। समिति के पदाधिकारी अनुभव वार्ष्णेय ने बताया कि बाबा महाकाल की शाही सवारी शाम चार बजे से निकलेगी।

# सावन माहः दर्जनभर शिवालयों में जलाभिषेक की तैयारी

## दो दिन बाद शुरू हो रही कांवड़ यात्रा, प्रशासन कर चुका है पूरी तैयारी, मंदिरों में साफ-सफाई अंतिम दौर में

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** श्रावण मास का शुभारंभ 21 जुलाई से हो रहा है। माह के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को शिव मंदिरों में लोग भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जलाभिषेक की विशेष व्यवस्था शहर के तीन प्रमुख मंदिरों सहित एक दर्जन मंदिरों में होगी। दो दिन पूर्व शुरू हो रही कावंड़ यात्रा के लिये प्रशासन पूरी तैयारी कर चुका है। मंदिरों में साफ-सफाई अंतिम दौर में है।

22 जुलाई से शुरू हो रहे पवित्र श्रावण माह में शिव मंदिरों में होने वाले जलाभिषेक को बेहतर ढंग से करने की प्रशासन ने तैयारी कर ली है। डीएम ने जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित कर दिए हैं। जिले में पांच स्थानों पर गंगाजल भरने के लिए आने वालों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम हो रहे हैं। शहर के ककराला रोड स्थित गौरी शंकर मंदिर, पथिक चौक स्थित बिरुआबाड़ी मंदिर, शहबाजपुर



श्रावण मास में हर प्रसाद मंदिर में जुटेंगे शिवभक्त।

तिराहा स्थित हर प्रसाद मंदिर सहित अन्य छोटे-बड़े मंदिरों में साफ-सफाई अंतिम दौर में है। शिव मंदिरों के महंत आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इंतजाम कर रहे हैं। वहीं गंगा घाटों पर आने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने रास्ते में कई स्थानों पर बैरियर लगाए हैं।

## डायवर्ट रहेंगे रूट, बैरियर पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार से श्रावण मास शुरू हो जाएगा। गंगा घाटों पर कांवड़ियों के जत्थे पहुंचेंगे। कांवड़ियों की राह सुगम बनाने के लिए पुलिस ने वाहनों के रूट डायवर्जन की तैयारी हो रही है। रूट डायवर्जन शुक्रवार रात आठ बजे से शुरू हो जाएगा और सोमवार शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा। तीन अगस्त को भी शिवरात्रि के चलते वाहनों का रूट डायवर्ट रहेगा। इस दौरान ट्रक, बस, ट्रैक्टर, रोडवेज बस आदि बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। रूट डायवर्जन के दौरान कांवड़ियों के वाहनों पर पाबंदी नहीं रहेगी। जगह-जगह पुलिसकर्मी बैरियर लगाकर वाहनों का रास्ता रोकेंगे और दूसरे रूट पर भेजेंगे।



डॉ. बृजेश कुमार सिंह एसएसपी।

श्रावण मास में सबसे ज्यादा भीड़ कछला स्थित भागीरथी घाट पर उमड़ती है। बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी आदि से कांवड़िये डीजे के साथ गाजे-बाजे के साथ यहां से गुजरते हैं। बहुत से कांवड़िये गंगाजल लेकर पैदल भी गुजरते हैं। इसके चलते वाहनों का रूट बदला गया है।

### यह रहेगा वाहनों का रूट :

- फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर से आगरा, कासगंज, दिल्ली जाने वाले वाहन उसावां, म्याऊं से डहरपुर, दातागंज, बेलाडांडी, फतेहगंज पूर्वी, बरेली, आंवला, बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा, अलीगढ़ होते हुए जाएंगे।
- बरेली से कासगंज, आगरा, दिल्ली जाने वाले वाहन गैनी, आंवला, बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा, अलीगढ़ होकर भेजे जाएंगे।
- मुरादाबाद से कासगंज, आगरा, दिल्ली जाने वाले भारी वाहन बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा, अलीगढ़ होते हुए जाएंगे।
- मुरादाबाद, चंदौसी से फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर जाने वाले वाहनों को बिसौली से आंवला, गैनी, बरेली, फतेहगंज पूर्वी, बेलाडांडी, दातागंज, डहरपुर से म्याऊं, उसावां होते हुए गंतव्य स्थान पर जाएंगे।
- कासगंज, आगरा, दिल्ली से मुरादाबाद, बरेली, फर्रुखाबाद जाने वाले वाहन अलीगढ़, नरौरा होते हुए सहसवान, बिसौली, आंवला, गैनी, बरेली, फतेहगंज पूर्वी, बेलाडांडी, दातागंज, डहरपुर से म्याऊं चौकी, उसावां होते हुए गुजरेंगे।
- बदायूं से बरेली जाने वाली रोडवेज बसें व अन्य हल्के वाहन नवादा चौकी से कुंवरगांव, आंवला, अलीगंज, गैनी, अखा, रामगंगा होते हुए लालफाटक होकर भेज जाएंगे।
- बदायूं से कासगंज, आगरा, दिल्ली जाने वाले रोडवेज बसें व हल्के वाहनों को बदायूं बस अड्डा से खेड़ा नवादा, बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा, अलीगढ़ होते हुए जाएंगे।
- बदायूं से फर्रुखाबाद जाने वाली रोडवेज बस व अन्य हल्के वाहन रोडवेज बस अड्डा से पुलिस लाइन चौराहे होते हुए दातागंज चौराहे से रेलवे क्रासिंग होते हुए दातागंज, बेलाडांडी, जैतीपुर, मदनापुर, जलालाबाद होते हुए गुजरेंगे।
- बदायूं नगर से बाहरी जिलों के एटा, अलीगढ़ जाने वाले हल्के वाहन शहर के जालंधरी सराय रोड से शेखूपुर, कादरचौक, कादराबाद होते हुए गुजरेंगे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा आज कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**बदायूं, अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा 18 जुलाई को जिले में रहकर कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।



केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।

वह प्रातः 11:00 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में सामाजिक अधिकारिता शिविर के तहत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि में भाग लेंगे। दोपहर 12:00 बजे विकास भवन सभागार में कृषक गोष्ठी में भाग लेंगे। दोपहर 02:00 बजे जिला सिविल बार एसोसिएशन के स्वागत समारोह में भाग लेंगे। दोपहर 03:00 बजे जिला बार में नवनिर्मित टीन शेड का उद्घाटन करेंगे। शाम 04:00 बजे बदायूं क्लब में आयोजित स्वागत समारोह में भाग लेंगे।

## दो दिन से पड़ा है गोवंश का शव

संवाददाता, दबतरा

- **जिम्मेदारों ने दफनाने की नहीं की व्यवस्था**
- **दो महीने में भूख से दम तोड़ चुके हैं बड़ी संख्या में गोवंश**

**अमृत विचार :** आसफपुर ब्लाक के मोतीपुरा की गोशाला में दो दिन से एक गोवंश का शव गोशाला के पास पड़ा है। उसे दफनाने की व्यवस्था नहीं की गई।

मोतीपुरा गोशाला में दो महीने पूर्व तक 247 गोवंश थे। गोशाला में टीन डाली गई है। इस गर्मी में गोवंशों का टीन के नीचे बैठना मुश्किल है। उन्हें चारा-पानी भी नहीं मिल पाता है जिससे वह भूख से तड़प कर दम तोड़ देते हैं। दो महीने के भीतर कई गोवंश की भूख से मौत हो चुकी है। इसकी जानकारी प्रधान और सचिव को भी दी लेकिन किसी ने कोई कदम नही उठाया। खंड विकास अधिकारी तक भी मामला पहुंचा लेकिन उन्होंने भी सुध नहीं ली। दो दिन पहले एक गोवंश की भूख के चलते मौत हो गई। उसे गोशाला के बाहर डाल दिया गया है जिसे जंगली जानवर नोच-नोच कर खा रहे हैं।

> गोशाला के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है। इसमें कितने गोवंश हैं, इसकी जानकारी केयरटेकर से ली जाएगी। उसके बाद चारा-भूसा और पानी की व्यवस्था की जाएगी। गोशाला में अब कोई गोवंश भूख-प्यास से नहीं मरेगा। इसको गंभीरता से लिया जाएगा।
>
> -**गौरव**, सचिव

## बायोमेट्रिक उपस्थिति की कॉपी से मिलेगा वेतन

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- **अभी तक जमा होती थी शिक्षकों की उपस्थिति की मैनुअल कॉपी**
- **स्कूलों में बायोमेट्रिक मशीन लगाने के डीआईओएस ने दिये निर्देश**

**अमृत विचारः** अभी तक वेतन पाने के लिये शिक्षकों की उपस्थिति की मैनुअल कॉपी जमा होती थी। अब विभाग ने बायोमेट्रिक उपस्थिति लगानी अनिवार्य कर दी है। नई व्यवस्था में प्रधानाचार्य को शिक्षकों की उपस्थिति की मैनुअल कॉपी के साथ बायोमेट्रिक उपस्थिति की सीट भी जमा करनी होगी। तब जाकर उन्हें वेतन मिलेगा। जिस दिन की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं लगी होगी, उस दिन का वेतन कट जाएगा।

माध्यमिक स्कूलों में बच्चों के साथ शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य है। यह नियम लागू होने के बाद डीआईओएस ने स्कूलों में बायोमेट्रिक मशीन लगाने के आदेश दिये हैं। जिले में 39 राजकीय और 45 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं। इनमें 2019 से ही बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू की गई थी। इनमें बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू होने के कुछ माह बाद ही 2020 में कोरोना महामारी आ गई और सुरक्षा के लिहाज से बायोमेट्रिक उपस्थिति पर रोक लगा दी गई। उस समय राजकीय इंटर कॉलेजों में यह व्यवस्था लागू की गई थी।

अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय इसके दायरे में नहीं थे। कोरोना महामारी खत्म हो जाने के बाद भी विभाग ने फिर से इस व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। कुछ राजकीय विद्यालयों में यह व्यवस्था सिर्फ नाम के लिए लागू थी।

किसी काम में इनका उपयोग नहीं होता था। ज्यादातर विद्यालयों ने विभाग की शिथिलता के चलते बायोमेट्रिक उपस्थिति के लिये मशीन भी नहीं खरादी थी। जिन विद्यालयों में पहले से मशीन थी, उन्होंने उसका सही से रखरखाव नहीं कराया। ऐसे में विद्यालयों में पड़ी बायोमेट्रिक मशीनें खराब हो गईं। अब विभाग ने इस पर सख्ती की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सभी स्कूलों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। विद्यालयों को इस माह बायोमेट्रिक मशीन सही कराने का समय दिया है। अब बायोमेट्रिक उपस्थिति की कॉपी लगाने के बाद ही शिक्षकों का वेतन बिल पास होगा।

> स्कूलों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। शिक्षकों को विद्यालयों में उपस्थिति दर्शाने के लिए मैनुअल उपस्थिति की सूची के साथ बायोमेट्रिक उपस्थिति की ऑनलाइन सूची लगाकर देनी होगी। इसके बाद ही उनका वेतन निकाला जाएगा। इस संबंध में शासन से निर्देश मिले हैं। निर्देशों का पालन कराया जा रहा है।
>
> -**डॉ. प्रवेश कुमार**, डीआईओएस

## राजवीर सिंह उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं के प्रसिद्ध शिक्षक और साहित्यकार राजवीर सिंह ''तरंग'' को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों और लेखन के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। जन दृष्टि संस्था के प्रेरणा पुंज आदर्श शिक्षक स्व. संतपाल सिंह राठौड़ की दशम पुण्यतिथि के अवसर पर 26 राज्यों के 151 शिक्षक और 51 समाजसेवी सम्मानित किए गए। सम्मान समारोह का आयोजन स्काउट भवन में किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक व पूर्व मंत्री महेश चंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध लेखिका डॉ. ममता नौगरिया, डॉ. उमा सिंह गौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम आयोजक हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट ने संस्था के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश और समाज में सर्वाधिक आदर और सम्मान का पात्र शिक्षक होता है।







## कई गांवों में कराई फॉगिंग, लैब का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मच्छरों को नष्ट करने के उद्देश्य से मलेरिया विभाग ने आसफपुर ब्लॉक के गांव फैजगंज बेहटा में फागिंग कराई। लोगों को सफाई के लिए प्रेरित किया और बुखार पीड़ितों को दवा दी।

मलेरिया निरीक्षक डॉ. पूजा भदौरिया, मोनिका सिंह, दर्पण कुमार ने आसफपुर ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनुनगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दबतोरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहकमपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर में लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने लैब में उपलब्ध एंटी मलेरिया दवा, मलेरिया क्लीनिक रजिस्टर, एमएफ-7, मासिक मलेरिया रिपोर्ट प्रपत्र, माइक्रोस्कोप की उपलब्धता, क्रियाशीलता तथा ब्लड स्लाइड के माध्यम से मलेरिया की जांच कार्य का निरीक्षण किया।



गांव में फागिंग करता कर्मचारी।



स्वास्थ्य केन्द्र आसफपुर पर लैब का निरीक्षण करते कर्मचारी।

- **मच्छरों को नष्ट करने के उद्देश्य से आसफपुर ब्लाक के गांव में सफाई के लिये किया प्रेरित**

इस दौरान मोहकमपुर और फैजगंज बेहटा में फॉगिंग की गई। लोगों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी गयी। गांव के लोगों को साफ-सफाई करने को कहा गया। समझाया गया कि नालियों में जलभराव न होने दें। हर दिन गंदगी साफ करते रहें जिससे मच्छरों का प्रजनन नहीं होने पाये। ग्रामीणों को बताया गया कि गांव के अंदर गोबर के ढेर न लगाएं। गोबर को समय से उठा कर बाहर ले जाकर डालें जिससे गांव में गंदगी न हो सके।

पूजा भदौरिया ने ग्रामीणों को सफाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण ही बारिश में संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। इससे बचाव के लिए सफाई जरूरी है। इसलिये जलभराव नहीं होने दें। पहले का भरा पानी बाहर निकाल कर फेंक दें। लार्वा नहीं पनपने दें। मलेरिया निरीक्षकों ने बताया कि गंदे पानी में ही लार्वा तैयार होता है जो मलेरिया जैसी बीमारियों को जन्म देता है। इसलिए कहीं भी गंदा पानी एकत्र नहीं होने दें।

जिला मलेरिया अधिकारी योगेश कुमार सारस्वत ने बताया कि हर जगह मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। ग्रामीणों को मच्छर नाशक दवा उपलब्ध करा दी गयी है। ब्लॉक स्तर पर मच्छर नाशक दवा का भंडारण कर दिया गया है। कहीं दवा की कमी नहीं होने दी जा रही है।

## लोगों को बताया जायेगा भूगर्भ जल का महत्व

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **विभिन्न विभाग प्रबंधन के लिए 22 जुलाई तक चलाएंगे भूजल सप्ताह अभियान**
- **अनियोजित दोहन से होने वाले नुकसान तथा उससे बचने की जानकारी देंगे**

**अमृत विचारः** जिले में भूगर्भ जल की स्थिति ठीक नहीं है। 15 में से 10 ब्लॉक डार्क जोन में हैं। इसके चलते जल संरक्षण का करो प्रयास, जल ही है जीवन की आस, थीम पर जिले में 22 जुलाई तक भू-जल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय से लेकर तहसील

जिले के 15 ब्लॉकों में चार डार्क जोन और छह सेमी डार्क जोन में हैं। इसमें शहर की स्थिति ठीक नहीं है। हालांकि कई सरकारी विभागों की बिल्डिंगों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे हैं। वाटर रिचार्जिंग के लिए अमृत सरोवरों का निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार, रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली, सिंचाई में जल अपव्यय रोकने के लिए ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर को प्रोत्साहन के प्रयास हो रहे हैं। बावजूद इसके स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। भूगर्भ जल प्रबंधन की स्थिति बेहतर करने के लिए 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान सिंचाई विभाग, वन विभाग, जल निगम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग समेत दो दर्जन विभाग जन जागरूकता बढ़ाएंगे। इसकी जिम्मेदारी सीडीओ ने दी है। आदेश में कहा गया है कि भूजल सप्ताह के दौरान विभागीय अधिकारी कर्मचारी लोगों को जल संचयन के लिए जागरूक करें।




## राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत की वार्षिक रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की लखनऊ राज भवन में वार्षिक बैठक हुई, जिसमें बदायूं से डॉक्टर सतपाल सिंह कश्यप एवं आयुष कश्यप को राजभवन आने का बुलावा भेजा गया। राजभवन में बदायूं की रेड क्रॉस की प्रगति की डॉक्टर सतपाल सिंह से रिपोर्ट मांगी गयी, जिस पर राजभवन को टीबी ग्रस्त रोगियों को पोषाहार वितरण एवं कुष्ठ रोगियों को पोषाहार वितरण की रेड क्रॉस की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। राज्यपाल ने रेड क्रॉस की वार्षिक प्रगति की पुस्तक भेंट की और रेड क्रॉस का विस्तार करने की नीतियों के बारे में बताया।



डा. सत्यपाल सिंह कश्यप व आयुष कश्यप




## पार्किंग के लिये इंटरलॉकिंग बनकर तैयार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **रेल यात्रियों को वाहन खड़े करने में होगी सुविधा**
- **ठेका होने के बाद खड़े हो सकेंगे वाहन**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर वाहनों की पार्किंग के लिये इंटरलॉकिंग बनकर तैयार है। अभी इसके लिये गेट बनाया जाना है। गेट बन जाने के बाद इसे ठेके पर दिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के पास पुराने पार्सल घर की जमीन खाली पड़ी थी। इसपर अमृत भारत योजना के तहत एक साल पूर्व वाहन पार्किंग के उद्देश्य से इंटरलॉकिंग का काम शुरू हुआ था। ठेकेदार ने वर्ष 2023 के मई में काम शुरू किया। एक महीने काम होने के बाद रेलवे प्रशासन ने काम बंद करा दिया। उसके बाद पार्सलघर तुड़वाकर दो कमरे भी तोड़ दिये गये। पूरा मैदान साफ कर एक हजार वर्ग गज में वाहन पार्किंग के उद्देश्य से इंटरलॉकिंग बनाने के लिए सात लाख रुपये का ठेका दे दिया गया था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते काम दो महीने में भी पूरा नहीं हो पाया। इसके बाद रेलवे प्रशासन ने उस ठेकेदार को काम से हटा दिया। उसके बाद दूसरे ठेकेदार ने काम शुरू किया। फिर वाहन पार्किंग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में वाहन पार्किंग के बीच से बारिश का पानी पास कराने के लिये नाला निर्माण कराने का आदेश दिया गया। इसलिए काम को रोकना पड़ा। कुछ दिन में नाला तैयार हो जाने के बाद काम बंद कर दिया गया। जून में फिर से नये ठेकेदार को काम दिया गया। ठेकेदार ने पूरा मैदान समतल कर इंटरलॉकिंग की ईंट डाल डाल दी।



रेलवे स्टेशन पार्किंग स्थल पर बिछी इंटरलॉकिंग।

### रोपे जायेंगे पौधे

रेलवे स्टेशन पर वाहन पार्किंग के लिये तैयार इंटरलॉकिंग के चारों ओर नाली बनाई गयी है। हरियाली के लिए यहां पर पौधे लगाए जाएंगे। उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की ही होगी। रेलवे प्रशासन ने बताया कि गुलाब और अन्य खुशबूदार पौधे रोपे जाएंगे। पौधों को बंदरों से बचाने के लिए लोहे की जाली लगाई जाएगी जिससे पौधों को कोई नुकसान न पहुंचा सके।

> रेलवे स्टेशन पर वाहन पार्किंग बन कर तैयार है। अब इज्जत नगर बरेली के अधिकारी इसका ठेका करेंगे। उनके निर्माण विभाग ने इसका निर्माण कराया है। गेट बनेगा या नहीं, यह सब वही बता पाएंगे। पार्किंग बन जाने से रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों और शहर के लोगों को सुविधा मिलेगी।
>
> -**विपिन कुमार**, रेलवे स्टेशन मास्टर

रेलवे प्रशासन का कहना है कि वाहन पार्किंग के लिये गेट नहीं बनाया जाएगा। पार्किंग पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी है। अब केवल ठेका किया जाना है। पुराने ठेकेदार का कुछ समय शेष है।

वाहन पार्किंग का ठेका चला रहे ठेकेदार सोनू का कहना है कि वाहन पार्किंग का जब तक गेट नहीं बन जाता तब तक काम शुरू नहीं किया जाएगा। खुले में यहां पर वाहन चोरी की घटनाओं का भय बना रहेगा। कोई भी वाहन पार्किंग के अंदर घुस आएगा। इसलिए मुख्य गेट बनाना बहुत जरूरी है।






# नवजात की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## डरकर भाग निकला जिला महिला अस्पताल का स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बाल रोग विशेषज्ञ के समझाने पर माने पीड़ित परिवार के लोग

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में प्रसव के कुछ समय बाद नवजात ने दम तोड़ दिया। इससे नाराज प्रसूता के परिजन हंगामा करने लगे। इसे देख मौके पर मौजूद स्टाफ भाग निकला। जानकारी होते ही बाल रोग विशेषज्ञ पहुंचे। उनके समझाने पर परिजन शांत हो गये।

नगर पंचायत सखानू निवासी धीरज ने अपनी पत्नी निर्मला को उसको तेज दर्द होने पर 13 जुलाई को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। वह सात महीने की गर्भवती थीं। उसी दिन रात निर्मला ने पुत्र को जन्म दिया। कम समय में प्रसव होने के कारण निर्मला को काफी परेशानी हुई लेकिन प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों ठीक थे। नवजात का वजन मात्र 11 सौ ग्राम था। कम वजन होने के कारण उसका स्वास्थ्य ज्यादा ठीक नहीं था। उसे मशीन में रखा गया तो उसकी धड़कन सामान्य रूप से चलने लगी।

बुधवार को नवजात की मौत हो गई जिसके बाद परिजन हंगामा करने लगे। इसे देख अस्पताल का स्टाफ डर गया और इधर-उधर खिसक गया। जानकारी होते ही बाल रोग विशेषज्ञ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने हंगामा कर रहे परिजनों को समझा कर शांत कराया।

**हर बार मौत पर हंगामा, फिर भी नहीं सुधरती व्यवस्था :** जिला महिला अस्पताल में नवजातों की मौत का सिलसिला जारी है। मौत के बाद कई बार आरोप लगे कि स्टाफ को मुंह मांगी रकम नहीं दी गई जिसके चलते उसने लापरवाही बरती और प्रसूता तथा नवजात की देखभाल नहीं की। मई से लेकर जून तक आठ नवजातों की मौत हो चुकी है।

नवजातों की मौत के बाद हर बार हंगामा होता है लेकिन अस्पताल प्रशासन व्यवस्था में सुधार नहीं कर पाता है।

### चिकित्सकों के नहीं बैठने से परेशान होते हैं तीमारदार

जिला महिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड में कई-कई घंटे तक बाल रोग विशेषज्ञ नहीं बैठते हैं। इससे नवजातों की देखभाल में दिक्कत होती है। रात के समय कोई चिकित्सक महिला अस्पताल में नहीं बैठता है। ड्यूटी चार्ट पर नाम दर्ज कर दिया जाता है मगर उस चिकित्सक को तलाशने पर वह नहीं मिलता है। महिला स्टाफ पूरी तरह से मनमानी करके अवैध वसूली करता है। इस तरह के तमाम आरोप लगते रहते हैं फिर भी यहां के हालात नहीं सुधर रहे हैं।

> निर्मला के पेट में सात महीने का गर्भ था। उसका नियमित चेकअप नहीं किया गया था। गर्भस्थ शिशु कमजोर था। दर्द होने के कारण प्रसव कराना पड़ा। सात या आठ महीने के शिशु का वजन कम होता है। इसलिए उन्हें बचा पाना मुश्किल हो जाता है। सात महीने का प्रसव होने से उसे परेशानी हुई और शिशु को नहीं बचाया जा सका।
> – डा. कुमार वासु, बाल रोग विशेषज्ञ

## कुंडी के पानी में डूबकर बच्चे की मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** तीन साल के बच्चे की ट्यूबवैल की कुंडी के पानी में डूबने से मौत हो गई।

फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास निवासी हरेंद्र सिंह धान की रोपाई कराने मंगलवार को अपने खेत पर गये थे। साथ में उनका तीन साल का बेटा सुमित भी चला गया था। वह सुमित को चकरोड पर बैठाकर स्वयं खेत में पौध रोपने लगे। सुमित वहीं खेलने लगा।


मृतक सुमित।

खेलते-खेलते बच्चा ट्यूबवैल के पास चला गया जिसकी कुंडी में पानी भरा था। कुंडी के पानी में वह डूब गया। काफी देर तक नहीं दिखने पर हरेंद्र सिंह उसकी तलाश करने लगे। कुछ समय के बाद उन्हें कुंडी में उतराते दिखा। उसे बाहर निकालकर सीएचसी ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# अक्षय प्रताप नगर अध्यक्ष लक्ष्य नगर मंत्री बने

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दातागंज नगर इकाई का नया गठन किया गया जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बदायूं बरेली के विभाग सहसंयोजक हरिमोहन सिंह पटेल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की ।नई कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष अक्षय प्रताप, नगर मंत्री लक्ष्य गुप्ता, एवं नगर सह मंत्री राहुल यादव अनिकेत कुमार विशाल सिंह को नगर सोशल मीडिया संयोजक, मोहम्मद शारिक नगर आंदोलन प्रमुख, राज वर्मा सह आंदोलन प्रमुख, रितुज नगर एसएफडी संयोजक, अमित नगर सह एसएफडी संयोजक, यश नगर एसएफएस संयोजक, अनिकेत नगर सह एसएफएस संयोजक, शिवा नगर खेल आयाम प्रमुख, रंजीत नगर मीडिया संयोजक, निशांत नगर कार्यकारिणी सदस्य, अरिन गुप्ता कौस्तव ,अर्पित पंडित राहुल ठाकुर आदि निर्वाचित किए गए।

इस अवसर पर विभाग से संयोजक हरिमोहन सिंह ने सभी नए कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं एवं उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है विवेकानंद के विचारों पर कार्य करने वाला संगठन है। तहसील संयोजक अतुल गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र छात्र संगठन है जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर छात्र हित राष्ट्र हित समाज हित में कार्य करता है। एवं युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस अवसर पर तहसील सह संयोजक शिवम राणा ने कहा कि जहां विद्यार्थी के साथ अन्याय होगा वहां विद्यार्थी परिषद खड़ा होग।

## एक नजर

### साइकिल सवार को वाहन ने रौंदा, गंभीर

**सहसवान, अमृत विचार :** सब्जी बेचकर साइकिल से घर लौट रहे किसान को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को जानकारी दी। नगर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी सुनील पुत्र जसपाल मंडी समिति से सब्जी बेचकर साइकिल से घर वापस जा रहा था। नगर के अकबराबाद चौराहे पर गुन्नौर की ओर से आ रहे तीव्र गति वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी। वहीं सीएचसी से प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वाहन पुलिस के कब्जे में है।

### पीड़ित ने आर्थिक मदद के लिए डीएम से लगाई गुहार

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गोविंदपुर शिवनगर निवासी धीरज कुमार पुत्र रामप्रकाश ने डीएम को एक भेजकर आर्थिक मदद के लिए गुहार लगाई है। कहा है कि उनका पक्का मकान छह जुलाई रात को आई तेज बरसात के चलते धराशायी हो गया। जिसमें उनकी बाइक समेत घर का काफी सामान का नुकसान हो गया। उनके पिता रामप्रकाश भी इस मलबे दबकर घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित धीरज कुमार ने डीएम से उक्त मामले की जांच कर आर्थिक मदद एवं मुआवजा दिलाये जाने की मांग डीएम से की है।

# दंपति के शव मिलने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 14 जुलाई की रात अपने कमरे में फंदा लगाकर दी थी जान

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव नगला तरऊ में दंपति के शव मिलने के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

उझानी क्षेत्र के गांव बरामयखेड़ा निवासी दिनेश पाल सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी रंजना की शादी 11 मई 2022 को गांव नगला तरऊ निवासी मनोज के साथ की थी। इसमें उन्होंने छह लाख रुपये खर्च किये थे। उनके दामाद अपने बड़े भाई रूपेश के साथ रहते थे। दोनों भाइयों में भूमि के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। बड़े भाई रूपेश, जेठानी एकता, तहेरा जेठ संकल दीप पुत्र शिशुपाल, जेठानी के दो भाई मिलकर रंजना को परेशान करते थे। वह उसके साथ मारपीट करते थे। 12 जुलाई को दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ था।

वह पूरी संपत्ति पर कब्जा करना चाहते थे। उन लोगों की प्रताड़ना से तंग आकर 14 जुलाई को मनोज और रंजना ने फंदा लगाकर जान दे दी। अगले दिन गांव नगला तरऊ निवासी सत्यवीर ने सूचना दी। दिनेश पाल मौके पर पहुंचे तो बेटी और दामाद के शव फंदे पर लटके थे। पुलिस ने आरोपी रूपेश, एकता, संकल दीप और दो अज्ञात पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

## निजी नलकूप की बिल माफी योजना 31 तक बढ़ी

**बदायूं, अमृत विचार :** निजी नलकूप के बिल माफी योजना को सरकार ने 31 जुलाई तक बढा दिया है। प्रदेश सरकार ने किसानों (निजी नलकूप श्रेणी के उपभोक्ताओं) के लिए मुफ्त विद्युत योजना की शुरुआत की थी। अभी तक पंजीकरण की अंतिम तारीख 15 जुलाई थी, लेकिन अब 31 जुलाई कर दिया गया है। मुख्य अभियंता द्वितीय प्रमोद कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक पंजीकरण कराए जाएं। अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने किसानों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि किसानों को योजना से लाभान्वित करने के लिए 31 जुलाई तक किसानों के निजी नलकूप योजना की तिथि बढ़ा दी गई है।

# ट्रांसफार्मर लगवाने के लिये ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददता, दवतोरी

**अमृत विचार :**15 दिन से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली नहीं आने पर लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला प्रशासन से ट्रांसफार्मर जल्द ठीक कराकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की।

बिसौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में मोहर्रम के अवसर पर कुरैशी मोहल्ले के लोग गर्मी से बेहाल रहे। बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि गांव में 15 दिन से दो ट्रांसफार्मर फुंके हैं, जिसकी शिकायत एसडीओ से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। रोज-रोज आश्वासन दिया जाता है कि आज शाम तक ट्रांसफार्मर पहुंच जाएंगे, कल सुबह तक पहुंच जाएंगे, लेकिन आज तक नहीं पहुंच सका है। आसफपुर फीडर से दवतोरी, ललुआ नगला, मुसीयानगला, मोती पुरा आदि गांव जुड़े हैं जिसके ग्रामीण बिजली संकट से परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली कर्मचारी पैसे लेकर ही काम करते हैं। क्षेत्र में बिजली नहीं आ रही है जिससे बुरा हाल है। जिला प्रशासन ट्रांसफार्मर बदलवा कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराए।


बिजली संकट को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण। ● अमृत विचार

**15 दिन बाद भी नहीं बदला ट्रांसफार्मर : बिल्सी :**अमृत विचार : अंबियापुर विकास खंड क्षेत्र के गांव बादशाहपुर में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण 15 दिनों में चार बार फुंक चुका है। इससे आधे से अधिक गांव के उपभोक्ताओं की बिजली ठप चल रही है। गर्मी में लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। दो दिन पहले विभाग ने 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने के लिए भेजा था जिसे ग्रामीणों ने नहीं लगने दिया। उनका कहना है कि जब तक अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं भेजा जाएगा तब तक उसे नहीं लगने देंगे। यहां ओवरलोड के कारण टीएफ एक-दो दिन में फुंक जाता है। जिससे गांव के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### नाराज ग्रामीणों ने बिजलीघर घेरा

**बिसौली** । नगर में चार दिन से बिजली कटौती हो रही है। परेशान लोगों ने विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा काटा। भीड़ देखकर संविदकर्मी खिसक लिये। घंटेभर हंगामा कर भीड़ लौट गई। भीड़ ने चेतावनी दी कि गुरुवार दोपहर तक आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायेगा।

हंगामा करने वालों में ठाकुर मुकेश सिंह, मोनू चौहान, रवि शर्मा, अक्षय ठाकुर, छोटू यादव, रूपेश कुमार आदि थे। उन्होंने बताया कि नगर में कई दिनों से बिजली की अघोषित कटौती जारी है। इससे लोग परेशान हैं। घर का कामकाज प्रभावित होता है। बच्चों के साथ सरकारी कर्मचारी भी लेट हो जाते हैं। व्यवस्था में सुधार के लिए कई बार अधिकारियों से कहा गया परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

# पति से झगड़े के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार :** पति से फोन पर झगड़ा होने के बाद एक महिला ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और जांच शुरू कर दी है।

उसावां क्षेत्र के गांव सेवानगला निवासी अवधेश ट्रक चालक हैं। वह दिल्ली में ट्रक चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनकी शादी 15 साल पहले आजमगढ़ के गांव दूधनारा निवासी चंदारानी पुत्री लालचंद्र से हुई थी। उनके दो बेटे अंशुल व मुंशल हैं। मंगलवार रात चंदारानी ने खाना खाकर सोने चली गईं। उन्होंने रात में अपने पति से फोन पर बात की। इसी दौरान किसी बात पर उनका झगड़ा हो गया। चंदारानी ने गुस्से में फोन काट दिया और घर पर रखा विषाख्त पदार्थ खा लिया। सुबह चार बजे वह उल्टी करने लगीं और उनकी तबीयत बिगड़ गई। पास में सो रहे दोनों बेटे जाग गये और उन्होंने परिजनों को उठाया। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गये जहां इलाज के दौरान सुबह लगभग सात बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बिसरा प्रिजर्व किया गया है।

### ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**आसफपुर, अमृत विचार :** एक युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। उसका ससुरालियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बदायूं पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाली बिसौली के गांव अडूपुरा निवासी शिव कुमार (23) पुत्र ओम प्रकाश थाना उघैती क्षेत्र के गांव चनी में अपने साले गुड्डू पुत्र उदयवीर के घर से वापस अपने गांव आए थे। बताया जा रहा है कि शिवकुमार का किसी बात को लेकर अपने ससुरालियों से विवाद हो गया था। वह बाइक लेकर आसफपुर-हरदासपुर रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे और ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।


युवक के ट्रेन से कटने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी।

## सार-संक्षेप

### ई-रिक्शा पलटा, दबकर किसान की मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। उसमें बैठे किसान की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सरैनी पापड़ी निवासी गेंदन लाल (40) पुत्र सालिग राम मंगलवार शाम साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने ई-रिक्शा पर बैठकर जा रहे थे। फैजगंज बेहटा क्षेत्र में आसफपुर मार्ग के गांव नगला के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। गेंदन लाल उसके नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी। पुलिस उन्हें आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। घायल को जिला अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।


मृतक गेंदन लाल।

### फर्जी राशन कार्ड बनवाने में वांछित गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना जरीफनगर पुलिस ने धोखाधड़ी करते हुए फर्जी राशन कार्ड बनवाने में वांछित को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव अंबियापुर निवासी चंद्रपाल पुत्र सेवाराम ने 26 अक्टूबर 2023 को पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि गांव के ओमवीर पुत्र राम स्वरूप और सुरेश ने फर्जीवाड़ा कर उनके नाम का राशन कार्ड बना लिया और उनके बेटा और बेटी का नाम भी राशन कार्ड संख्या 21494086545 पर चढ़ा दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। उपनिरीक्षक विजय कुमार गुप्ता विवेचना कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपी सुरेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि ओमवीर फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार शाम आरोपी को अंबियापुर गांव के पास धर्मशाला के पास एक मढ़ैया से गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में बदायूं-आंवला मार्ग स्थित गांव हुसैनपुर के पास किसी वाहन ने बाइक सवार गांव पटियाली निवासी बलवीर को टक्कर मार दी। हादसे में बलवीर गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक इंतजार हुसैन घटनास्थल पर पहुंचे। एंबुलेंस बुलाकर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के परिजनों को सूचित किया।

# गंगा में जलस्तर डेढ़ फीट नीचे आया



गंगा में नीचे आ रहा जलस्तर। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** गंगा का जलस्तर कम होने के साथ ही बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। पानी कम होने के साथ ही गंदगी बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में गंगा में जलस्तर डेढ़ फीट नीचे आ गया है। ग्रामीणों ने दवायें मुहैया कराने की मांग की है।

गंगा में चार दिन से लगातार पानी कम हो रहा है जिससे धार भी पतली होकर बह रही है। ग्रामीणों ने कहा है कि इस समय बाढ़ का खतरा टल गया है यदि बाढ़ ने फिर से तांडव किया तो स्थिति और विस्फोटक हो जाएगी। ग्रामीणों ने पिछले साल चंदा करके एक नाव खरीदी थी। जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। पिछले साल भी जिला प्रशासन से नाव नही मिली थी। इस साल भी अभी जिला प्रशासन ने नाव का इंतजाम नहीं किया है।

असमिया रफतपुर, अहमद नगर बछौरा, भुंडी, पथरामई, जटा, प्रेमी नगला, कमलईयापूर, रैपुरा, के अधिकांश लोगों का कहना है गंगा में डेढ फीट जल घट गया है। यदि फिर से पानी छोड़ा गया तो भारी तबाही आ जायेगी। प्रशासन को अभी से तैयारी करनी चाहिए जिससे समय पर ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। गंगा में पानी कम होने से गंदगी बढ़ रही है जिससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा पैदा हो गया है।



# हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर निकाले गये ताजिए

## जिलेभर में मनाया गया शहीदी पर्व मोहर्रम, ताजिए देखने को उमड़ी भीड़, मेले में लोगों ने की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिलेभर में इमाम-ए-आली मकाम हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों के शहीदी पर्व मोहर्रम पर यादें ताजा की गईं। मंगलवार रात ताजिये देखने के लिए भीड़ उमड़ी। कर्बला पर मेला आयोजित किया गया। बुधवार की सुबह ताजियों को कर्बला पर दफन किया गया। कर्बला पर लगे मेले में झूले, चरखे आकर्षण का केंद्र रहे। खिलौने, खाने-पीने के सामान, घरेलू वस्तुओं की दुकानों पर खासी भीड़ रही।

कई स्थानों पर ताजिये रखे गए और उन्हें रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। इन्हें देखने लोग दूर-दूर से पहुंचे। हर गली-मोहल्ले में चहल-पहल रही। इमाम हुसैन और उनके साथियों को याद कर इसाले सबाब के लिए फातिहा पढ़ी गईं। लंगरों में लोगों ने पकवान बांटे। बच्चों समेत वहां मौजूद लोगों ने बिरियानी, जर्दा, हलवा, खिचड़ा, शरबत, चाय, दूध, फल, बिस्कुट आदि बांटे। लोगों ने कहा कि हर कर्बला के पास इस्लाम जिंदा होता है। लोगों ने ताजियों की परंपरा कायम रखी।


कर्बला पर लगे मेले में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### यौमे आशूरा को निकाला जुलूस



**बदायूं।** शहर के शिया मुसलमानों की जानिब से यौमे आशूरा के दिन अलम एवं मातमी जुलूस निकाला गया। अंजुमन जुल्फिकार-ए-हैदरी ने नोहा खानी और मातम किया। कर्बला के 72 शहीदों को याद कर गुलाम अब्बास राजू ने मर्सिये के बंद पढ़ते हुए कहा कि ऐरात न दलना के उजड़ जाएगी जैनब, इस दर्दनाक मर्सिया के बंद पढ़े और लोग रोने लगे।

### नगर पालिका ने लगाया कैंप, पूर्व मंत्री ने मांगी अमन की दुआ



नगर पालिका बदायूं की ओर से कर्बला पर कैंप लगा जिसके मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा रहे। नगर पालिका ने यहां आये जायरीनों के लिए शरबत का लंगर किया। पूर्व मंत्री ने देश में अमन और शांति के लिए दुआ की और जनता से भी देश में अमन, शांति, आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। इस मौके पर सभासद अनवर खान, अबरार, मुशाहिद, भूरे पीर जी के अलावा पूर्व सभासद हबीब खान उर्फ गुड्डू, पूर्व सभासद माजिद, फरहत सिद्दीकी नगर अध्यक्ष, सोहिल सिद्दीकी, डॉ. आशू, अधिवक्ता सलमान व सीएल गौतम, वसीम सैफी, कौसर खान, अफसर खान, महेश सक्सेना, क्रांति यादव, दिनेश यादव, अनीस सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

### रंजोगम के साथ मुख्य मार्गों से निकाले ताजिए

**दातागंज ।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रंजोगम के साथ ताजियों का जुलूस इमामबाड़ा से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से निकाला गया। मोहर्रम पर लगे मेलों में लोगों ने खान पान का लुफ्त उठाया। देर रात तक कई जगह कर्बला शहादत पर मजलिस और जलसे का आयोजन किया गया। मातम कर लोगों ने हजरत इमाम हुसैन को याद किया। शाम को कर्बला में ताजिया दफन किए। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

### रात को चला मजलिसों का दौर

**सहसवान, अमृत विचार :** इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम से इस्लाम का नया साल शुरू हो गया। मोहर्रम की 10वीं यानि यौमे आशूरा पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में नगर व देहात क्षेत्रों में बड़े ही रंजोगम के माहौल में ताजिए उठाये गये। नगर भर के ताजिये सुन्नी समुदाय के कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक कर दिये गये। रात को मजलिसों का दौर चला। घरों में हजरत इमाम हुसैन के नाम की फातिहा कराई गई और मोहर्रम पर मेला लगा। हाफिजों ने मोहर्रम व कर्बला के पहलुओं पर तकरीरें दी। घरों में फातिहा व कुरानख्वानी हुई। नगर के मोहल्ला चौधरी इमामबाड़ा पर यूसुफ नियाज़ी ने विशेष सजावट कराई। उन्होंने कहा कि यादे हुसैन में देश-विदेश से लोग आते हैं। विभिन्न मुहल्लों से जुलूसों के साथ नगर के मीरा साहब वली ईदगाह पर इकट्ठा हुए। ऐसे में ताजियों के साथ भारी संख्या में लोग कर्बला पहुंचे। मातम कर लोगों ने हजरत इमाम हुसैन को याद किया। जुलूस में युवकों ने लाठी, गतका व तलवार के करतब का प्रदर्शन किया। अखाड़े में रंग-बिरंगे ताजिया आकर्षण के केंद्र बने थे या हसन या हुसैन के नारों की आवाज के साथ जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरे। मीरा साहब पर स्थित ईदगाह के मेले में भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ा। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।



### रमजानपुर और नूरपुर में पुलिस ने दिया प्यार और भाईचारा का संदेश

**कादरचौक ।** रमजानपुर और नूरपुर गांव में मोहर्रम के अवसर पर जुलूस निकाला गया। पुलिस ने सभी से प्यार-मोहब्बत से शामिल होने का आह्वान किया। लोगों से किसी भी प्रकार का उत्पात नहीं करने को कहा। इस दौरान थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह, हरिओम राजपूत, सिद्धार्थ सिंह आदि मौजूद रहे।



### ताजियों का जुलूस देखने आसपास के गांवों से पहुंचे लोग

**उसहैत।** मोहर्रम का जुलूस ए हुसैन हर बार की तरह अपने निर्धारित मार्ग से निकाला गया। इस दौरान भारी संख्या में आस पास के गांव देहात क्षेत्र से लोग ताजिया का जुलूस देखने आए। जूलूस में तरह तरह की ताजिया की झांकी निकाली गई और ढोल-नगाड़े बजाते हुए जुलूस कर्बला पर खत्म किया गया। लोगों ने कई जगह खाने का लंगर लगाया तो एक जगह बर्तन बांटे जा रहे थे। जहां लुटाई होने लगी। इस दौरान लोगों में लात घूंसे चले। एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामला शांत कराया। जुलूस के दौरान पुलिस बल साथ चलता रहा। मनोज कुमार धामा, सुनील शर्मा, ओमवीर सिंह, महेश चंद्र, पीएसी के जवानो के साथ सक्रिय रहे। चेयरमैन नवाब हसन राजू हसन, आसिम अली, अख्तर खां, अनवार खां, आजम खां, छम्मन खां हुसैनी कमेटी के परवेज अली, सलमान आदि का सहयोग रहा।



### श्रावण मास में नहीं होगी अच्छी बारिश, बता रही ज्योतिष गणना

**बदायूं।** आषाढ़ के कुछ दिनों को छोड़ दिया जाए तो पूरा माह सूखा चला गया। दो दिन बाद श्रावण मास शुरू हो रहा है। जिससे कृषि विभाग के साथ ज्योतिष गणना भी अच्छी बारिश होने का संकेत रही है। ज्योतिषाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 21 जुलाई घण्टा 11 मिनट 47 और 43 सेकंड भारतीय मानक समय अनुसार वृश्चिक लग्न में हो रहा है। लग्न स्पष्ट 22 अंश 25 कला और 43 विकला है, चंद्रमा मकर में तीसरे भाव मे, शनि कुंभ का चौथे भाव मे, राहु मीन में, मंगल गुरु वृषभ में, सूर्य शुक्र कर्क में, बुध सिंह में, और केतु कन्या में है। यह ग्रह स्थिति सावन में अच्छी बारिश का संकेत नहीं कर रही है। लग्न पर मंगल और गुरु की दृष्टि बादल वर्षा का योग बनेगा।

### चोरी की तहरीर

**बिसौली।** मलखानपुर गांव में पंडित भूपाल दास डिग्री कॉलेज का ताला तोड़कर इनवर्टर की तीन बैटरी चोरी हो गई। विद्यालय के मैनेजर ने चौकीदार प्रेमपाल के नाम चोरी की तहरीर दी है। स्कूल की मैनेजर नीलम शर्मा ने बताया कि दोपहर को जब वह स्कूल पहुंची तो ताला टूटा मिला। इनवर्टर की चार बैटरी गायब थी।

# कन्याओं को कराया भोज भंडारे में प्रसाद किया ग्रहण


यज्ञ समापन पर महाआरती करते पंडित राधेश्याम शास्त्री व अन्य।

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** गांव बंजरिया खानपुर में पांच दिवसीय अखंड यज्ञ का पूर्ण आहुति, भंडारे और गंगा की महाआरती के साथ समापन हो गया। पांचवें दिन अखंड महायज्ञ में मैहर सतना मध्य प्रदेश से आए वीरेंद्र सिंह यादव तथा अन्य यजमानों ने आहुतियां दीं।

आचार्य पंडित राधेश्याम शास्त्री के मार्गदर्शन में दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के द्वारा यजमानों ने आहुतियां दी। इसके बाद 51 गोलों से पूर्ण आहुति संपन्न हुई। भक्तों ने जय माता के साथ यज्ञ पुरुष भगवान के जय जयकारे के साथ दण्डवती परिक्रमा लगाई। दोपहर बारह बजे एक सौ आठ कन्या और ब्राह्मणों को भोजन प्रसाद खिलाकर भंडारा शुरू हुआ। आयोजक वीरेंद्र सिंह यादव, डा. प्रमोद यादव ने रोली चंदन से तिलक लगाकर दक्षिणा देकर विदा किया ।

### जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक

यहां यज्ञ स्थल पर पाथेय शिवलिंग तैयार कर एक सौ आठ जोड़ो ने शिवलिंग पाथे तैयार कर रुद्राभिषेक किया। शिव भक्तों ने शहद, दूध, दही, जल, गंगाजल, अन्न, शक्कर, फल, गन्ना रस, अन्न, भंग, धतूरा आदि विभन्न पदार्थों से अभिषेक किया, तत्पश्चात प्रभु का श्रृंगार किया। शिवलिंग की प्रतिमा को मध्य प्रदेश के जिला सतना से आये राहुल मिश्रा, राम बिहारी, ब्रजेश पाठक, हरिओम तिवारी, अभिनेष प्यासी, राजेश प्यासी, प्रकाश जी, बिष्णु त्रिपाठी, सीता राम महाराज आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें देखें पेज-9 पर...


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जाँचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार

B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# राधा-कृष्ण मंदिर में फेंके अंडे, माहौल बिगाड़ने की कोशिश

## विभिन्न संगठनों ने घटना पर जताया आक्रोश, मंदिर के बाहर धरने पर बैठे, जानकारी मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस, पहुंचे अधिकारी

कार्यालय संबाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर के इंद्रानगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर मे अराजकतत्वों ने अंडे फेंककर फोड़ दिए और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की। यहां भगवान शिव की परिवार की भी प्राण प्रतिष्ठा है। मंदिर में अंडे फेंके जाने से श्रद्धालुओं और विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों में आक्रोश पनप गया। दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। सूचना पर एएसपी और सहावर सीओ ने मौक़े पर पहुंच कर मामले में जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

मंगलवार रात अराजकतत्वों ने मंदिर परिसर में अंडे फेंक दिए। बुधवार सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो परिसर में फूटे अंडे देख उनकी भावना आहत हुईं। कुछ ही देर में खबर शहर में फैल गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता मंदिर पहुंच गए। घटना पर आक्रोश जताते हुए दोषियों की तलाश कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। जब मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो अमापुर के थाना प्रभारी चंचल सिरोही पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस के सामने भी लोगों ने आक्रोश जताया। जानकारी मिलने पर एएसपी राजेश भारती, सहावर सीओ शाहिदा नसरीन भी मौक़े पर पहुंच गईं। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुजारी रामखिलड़ी उपाध्याय एवं श्रद्धालुओं से बातचीत की। सीओ ने धरने पर बैठे लोगों को मामले की जांच करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

**चौबीस घंटे का अल्टीमेटम :** हिन्दू संगठनों ने पुलिस को 24 घंटे में मामले की जांचकर दोषियों का पता लगाने एवं उनके विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। अन्यथा की स्थिति में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी हैं।

**अमांपुर विधायक ने भी ली जानकारी :** अमापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक हरिओम वर्मा भी जानकारी मिलने पर मंदिर में पहुंच गए। यहां उन्होंने मंदिर के पुजारी एवं अन्य लोगों से पूरी जानकारी ली। उसके बाद पुलिस के अधिकारियों से वार्ता की। साथ ही कहा कि इस घटना में जो भी दोषी हो उसे पर कार्रवाई की जानी चाहिए। यह माहौल बिगड़ने की कोशिश की गई है।

**माहौल की नजाकत परख पहुंचते रहे अफसर :** अमांपुर कस्बे के इन्द्रानगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पर अंडे फेंकने की घटना को लेकर अधिकारी काफी गंभीर दिखाई दिए। उन्होंने माहौल परखा। घटना स्थल पर पहुंचे एडीएम राकेश पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार, एसडीएम सहावर कोमल पवार, सीओ सदर अजीत चौहान, सहावर तहसीलदार संदीप चौधरी, सहावर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवेश राणा सहित पीएसी फोर्स मौके पर मौजूद रहा।

> मंदिर में फूटे अंडे मिलने की घटना सामने आई है। मामले में जानकारी मिलने पर मौके का निरीक्षण किया है। जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। **- शाहिद नसरीन**, सीओ सहावर

## अमन के अमांपुर में अराजकता की आग लगाने की कोशिश


आक्रोशित लोगों को समझातीं सीओ सहावर शाहिदा नसरीन। ● अमृत विचार

- **सुबह से ही आक्रोशित लोगों ने कार्रवाई की मांग उठाई**
- **पहले भी कई बार हो चुकी हैं मंदिर में ऐसी अराजक हरकतें**

> मूर्ति तोड़ने का मामला नहीं है। अंडे फोड़कर हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला है। एफआईआर दर्ज करने के आदेश दे दिए गए हैं। पीड़ित पुजारी ने घटना का जिक्र करते हुए तहरीर दे दी है। कार्रवाई की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसको छोड़ा नहीं जाएगा। **- राजेश भारती**, एएसपी

> हां यह बात सही है कि पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं। उस समय कुछ लोगों पर कार्रवाई की गई और दबाव भी बनाया गया। कस्बे की शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश अराजक तत्वों ने की है, जिसने भी यह कोशिश की होगी। पुलिस उसके साथ सख्त कार्रवाई करे। पंचायत की ओर से भी हर संभव मदद की जाएगी। **- कमांडो चांद अली**, चेयरमैन अमांपुर


आक्रोशित लोगों को समझाते एएसपी राजेश भारती, एसडीएम सहावर कोमल पवार।


पुलिस अधिकारियों से बहस करते संगठनों के नेता। ● अमृत विचार

> पहले भी इस तरह की घटनाएं होती रही हैं, लेकिन पुलिस लीपापोती करती रही है। अभी भी पुलिस इस मामले में लापरवाही कर रही है। यदि पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई तो हिंदू सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। **-श्याम सुंदर**, एडवोकेट

> राधा कृष्ण मंदिर जहां भगवान शिव के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा भी है। यहां अराजक तत्वों ने हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने की कोशिश की है। पुलिस मनमानी कर रही है। सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। **- राकेश पाराशर**, नगर संघ चालक आरएसएस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में अंडे फेंककर हिंदुओं की आस्था को पहुंचाई ठेस, शरारती तत्वों पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश**

**अमृत विचार:** यह शहर है अमन का, यहां पर सब शांति शांति है...... गीत की बोल अमन के अमांपुर में विपरीत दिशा में सुनाई दिए हैं। जिस कस्बे को अमांपुर कहा जाता है, लगभग दो दशक पहले इसे अमनपुर कहा जाता था, क्योंकि यहां अमन चैन का वातावरण था और लोग शांति एवं सौहार्द चाहते थे। धीमे-धीमे अमनपुर अमांपुर में बदल गया। अब कई बार यहां शांति और सौहार्द बिगड़ता नजर आया है।

मंगलवार की रात को भी ऐसा ही हुआ है। जब हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है तो उन्होंने आक्रोश जताया है और कार्रवाई की मांग पर अड़ गए हैं। आक्रोश जता रहे लोगों का आरोप है कि पहले भी इस मंदिर में अंडे फेंके जा चुके हैं। राधा कृष्ण मंदिर में भगवान शिव के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा भी है। यहां अंडे फेंक कर मुस्लिम समाज के लोगों ने हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है। लोगों का आरोप है कि तीन बार पहले अंडे फेंक कर आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला हो चुका है। हालांकि, इस आरोप को लेकर अधिकारियों और नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुष्टि की है, लेकिन पहले कभी थाने में एफआईआर नहीं हुई सिर्फ मौखिक शिकायत के बाद समझा बुझाकर मामला शांत कर दिया गया। अब अधिकारियों ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोप है कि मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस के दौरान आयोजन मंडल के इशारे पर अराजकता फैलाने की कोशिश की है और हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है।


मौके पर पहुंचे विधायक हरिओम वर्मा, एवं नगर संघचालक राकेश पाराशर।

# दो बाइकों की भिड़ंत में दंपती समेत छह घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- **जिला अस्पताल से गंभीर हालत में पति पत्नी को किया रेफर**
- **विश्व हिंदू परिषद की बैठक से वापस लौट रहे बाइक सवार**

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के सहावर रोड पर दो बाइकों की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में पति पत्नी सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पांचों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पति पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए अलीगढ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

हादसा बुधवार की दोपहर नगला चीटा गांव के समीप हुआ। सहावर थाना क्षेत्र के गांव पिथनपुर निवासी 18 वर्षीय विपिन, 17 वर्षीय हृदेश और 18 वर्षीय अंकित कुमार विश्व हिंदू परिषद की बैठक में सहभागिता कर लौट रहे थे। इसी बीच उनकी बाइक से फरौली गांव निवासी रामकृपाल की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। बाइक पर रामकृपाल की पत्नी रीना देवी और उनका बेटा भी बैठा था। हादसे में छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को जिलाअस्पताल पहुंचाया। जहां घायल दंपती को बेहतर उपचार के लिए अलीगढ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

# बंद घरों के ताले तोड़कर नगदी व लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **दिल्ली में शादी समारोह में शामिल होने गए थे परिजन**
- **पुलिस ने किया मौके का निरीक्षण, अज्ञात के विरुद्ध लिखाई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर के सुभाष नगर में बंद घरों के ताले तोड़कर चोरों ने नगदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने मौका मुआयना कर स्थिति देखी। गृहस्वामी ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

कस्बे के सुभाष नगर निवासी धर्मेश साहू उर्फ अंकित साहू पुत्र जगदीश साहू और उनके चाचा शिवशंकर साहू पुत्र ओमप्रकाश साहू सोमवार की सुबह 10 बजे शादी में शामिल होने दिल्ली गए थे। सोमवार रात को चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों की नगदी और लाखों की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित व्यापारी धर्मेश साहू ने बताया कि 15 जुलाई को उनकी बहन की शादी थी।


चोरी की सूचना पर मौके का निरीक्षण करते कस्बा इंचार्ज प्रेमपाल सिंह।

सुबह 10 बजे वह परिवार समेत दिल्ली गए थे। सोमवार की रात में चोर छत का लोहे का जाल तोड़कर घर में अंदर घुस गए। मंगलवार को लौटने पर व्यापारी को चोरी की जानकारी हुई। कमरे में अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस को सूचना दी गई। चोर घर से करीब 7, 50 लाख रुपये की नगदी, 2 सोने की जंजीर, 4 सोने की अंगूठी, 2 सोने के हार, 4 सोने की चूडी समेत 250 ग्राम सोने के आभूषण निकाल ले गए हैं। वहीं शिवशंकर पुत्र ओमप्रकाश साहू के घर से चोरों ने 1 लाख 75 हजार रुपये नगद और 1 किलो चांदी के जेवर, सोने की 2 जंजीर, 4 अंगूठी, दो हार, झाले, टीका, चूड़ी ले गए।

> मुहल्ला सुभाष नगर में दो घरों में चोरी की घटनाएं हुई हैं। मौके का निरीक्षण किया गया है। मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। **- चंचल सिरोही**, थानाध्यक्ष अमांपुर

# एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **कहा- स्वत: हटा लें अतिक्रमण, जहां तहां खड़े न करें वाहन, अधीनस्थों को दिए चेकिंग के निर्देश**

**अमृत विचार :** कांवड़ मेले को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। मंगलवार देर शाम एसपी ने शहर के मुख्य बाजारों एवं कांवड़ यात्रा मार्ग का पैदल भ्रमण किया। मार्गों पर फैले अतिक्रमण को स्वतः हटाने एवं जहां तहां वाहन खड़े न करने की चेतावनी दी। वाहनों की नियमित रूप से चेकिंग कराने के सदर कोतवाली एवं यातायात पुलिस को निर्देश दिए।


शहर में पुलिस बल के साथ भ्रमण करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

श्रावण मास के कांवड़ मेला का शुभारंभ 22 जुलाई से हो रहा है। कांवड़ियों की सुविधा एवं उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने भी तैयारियां कर ली हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सोरों गेट पुलिस चौकी से पुलिस बल के साथ सोरों गेट, गांधी मूर्ति, नदरई गेट, एटा-कासगंज मार्ग एवं सरकुलर रोड पर पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान एसपी ने फुटपाथों पर फैले अतिक्रमण को हटाने, तथा जहां तहां वाहन न खड़े करने की चेतावनी दी है। एसपी ने कहा कि यदि कांवड़ यात्रा के दौरान अतिक्रमण या जहां तहां वाहनों की अव्यस्था से कांवड़ियों को दिक्कत होगी तो अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जहां तहां खड़े वाहन सीज किए जाएंगे। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों, ट्रिपलराइडर्स को चेतावनी देकर छोड़ा। एएसपी राजेश भारती, सीओ अजीत चौहान, इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी, इंस्पेक्टर क्राइम मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## उधार के पैसे मांगने पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कासगंज।** गंजडुंडवारा में उधार के पांच हजार रुपये वापस मांगने पर अर्जुन व उसके साथी वीरेंद्र, डिप्टी ठाकुर ने साजिद के साथ मारपीट की है। तथा उसकी जेब में रखे 18500 रुपये भी निकाल लिए हैं। घटना के संबंध में गोपाल गुप्ता निवासी मुहल्ला धनपाल ने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। बताया जाता है कि साजिद गोपाल के यहां नौकरी करता था और उसके ही रुपये का तकादा करने गया था।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कासगंज।** कासगंज-अतरौली मार्ग पर कस्बा बिलराम के निकट तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे जिला अलीगढ़ के कस्बा गंगीरी निवासी 27 वर्षीय राहुल पुत्र जोध सिंह घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में कोई विधिक कार्यवाही नहीं हुई है।

## घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कासगंज।** शहर के शांतापुरी कॉलोनी निवासी योगेश कुमार उपाध्याय ने मुहल्ले के ओमवीर यादव पर घर में घुसकर गंदी गालियां देने और पत्नी वेदवती उपाध्याय के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

# कृष्ण-रुक्मणी विवाह का सुनाया प्रसंग

संवाददाता, सोरों जी

- **तीर्थ नगरी के लहरा में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का छठवां दिन**

**अमृत विचार :** तीर्थ नगरी के मुहल्ला लहरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के छठे दिन कथा वाचक ने कृष्ण रुकमणी विवाह का वृतांत सुनाया। विवाह का वृतांत सुन श्रोता भाव-भिवोर हुए। भगवान श्रीकृष्ण की जय-जयकार से वातावरण गुंजायमान हुआ। कथा के विश्राम पर भगवान की आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया।



कथा वाचन करते कथावाचक चेतराम शर्मा।

कथा वाचक चेतराम शर्मा ने कहा कि रुक्मणि भगवान की माया के समान थीं, रुक्मणि ने मन ही मन यह निश्चित कर लिया था कि भगवान श्री कृष्ण ही मेरे लिए योग्य पति हैं, लेकिन रुक्मिणी का भाई रूकमी श्रीकृष्ण से द्वेष रखता था। उसने उस विवाह को रोक कर, शिशुपाल को रुक्मिणी का पति बनाने का निश्चय किया। इससे रुक्मिणी को दुःख हुआ। उन्होंने अपने एक विश्वासपात्र को भगवान श्री कृष्ण के पास भेजा। साथ ही अपने आने का प्रयोजन बताया। इसके बाद श्री कृष्ण जी विदर्भ जा पहुंचे। उधर रुक्मणी का शिशुपाल के साथ विवाह की तैयारी हो रही थी। परंतु उनकी प्रार्थना का असर हुआ और श्री कृष्ण का विवाह रुक्मणी के साथ हुआ। कथा सुनने आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण व रुक्मणी की झांकी के दर्शन किए। संगत द्वारा धार्मिक भजन गाए गए। जिन पर श्रद्धालु जमकर थिरके। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी जय-जयकार की। कथा के विश्राम पर आरती उताकार प्रसाद वितरण किया गया।

KCMT GROUP OF INSTITUTIONS
KCMT CAMPUS 2
AT PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING
COURSES AFFILIATED TO AKTU, PCI & BTE | APPROVED BY AICTE
अपना उज्जवल भविष्य बनाएं हमारे साथ
JOIN
B.Tech (ME & CS | (College Code : 653 & Lateral Entry in B.Tech)
POLYTECHNIC (CIVIL & ME)
D. PHARMA (College Code : 2554 & D.Jeecup Enternce Mandatory)
B.Ed
ADMISSION OPEN
2024-2025
LOWEST FEES STRUCTURE

Call on : 8081332211
Campus - Address - 16th km. Faridpur Road, Bareilly

# मातमी धुनों पर निकाले ताजियों के जुलूस, सबील लगाकर बांटा शर्बत

## मुस्लिम समाज के लोगों ने हसन-हुसैन की शहादत को किया याद, युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, देर रात तक चला ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक करने का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात तक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बुधवार को मुहर्रम मनाते हुए ताजियों का जुलूस निकाला। हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए दुख का इजहार किया। युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। शहर और कस्बों में जगह जगह लंगर लगाए गए। शर्बत और पानी की सबीलें लगाई गईं।

शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में मंगलवार को रखे गए ताजिए बुधवार को उठाए गए। ताजियों का जुलूस निकाला गया। मुहल्ला नवाब, बड्डू नगर, गली गद्दियान गंदा नाला, गली मनौटा, तहसील रोड, चकइ्या, छप्पर वाली मस्जिद वाली गली, मुहल्ला हुल्का, अहरौली, नगला सैयद और खेड़िया गली सहित अन्य स्थानों पर ताजिए रखे गए। जुलूस के साथ ताजियों को कर्बला ले जाया गया। देर रात 12 बजे के बाद इन ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। ताजिएदारों ने हसन-हुसैन की शहादत को लेकर उनकी याद में मर्शिए पढ़े। लोगों ने चावल, बिस्किट, गरी आदि के लंगर लुटाए। कस्बा पटियाली में मोहर्रम की 10 तारीख की दोपहर मोहर्रम का जुलूस गमगीन माहौल और मातमी धुनों के साथ कस्बा में निकाला गया। लोगों ने जगह-जगह शर्बत, हलवा के स्टाल लगाए। कस्बा भरगैन में 10 तारीख को यौमे आशूरा के दिन तीन ताजियों का परंपरागत तरीके से भ्रमण कराया गया। पूर्व एएमयू छात्र रिहान खान ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 जांनिसारों ने दीन-ए-इस्लाम को बचाने के लिए करबला में शहादत दी। नबी-ए-पाक हुजूर सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के नवासे हज़रत इमाम हुसैन की शहादत एक महान शहादत है। यह शहादत आज से 1383 वर्ष पहले दी गई थी। लेकिन आज भी यह शहादत असत्य पर सत्य की विजय पाने का संदेश देती है और कयामत तक यह संदेश जारी रहेगा। इसके अलावा सोरों, अमांपुर, गंजडुंडवारा के कादरगंज में भी मुहर्रम मनाया गया। ताजियों का जुलूस निकालकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन को याद किया।

**ड्रोन कैमरे से जुलूस की कराई गई निगरानी :** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने पहले से ही खाका तैयार कर लिया था। एक दिन पूर्व ही पुलिस की ड्यूटियां लगा दी गई थीं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सभी थानों पर शांति समिति की बैठक कर लोगों से सौहार्द पूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील की थी। सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए थे कि जुलूसों की ड्रोन कैमरों से निगरानी कराई जाए। कासगंज, पटियाली, भरगैन में अमन के जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई गई।


शहर के मुहल्ला बड्डू नगर में मुहर्रम पर निकाला गया ताजियों का जुलूस।


कस्बा भरगैन में निकाले ताजिये।


शहर में ताजियों के जुलूस के दौरान शर्बत बांटते लोग। ● अमृत विचार

### सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रही पुलिस

मुहर्रम को लेकर जिले में भर में चौकसी रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कड़े बंदोबस्त किए। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भी पुलिस की ड्यूटियां लगाई गई थी। मुहर्रम जुलूस मार्ग पर पुलिस की मोबाइल गाड़ियां भी पेट्रोलिंग करती रहीं। शहर में सुरक्षा व्यवस्था की कमान इंस्पेक्टर लोकेश भाटी, सोरों में इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी, पटियाली में इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा, अमांपुर में थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने संभाली। एसपी अपर्णा रजत कौशिक एवं एएसपी राजेश भारती ने जिले भर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। वहीं संबंधित सर्किल के सीओ और एसडीएम भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे रहे। ताकि कहीं भी कोई अव्यवस्था पैदा न होने पाये।


शहर में ताजियों के जुलूस के दौरान सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस बल।


कस्बा अमांपुर में मुहर्रम पर निकाले गए ताजिए। ● अमृत विचार


गंजडुंडवारा में मातमी धुनों पर मातम करते युवा। ● अमृत विचार

## आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

| 34° अधिकतम तापमान | 28° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05.31 | सूर्यास्त 07.15 |

## जिले में आज

- शहर के हुल्का माता रानी मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा माता का जलाभिषेक एवं पूजा सुबह 7 बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक शिक्षा प्रकोष्ठ के कार्यालय अशोक नगर पर सुबह 10 बजे से।
- कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन एवं डीएम को ज्ञापन सुबह 11 बजे
- राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य द्वारा योजना की समीक्षा बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस कासगंज में शाम पांच बजे से।

### सहावर में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कासगंज।** कस्बा सहावर के मुहल्ला मोरी निवासी बाबू पुत्र स्वर्गीय रवि प्रकाश के घर के बाहर खड़ी प्लेटीना बजाज की बाइक यूपी82ऐजे-2784 अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। मामले में बाइक स्वामी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना सहावर में पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि तहरीर पर के विरुद्ध बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जुलूस के दौरान नहीं हुई तलवार व लठ बाजी

- कोतवाल ने मुस्लिम समाज के लोगों को दिए दिशा निर्देश
- शांति पूर्ण तरीके से निकाले ताजिए, पुलिस का रहा कड़ा पहरा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** इस बार ताजियों के जुलूस के दौरान तलवार और लाठ बाजी पर प्रतिबंध रहा। ताजिया निकलने से पूर्व सदर कोतवाल लोकेश भाटी ने मुस्लिम समाज के लोगों को शांति पूर्ण तरीके से ताजिया जुलूस निकालने के दिशा निर्देश दिए थे।

मुहर्रम के अवसर पर नगर में ताजिया जुलूस निकाला गया। इसको लेकर पुलिस पूरी तरह से सजग रही। कोतवाली प्रभारी लोके भाटी ने जुलूस शुरू होने से पूर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिशा निर्देश दिए। कहा कि ताजियों का रूट निर्धारित कर दिया गया है। उन्हीं रूटों से ताजिया जाएंगे। इस बार जुलूस में न तलवार बाजी होगी और न ही लठ बाजी। हैरत अंगेज करतब दिखाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम चाक चौबंद किए हैं। झूलते बिजली तार ऊंची इमारतों से ताजियों को निकालते वक्त विशेष ध्यान रखें। पुलिस और पीएसी के जवानों को जगह जगह तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हो सके। अगर कोई अशांति हुई तो इसके लिए खुद जिम्मेदार होंगे।


मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिशा निर्देश देते सदर कोतवाल लोकेश भाटी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मनोज मंजुल को बदायूं में मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

**कासगंज।** श्री डीडू माहेश्वरी युवक मंडल रजिस्टर्ड द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान श्री रामस्वरूप बिरला चमेली देवी कन्या जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाचार्य मनोज मंजुल को बदायूं में जनदृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन के तत्वावधान में संतपाल सिंह राठौड़ स्मृति राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। शिक्षक एवं ओज कवि मनोज मंजुल ने राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त करके समूचे जिले का नाम रोशन किया है। नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी एवं जिला सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री दीपक गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षक मनोज मंजुल को हार्दिक बधाई दी। श्री डीडू माहेश्वरी युवक मंडल रजिस्टर्ड कासगंज के अध्यक्ष अरविंद कुमार कावरा मंत्री सुनील कांत दरक प्रबंधक राजीव कुमार कावरा एवं समस्त अधिकारियों ने प्रधानाचार्य मनोज मंजुल को असीम शुभकामनाएं प्रदान की हैं। ओम प्रकाश, अमन माहेश्वरी, प्रीती माहेश्वरी, राधा माहेश्वरी, वर्षा रानी, रंजना डांगरा, छाया माहेश्वरी, मोहिनी कावरा, शिप्रा भारद्वाज, अर्पित अग्रवाल, मुकेश बाबू शर्मा,अनुज माहेश्वरी, यादराम बघेल, अतुल माहेश्वरी, मानसी शर्मा आदि ने भी बहुत-बहुत बधाई दी है।



### दो युवा रचनाकारों को साहित्य सेवा के लिए मिला सम्मान

**सोरों जी।** तीर्थ नगरी के दो युवा रचनाकारों को साहित्य सेवा के लिए सम्मान मिला है। लखनऊ में आयोजित हुए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है। सम्मान मिलने के बाद उनके परचितों शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। नवांकुर साहित्य सभा के संस्थापक शिव आशीष दौनेरिया को श्री सुर संगम काव्य गंग धारा द्वारा लखनऊ में आयोजित कवि सम्मेलन में उत्कृष्ट काव्य पाठ करने पर संस्था अध्यक्ष श्रीश्री मिश्रा ने स्वागत किया है। उन्हें स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट किया गया है। इस अवसर पर अन्य प्रदेशों से पधारे कवि/साहित्यकार व हजारों श्रोता मौजूद रहे। सम्मान मिलने पर सोरों में डॉ.राजीव बरबारिया, राजेश शर्मा, मनोज शर्मा, हरे कृष्ण उपाध्याय आदि ने हर्ष व्यक्त खुशी का इजहार किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### देवशयनी एकादशी पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई पंचकोसी परिक्रमा

**कासगंज, अमृत विचार :** देवशयनी एकादशी पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शूकरक्षेत्र की पंचकोसी परिक्रमा लगाई। सुबह हरि की पौड़ी में गंगा स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान वराह का पूजन-अर्चना कर शूकरक्षेत्र की पंचकोसी परिक्रमा शुरू की। पंचकोसी परिक्रमा समाज सेवा समिति ने श्रद्धालुओं को जलपान और फलाहार कराया। इस दौरान परिक्रमा मार्ग जय वराह भगवान और हर हर गंगे के जयकारों से गूंजने लगा। पंचकोसी परिक्रमा समाज सेवा समिति के संयोजक शरद कुमार पांडे ने बताया कि देवशयनी एकादशी के अवसर पर हर की पौड़ी की परिक्रमा लगाने का विशेष महत्व है। पापों से मुक्ति और मन को शांति मिलती है। इसी को लेकर हजारों श्रद्धालु बुधवार की सुबह गंगा स्नान कर भगवान वराह के मंदिर पर पहुंचे। जहां पूजन अर्चन के बाद परिक्रमा शुरू की गई। सूर्यकुंड, दूधेश्वर, बटुक भैरव मंदिर, जयदेवी पीठ होते हुए ग्राम देवी मंदिर, गोस्वामी तुलसीदास जन्म स्थान मंदिर होते हुए 84 घंटे वाली मां मंदिर पर यात्रा का पहला पड़ाव हुआ। उसके बाद सैडू नगला होते हुए बाछरू महाराज, सीता जी की रसोई, प्रेमजी की बगीची होते हुए सिंगल वाले महाराज पर यात्रा का दूसरा पड़ाव रहा। जहां धर्मप्रेमियों ने श्रद्धालुओं को जलपान एवं फलाहार की व्यवस्था कराई। उसके बाद करुआ देव, वन खंडेश्वर महादेव, कपिल मुनि आश्रम, भागीरथ गुफा, चैतन्य महाप्रभु की बैठक, काला गोरा भैरव बाबा मंदिर होते हुए भगवान वराह मंदिर पर परिक्रमा पूर्ण हुई। पंचकोसीय परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु श्रद्धा भाव से हर हर गंगे जय भगवान वराह के जयकारे के साथ हरि नाम का कीर्तन करते झूमते हुए नजर आ रहे थे। सोरों कोतवाली प्रभारी भोजराज अवस्थी ने पंचकोसी परिक्रमा लगाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया। शिवानंद उपाध्यक्ष, विनोद दीक्षित, शशांक दीक्षित, श्याम किशोर वर्मा, अजय पाल सिंह, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।



सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

प्रवेश प्रारंभ



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वद्यिालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

## एक नजर

### पीसीएफ के लिए खरीदे गेहूं का गबन, केस दर्ज

**एटा, अमृत विचार :** पीसीएफ के एक क्रय केन्द्र में गेहूं की खरीद में गबन का मामला पकड़ा गया है। इस मामले की रिपोर्ट जिला प्रबंधन द्वारा एक व्यक्ति के खिलाफ पंजीकृत कराई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सकरौली थाने में जयप्रकाश वर्मा जिला प्रबंधक पीसीएफ ने दिनेश पुत्र चोखेलाल निवासी शाहनगर टिमरुआ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जयप्रकाश वर्मा ने बताया कि एक ही क्रय केन्द्र पर पीसीएफ के लिए किसानों से खरीदे गए गेहूं में 415.52 क्विंटल गेहूं का गबन कर लिया गया। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### किसान पर फावड़ा से जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचार :** निधौली कलां थाने में उपेन्द्र निवासी रामनगर ने जगदीश पुत्र शंकर सिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया है कि 16 जुलाई को जगदीश अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के खेत पर पहुंच गया। वहां पर मौजूद पिता सुरेशचन्द्र के साथ गाली गलौज की, विरोध करने पर आरोपित सुखवीर सिंह द्वारा पिता पर फावड़े से हत्या करने के इरादे से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गए। उन्हेंने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# पटियाली के बहादुरपुर आश्रम पहुंचे भोले बाबा

## आश्रम पहुंचते ही अनुयायियों की लगी भीड़, लगभग एक वर्ष के लंबे अंतराल के बाद जन्म भूमि आए बाबा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** विश्व साकार हरि भोले बाबा बुधवार को लगभग एक वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद एवं सिकंद्राराऊ में हुए हादसे के बाद अपनी जन्म भूमि पटियाली के बहादुरपुर स्थित आश्रम पर पहुंचे। बाबा के साथ उनके अधिवक्ता मौजूद रहे। आश्रम पर अनुयायियों की भीड़ रही। अधिवक्ता के मुताबिक बाबा चिकित्सक की परामर्श पर स्वास्थ्य लाभ के लिए रहेंगे।

वैसे तो भोले बाबा की जन्म भूमि और कर्मस्थली कासगंज जनपद की पटियाली तहसील रही है। बहादुरपुर में उनका आश्रम है। सिताड़ा बुलंदी पर पहुंचने के साथ ही बाबा भोले जन्म भूमि से विमुक्त हो गए। लगभग 13 वर्ष पूर्व बाबा पटियाली के बहादुरपुर आश्रम पर प्रवास करते थे। उसके बाद उन्होंने जगह जगह अपने आश्रम बना लिए। 14 वर्षों में 2023 में मात्र एक दिन के लिए बाबा आश्रम आए थे। उसके बाद अब हाथरस के सिकंद्राराऊ में सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से हुए हादसे के 15 दिन बाद अपनी जन्म भूमि स्थित बहादुरपुर के आश्रम पर पहुंचे। बाबा के साथ उनके अधिवक्ता मौजूद रहे।


बहादुरपुर आश्रम के बाहर लगी अनुयायियों की भीड़। ● अमृत विचार

बाबा के पहुंचने की सूचना अनुयायियों तक नहीं थी। उसके बावजूद भी सैकड़ों की संख्या में अनुयायी आश्रम पर जुट गए। उन्होंने बाबा में अपनी आस्था और विश्वास जताया और उनका आशीर्वाद लिया। बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह ने बताया कि नारायण साकार हरि को चिकित्सकों ने आराम करने की सलाह दी है। वह चिकित्सकों की राय पर स्वास्थ्य लाभ लेने के उद्देश्य से आए हुए हैं। वह यहां कब तक रुकेंगे इसके बारे में अभी कुछ नहीं बताया जा सकता। अधिवक्ता एपी सिंह ने बाबा की ओर से अनुयायियों से अपील की है कि वे आश्रम पर बाबा से मिलने न आएं। सिकंद्राराऊ में हुए हादसे में घायलों और मृतक आश्रितों की तनमन धन से मदद करें। बाबा ने जिला समितियों से भी अपील की है। जिलों के ऐसे लोग जो हादसे से प्रभावित हुए हैं। उनकी हरसंभव मदद करें।


आश्रम के बाहर हाथ जोड़कर खड़ी महिलाएं।

### जो आया है उसे एक दिन जाना ही है: भोले बाबा



**कासगंज:** हाथरस सत्संग में हुई भगदड़ में 121 जान जाने के बाद अब साकार विश्व हरि भोले बाबा का एक और वीडियो सामने आया है। वह कासगंज के पटियाली के गांव बहादुर नगर में आश्रम पर पहुंचे। यहां उन्होंने एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में वे कह रहे हैं कि नारायण साकार हरि की संपूर्ण ब्रह्मांड में सदा सदा के लिए जय जयकार हो। दो जुलाई की घटना के बाद से बहुत ही अवसाद से ग्रसित है, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है, जो आया है उसे एक दिन जाना ही है। भले कोई आगे पीछे हो।

## सार-संक्षेप

### तालाब में डूबकर मंदबुद्धि युवक की मौत



**जैथरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बाजिदपुर में तालाब में डूबकर एक मंदबुद्धि युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव बाजिदपुर निवासी आशीष कुमार पुत्र राजकुमार गांव से कुछ दूर तालाब पर गया था। वह मंदबुद्धि था। पैर फिसलने से तालाब में गिर गया। मौके पर कोई व्यक्ति न होने के कारण उसकी मौत हो गई। शव तालाब से बरामद किया गया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### फिरोजाबाद के युवक का था अवागढ़ में मिला शव

**अवागढ़, अमृत विचार :** दो दिन पहले अवागढ़ क्षेत्र से बरामद शव की शिनाख्त कर ली गई। युवक जनपद फिरोजाबाद थाना रजावली के गांव नगला भगवंत का निवासी था। बुधवार को मृतक युवक के परिजन एटा अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की। शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि 14 जुलाई को एहवरन सिंह (25) पुत्र लाल सिंह जाटव आतिशबाजी का काम करता है। अवागढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बरई कल्याणपुर में आतिशबाजी चलाने आया था। उसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पुलिस युवक की मौत का कारण तलाश कर रही है।

### युवती से छेड़खानी करने पर बीच बाजार युवक को धुना

**एटा, अमृत विचार :** बुधवार को युवती से छेड़छाड़ करने पर लोगों ने बीच बाजार एक युवक को धुन दिया। ऑटो में बैठते समय आरोपी ने युवती से अभद्रता की। छेड़छाड़ करने पर लोग एकत्र हो गए। आरोपी नशे में धुत था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उसे लोगों के चंगुल से बचाया। पुलिस ने थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। घटना कोतवाली गर क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड की है। बताया गया कि आरोपी युवक मारहरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

### अपहरण मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**एटा, अमृत विचार :** एक अपहरण मामले में फरार चल रहे आरोपित को कोतवली देहात थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है। कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक निर्दोष सेंगर ने बताया कि एसएसपी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अपहरण मामले में फरार चल रहे आरोपित अज मौर्या पुत्र नरेश मौर्या निवासी डप्टा श्यामनगर थाना भंमोरा (बरेली) को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई श्रवण कुमार, विसही इंदल सिंह, रियाज खान, सम सिंह, विष्णु शर्मा, उमंग चौधरी, अमित, जितेन्द्र शामिल रहे।

### विवाहिता से ससुर ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**जलेसर, अमृत विचार :** कोतवाली में एक व्यक्ति ने बेटी के चार ससुरालीजनों के खिलाफ न्यायालय के आदेश से मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि बेटी की शादी हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी युवक के साथ की थी। विवाहोपरांत दिए गए दानदहेज से वर पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। अतिरिक्त दहेज में की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की खातिर बेटी का शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्पीड़न ही नहीं किया गया, बल्कि ससुर द्वार अश्लील हरकतें कीं, छेड़खानी की गई, कपड़े फाड़ने से भी मन नहीं भरा तो एक दिन दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तब अदालत के आदेश से ससुर समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

### छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट

**मिरहची अमृत विचार :** थाने में एक व्यक्ति ने अंकित पुत्र सुरेश निवासी आलमपुर मिरहची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि 15 जुलाई को 18 वर्षीय बेटी गांव में मौजूद थी। आरोपित बेटी के पास पहुंच गया। नामजद व्यक्ति द्वारा बेटी के साथ छेड़खानी की, विरोध करने पर मारपीट कर दी गई। अन्य लोगों के आने पर आरोपित भाग गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर एसआई चमन सिंह को जांच सौंपी गई है।

### नये बिजली विधेयक का विरोध, वापस लेने की मांग

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश किसान सभा एटा कासगंज की जिला कमेटी की बैठक कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में नये बिजली विधेयक का विरोध किया गया और इसे उपभोक्ता विरोधी बताया। साथ ही सरकार से विधेयक को वापस करने की मांग की। जिला कमेटी की बैठक कार्यालय पर राजाराम यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष भारत सिंह ने कहा कि बिजली विधेयक 2022 जन विरोधी है। इस कानून के तहत स्मार्ट मीटर लगेंगे, जो रात का बिल महंगा निकालेंगे। जिससे उपभोक्ताओं को अलग अलग मौसम में अलग-अलग रेट की बिजली मिलेगी। बिजली उपभोक्ताओं को पूर्व में ही रीचार्ज कराना होगा। रीचार्ज खत्म होने पर बिजली स्वत : कट जाएगी।अब बिजली बाजार दर पर मिलेगी। किसान को लगभग एक माह में पचास हजार रुपए की ट्यूबवेल पर बिजली खर्च करनी पड़ेगी। उन्होंने यह नया बिजली विधेयक जन विरोधी बताकर वापस लिए जाने की मांग सरकार से की है। बैठक में सालिकराम, वीरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, गोवर्धन सिंह, श्रीपाल सिंह, भूप सिंह, ओमप्रकाश, कुमारपाल आदि साथी उपस्थित रहे।




# मुख्यमंत्री से मिले विधायक विकास कार्यों पर की चर्चा


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते विधायक हरिओम वर्मा व देवेंद्र राजपूत।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र अमांपुर एवं सदर क्षेत्र के विधायक ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास की कार्ययोजना पर चर्चा की। विकास के लिए धन उपलब्ध कराए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने विधायकों को मांग के प्रति आश्वस्त किया है। अमांपुर क्षेत्र के विधायक हरिओम वर्मा एवं सदर विधायक देवेन्द्र राजपूत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अमांपुर विधानसभा क्षेत्र की बिजली-पानी, सड़क, रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की बड़ी सौगात देने का वादा किया। विधायक हरिओम वर्मा ने बताया कि अपनी विधानसभा के अमांपुर से एटा को जोड़ने वाले मार्ग का अवशेष भाग, अमांपुर से नगला गुलरिया पांच किलोमीटर और बरेली मथुरा मार्ग को जोड़ने वाला मार्ग का अवशेष भाग, अमांपुर सहावर मार्ग से चांडी चौराहा चार किलोमीटर का चौड़ीकरण से वंचित रह गया है। यह मार्ग बहुत ही जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील हो गया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व अमांपुर से नगला गुलरिया के मार्ग को स्वीकृति की प्रत्याशा में टेंडर हो चुका है। इसका जल्द निर्माण होगा।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की दो छात्राएं मिलीं बेहोश

**कासगंज।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की दो छात्राएं खाना खाने के बाद गायब हो गईं। विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं के गायब होने की सूचना अभिभावकों को दी। पुलिस ने अभिभावकों की सूचना पर दोनों छात्राओं को बेहोशी की हालत में बरामद कर लिया है। अभिभावकों का आरोप है कि दोनों को बेहोश कर अगवा किया गया है।

सहावर थाना क्षेत्र के गांव फरोली में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय है। बुधवार को खाना खाने के बाद कक्षा छह की दो छात्राएं संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गईं। विद्यालय प्रशासन ने मामले की जानकारी छात्राओं के अभिभावकों को दी। दोनों छात्राएं खुदाताल गांव की रहने वाली हैं। सूचना पर अभिभावक भी विद्यालय पहुंच गए। जानकारी पुलिस को दी गई। छात्राओं की तलाश शुरू की गई। देर शाम को पुलिस ने बेहोशी की अवस्था में छात्राओं को बरामद कर लिया है।

# चूहा-छछूंदर से फैलने वाली महामारी को नियंत्रित करने के उपाए बताए

एटा, संवाददाता

**अमृत विचार :** संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों ने व्यापक रणनीति तैयार की है। बैठक में जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनवीर सिंह ने बताया कि संचारी रोगों के प्रसार के लिए विभिन्न कारकों के साथ ही चूहा एवं छछूंदर भी उत्तरदायी हैं। इनके द्वारा मनुष्यों में प्लेग, स्क्रबटाइफस एवं लेप्टोस्पाइरोसिस इत्यादि रोग फैलते हैं। कभी-कभी ये रोग महामारी का रूप ले लेते हैं। उन्होंने रोगों से नियंत्रण के उपाय बताए।

बैठक में चूहों एवं छछूंदर से फैलने वाले इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कृषि विभाग द्वारा 1 से 31 जुलाई तक किसानों के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने की जानकारी दी गई। जिसके तहत चूहा एवं छछूंदर के नियंत्रण एवं इनसे फैलने वाले रोगों से सुरक्षा एवं बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए घरों एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों को चूहा छछूंदर से मुक्त रखें। अन्न भण्डारण पक्के, कंकरीट तथा धातु से बने पात्रों यथा बखारी में करें, ताकि चूहों को खाद्य सामग्री उपलब्ध न हो सके। चूहे अपना बिल घरों के अतिरिक्त झाड़ियों कूड़े एवं मेड़ों आदि में स्थायी रूप से बनाते हैं। इनका समय-समय पर निरीक्षण कर साफ-सफाई व नियंत्रण के उपाय अपनाएं।


बैठक कर अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी व अन्य।

- संचारी रोगों से बचाव को लेकर कृषि-विभाग ने की बैठक
- जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने कहा 31 तक चलेगा अभियान

# अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार लाएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित शासन की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता निर्माण एवं विकास कार्यों समीक्षा बैठक मंगलवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। सीडीओ ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं।

सीडीओ सचिन ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण के अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन, दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन, प्रोबेशन, मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना आदि के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करने को कहा। जिले में सड़कों को सही कराने, विद्युत विभाग की समीक्षा, कृषि विभाग के अंतर्गत खाद व बीज की उपलब्धता, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि की गहन समीक्षा की। सीडीओ ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं। जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ ने अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित दिए कि जो भी प्रोजेक्ट चल रहे हैं उनका कार्य गुणवत्तापूर्ण करते हुए अभिलंब उसको संबंधित को हैंडओवर करें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह, बीएसए सूर्यप्रताप सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देशित देते सीडीओ सचिन। ● अमृत विचार

- विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## दो हजार से अधिक क्षत्रिय पहुंचेंगे मथुरा सम्मेलन में


अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कासगंज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में संगठन की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में मथुरा में होने वाले विशाल सम्मेलन और सदन के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक के मुख्य अतिथि बृजक्षेत्र अध्यक्ष ठाकुर जय गोविंद सिंह एवं विशिष्ट अथिति संगठन के वरिष्ठ महामंत्री ठाकुर प्रेमपाल सिंह रहे। जय गोविंद सिंह ने बताया कि मथुरा में क्षत्रिय सदन का शिलान्यास एक अगस्त को होने जा रहा है। इस मौके पर क्षत्रियों का विशाला सम्मेलन भी होना है। जिसमें जिले से ज्यादा से ज्यादा क्षत्रिय पहुंचे।बैठक से पूर्व महासभा के पदाधिकारियों ने अथितियों को पुष्पहार पहनाकर जोरदार स्वागत किया। महासभा के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह गौर ने बताया कि दो हजार से अधिक क्षत्रिय जिले के शामिल होंगे। जिसको लेकर महासभा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में वरुण चौहान, प्रदीप चौहान, पीपी सिंह, दीपेंद्र सिंह दीपू, राजकुमार चौहान, मितेंद्र सिंह, रोचक चौहान सहदेव सिसोदिया सहित तमाम संगठन के पदाधिकारी क्षत्रिय बंधु उपस्थित रहे।

## सहायक भविष्य निधि आयुक्त परीक्षा में जलेसर के भुवनेश वार्ष्णेय ने प्राप्त किया तीसरा स्थान



**जलेसर, अमृत विचार :** भुवनेश वार्ष्णेय ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक भविष्य निधि आयुक्त के 159 पदों में तीसरा स्थान प्राप्त कर जलेसर नगरी को गौरवान्वित किया है। भुवनेश इससे पूर्व हाईकोर्ट इलाहाबाद में समीक्षा अधिकारी के पद पर एवं अन्य केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार के पदों पर कार्यरत रहे हैं। मौजूदा समय में चकबंदी अधिकारी अलीगढ़ में तैनात हैं। भुवनेश शिक्षक अशोक वार्ष्णेय के पुत्र हैं। चयन होने पर भुवनेश ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भविष्य निधि आयुक्त के 159 पदों में उन्हें तीसरा स्थान मिला है। यह केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत समूह ए का पद है।

# मुहर्रम पर हर तरफ गूंजीं या हुसैन...या हुसैन की सदाएं

- जिलेभर में निकाले गए ताजियों के जुलूस, जायरीनों ने किया ताजियों का दीदार
- सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन रहा सतर्क

एटा, संवाददाता

**अमृत विचार :** बुधवार को जनपद में मोहर्रम पर या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजीं। शहर के होली मोहल्ला, किदवई नगर, मारहरा दरवाजे पर ताजिये बनाये गए। कारीगरों द्वारा बनाए गए आकर्षक ताजियों का एटा ही नहीं बाहर से आए जायरीनों ने भी दीदार किया।

शहर के रहने वाले मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत लोगों ने बताया गया कि ताजियों का निर्माण बहुत आकर्षक ढंक से किया गया। उनको चिह्नित जगहों पर प्रदर्शन के लिए रखा गया। बताया कि शाम 7 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक ताजियों का एटा और आसपास के जनपदों से आए जायरीनों ने दीदार किया। इसके बाद ताजियों को कर्बला में सुपुर्दे खाक किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने मातम भी मनाया और हैरतंगेज करतब भी दिखाए। मोहर्रम पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह, क्षेत्राधिकारी, कोतवाल समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जिन स्थानों पर ताजिये रखे गए वहां का जायजा लिया।


शहर में सजाए गए ताजिये के साथ चल रहे मुस्लिम समुदाय के लोग।

### इमाम हुसैन की शहादत का दिन

मुस्लिम इतिहास के अनुसार इस दिन इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वंशजों को ईराक के एक शहर कर्बला में शहीद किया गया था। जिसके बाद उनकी याद में ही दुनियाभर में बसने वाले मुस्लिम समाज मुहर्रम पर्व को मनाते आ रहे हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज का एक पंथ शिया समुदाय इस पर्व को 10 दिनों तक चलने वाले मातम के रूप में मनाता है। वहीं, दूसरा पंथ सुन्नी समुदाय इस पर अधिक से अधिक इबादत और नेक कार्य करने पर जोर देता है। इस दौरान जनपद में कई जगहों पर ताजिये बनाकर निकाले जाने, अखाड़े और अलम निकालने की भी परंपरा है।


शहर में ताजियों के जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे एसएसपी श्याम नारायण सिंह।

# पत्नी गई थी रिश्तेदारी में, बंद कमरे में मिला युवक का शव

संवाददाता, सोरों जी

- दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने दी थी पुलिस को सूचना

**अमृत विचार:** कस्बे के मुहल्ला चंदन चौक में 35 वर्षीय युवक का शव बंद कमरे में पड़ा मिला है। कमरे से दुर्गंध आने के बाद स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी रिश्तेदारी में आगरा शादी समारोह में गई हुई थी।

मुहल्ला चंदन चौक निवासी 35 वर्षीय सुरेश पुत्र बनबारी लाल के चार भाई हैं। सभी भाई अलग अलग कमरों में रहते हैं। 14 जुलाई को सुरेश की पत्नी आगरा शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गई हुई थी। घर पर सुरेश अकेला ही था। सुरेश मेला में इलायची, दाने का प्रसाद आदि बिक्री कर परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की सुबह सुरेश के कमरे से बदबू उठने लगी।आस पास के लोगों ने इसकी सूचना सोरों पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने कमरे के दरवाजे को खोलकर देखा तो वह मृत पड़ा था। शरीर से तेज दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक की मौत संभवतः दो दिन पूर्व हो चुकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि शव दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृत्यु का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गोपिन्दर सिंह व पुत्रवधु अनीता देवी को उनके गलत आचरण एवं व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा।
महेशपाल पुत्र श्री तिलक सिंह निवासी ग्राम केसरपुर थाना व तहसील फरीदपुर जिला बरेली। मो 8755827410

गौतम बुद्ध महाविद्यालय
फिरोजपुर बल्लिया, बरेली। (243402)
आवश्यकता है प्राचार्य पद की
योग्यता पीएचडी शिक्षण में 10 वर्ष का अनुभव
नोट: विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर सभी प्रमाण पत्रों की हार्डकॉपी के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक-9634543118, 8937841211
gautambuddhmahavidyalaya@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।


## संपादकीय

# मंडराते संकट

पृथ्वी पर मंडराते संकटों जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व कचरा के गहराने की गति तेज हो रही है। प्राकृतिक जगत का मानव गतिविधियों के कारण क्षरण हो रहा है, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) जैसी टेक्नोलॉजी को त्वरित ढंग से इस्तेमाल में लाया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ रही है, विषमताएं चौड़ी होती जा रही हैं और संस्थाओं से भरोसा कम हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) की ओर से जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ये चुनौतियां, एक ऐसे बहुसंकट का निर्माण कर रही हैं जो वैश्विक संकटों को और गहन बना रहा है, जिसके मानवता और पृथ्वी के लिए विशाल दुष्परिणाम हो सकते हैं। भारत उन नौ देशों में से एक है जहां पिछले दो वर्षों में अत्यधिक तापमान और जलवायु संबंधी आपदाओं की प्रवृत्ति ने बड़े पैमाने पर, लंबे समय तक और बार-बार होने वाले विस्थापन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अन्य देशों में पाकिस्तान, फिलीपींस, सोमालिया, चीन, बांग्लादेश, ब्राज़ील, कोलंबिया और केन्या शामिल हैं। संघर्षों और हिंसा के अलावा, जलवायु परिवर्तन लोगों के जबरन विस्थापन का सबसे प्रमुख कारण रहा है, जिनके घर जलवायु-जनित चरम स्थितियों जैसे कि जंगल की आग, बाढ़, खराब वायु गुणवत्ता, असहनीय गर्मी और/या लंबे समय तक संघर्ष के परिणामस्वरूप मानव निवास के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर 69 लोगों में से एक या दुनिया की 1.5 प्रतिशत आबादी अब जबरन विस्थापित है, जो एक दशक पहले विस्थापित हुए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है।

यूएनईपी एक अग्रणी वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है, जो वैश्विक पर्यावरण एजेंडा निर्धारित करता है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है तथा वैश्विक पर्यावरण के लिए एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करता है। इसका मिशन, भविष्य की पीढ़ियों के जीवन स्तर से समझौता किए बिना, राष्ट्रों और लोगों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित, सूचित और सक्षम बनाकर पर्यावरण की देखभाल में नेतृत्व प्रदान करना और साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। बदलाव के संकेतकों की निगरानी और अग्रदृष्टि तौर-तरीकों के इस्तेमाल के जरिये, दुनिया अतीत की गलतियों को दोहराने से बच सकती है। साथ ही, ऐसे समाधानों पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है, जिनसे भावी व्यवधानों का पुख्ता ढंग से सामना किया जा सके। बेहतर समाधानों व उपकरणों को साथ लेकर चलना, भावी व्यवधानों को समझने और उनसे निपटने की तैयारी करने का सर्वोत्तम तरीक़ा है। ऐसे में एक रणनीतिक दूरदर्शी ढांचा स्थापित करने और भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# तब शाहबानो अब समद



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है।

बेशक मुद्दा वही है, लेकिन हालात बदले हुए हैं। 1985 में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का हकदार माने जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सड़कों से सदन तक जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी। तब बोर्ड सरकार को झुकाने में कामयाब हो गया था।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट के अब्दुल समद मामले के हाल के फैसले ने बोर्ड और मुस्लिम संगठनों को फिर उत्तेजित कर दिया है, लेकिन फैसले से असंतुष्ट होने के बाद भी बोर्ड सधे कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है और कानूनी रास्तों पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने इसे शरिया कानून से टकराव बताए जाने के साथ ही संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का विरोधी बताया, लेकिन मसले को अपने संगठन की कानूनी समिति को सौंपने का फैसला किया। समिति कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक विकल्प सुझाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा लाई जा रही समान नागरिक संहिता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला हुआ। असलियत में मुस्लिम लॉ पर्सनल बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ते के सवाल पर लगभग चार दशक पुराने शाहबानो मामले में लिए स्टैंड पर कायम है, लेकिन फिलहाल उस और इस बार की लड़ाई की तैयारी में बड़ा फर्क नजर आ रहा है। क्यों? तब कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार थी। अब नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार का सामना है।

23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था। इस लड़ाई में राजीव सरकार बैकफुट पर आ गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। 1986 में मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया। लगभग चार दशक के अंतराल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ऐसे ही एक मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का हकदार माना है। इस अदालती फैसले पर मुस्लिम संगठनों की खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। तय है कि उनकी गूंज अदालतों के बाहर भी सुनाई देगी। संसद में उनके हक में कौन से दल खड़े होंगे? जल्दी ही बजट सत्र में इसकी झलक दिख सकती है। मुद्दा भले एक हो, लेकिन शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारे भत्ते का हकदार माना था तो उनके लिए कोई पृथक कानून वजूद में नहीं था। राजीव सरकार ने इस फैसले को मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 के जरिए निष्प्रभावी कर दिया था। अब्दुल समद (तेलांगना) के ताजा मामले में धारा 125 के तहत मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाए जाने का हकदार मानते समय सुप्रीम कोर्ट के सामने 1986 का वह भी कानून था, जिसे शाहबानो मामले को पलटने के लिए तत्कालीन सरकार ने बनाया था। बावजूद इसके कोर्ट ने इस कानून के कारण समद मामले को धारा 125 के दायरे से बाहर होने की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने फैसला दिया है कि अन्य कानून दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत किसी भी धर्म की तलाकशुदा महिला के अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकते।

> 23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था।

पहली नजर में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला एक तलाकशुदा जोड़े अब्दुल समद और उसकी पत्नी के बीच की कानूनी लड़ाई के निपटारे तक सीमित है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड या अन्य मुस्लिम संगठनों का नजरिया इसे लेकर जुदा है। वे इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सीधा हस्तक्षेप मानते हैं। वे इसके दूरगामी प्रभावों को लेकर फिक्रमंद हैं। स्वाभाविक है कि वे चाहेंगे कि यह पलटा जाए। ऐसे ही हालात शाहबानो मामले में पैदा हुए थे। तब मुस्लिम संगठनों ने इसकी लड़ाई अदालत की जगह सड़कों और सदन में लड़ी थी। राजीव गांधी सरकार को झुकाकर कामयाबी भी हासिल की थी। हालांकि इस लड़ाई में उनकी जीत ने देश के माहौल पर बुरा असर डाला था। बहुसंख्यकों के बीच विपरीत प्रतिक्रिया के डर से डैमेज कंट्रोल में राजीव सरकार ने अयोध्या में मंदिर का ताला खोला था। ये कोशिश भी कांग्रेस के काम नहीं आई थी। आने वाले दिनों में कांग्रेस ने इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकाई।

तब क्या हुआ था? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन महीने बाद मुस्लिम लीग के सदस्य जी.एम.बनातवाला ने लोकसभा में एक निजी बिल पेश कर मुस्लिमों को धारा 125 के दायरे से बाहर रखने की मांग की। राजीव गांधी की पहल पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इसका जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस्लामिक मामलों के अधिकारी विद्वान और आजादी की लड़ाई की अगली कतार के नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के औरतों से जुड़े अधिकारों से जुड़े विचारों के हवाले से बिल का कड़ा विरोध किया था। संसद में यह बिल गिर गया, लेकिन अदालती फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों सड़कों पर विरोध तीव्र होता गया। 1984 में राजीव गांधी ने लोकसभा की 403 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की थी, लेकिन 1985 के अंत तक उत्तर भारत में उपचुनावों में पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा था। इसे शाहबानो मामले का इफेक्ट माना गया। दबाव बढ़ने पर राजीव गांधी का रुख बदला और मुस्लिमों से जुड़े मामलों में उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को दरकिनार कर जेड.ए.अंसारी को तरजीह देनी शुरू कर दी।

आरिफ खान और अंसारी की पार्टी भले एक रही हो, लेकिन शाहबानो मामले में दोनों का स्टैंड दो किनारों पर था। अंसारी ने लोकसभा में अपने तीन घंटे के भाषण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिर्फ पूर्वाग्रह ग्रस्त, भेदभावपूर्ण और विरोधाभासी ही नहीं बताया था, बल्कि न्यायधीशों को इस्लामी कानूनों की व्याख्या के नजरिए से "बहुत छोटा इंसान" कहते हुए खारिज किया था। फरवरी 1986 में सरकार ने संसद में मुस्लिम महिला बिल पेश किया, जिसके द्वारा पूर्व पति को सिर्फ इद्दत अवधि (तीन महीने) के लिए गुजारा भत्ता देने का जिम्मेदार माना गया। इस बिल को पारित कराने के लिए कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया था। खिन्न आरिफ मोहम्मद खान ने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मुस्लिम पर्सनल बोर्ड एक बार फिर शाहबानो मामले जैसी चुनौती से रूबरू है। हालांकि अब्दुल समद मामले में भी उसका स्टैंड पुराना है अर्थात् सुप्रीम अदालत के इस फैसले को भी वह मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल मानता है, लेकिन 1985 और 2024 के राजनीतिक हालात में बुनियादी फर्क है। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसे मुस्लिम वोटरों के समर्थन की हमेशा फिक्र थी। 2024 में नरेंद्र मोदी मुस्लिम वोटरों के प्रायः एक मुश्त विरोध के बीच तीसरी बार सत्ता में हैं। उनकी सरकार तीन तलाक को रद्द कर चुकी है। पिछले कार्यकाल में वे तेजी से समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे थे। यद्यपि इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने और सहयोगियों के सहारे होने के कारण मुमकिन है कि ऐसे सवालों पर वे उतनी तेजी न दिखाएं, लेकिन अपनी विचारधारा के अनुकूल किसी अदालती फैसले के खिलाफ उनके जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी पर्सनल बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन चाहेंगे कि संसद में यह मुद्दा जोरशोर से उठे।

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है। क्या पार्टी इस मसले पर सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ राजीव गांधी के दौर के रुख की जुगलबंदी करना चाहेगी? उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में राजद तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त समर्थन मिलता रहा है। दिलचस्प है कि ये दल अब अपने प्रभाव क्षेत्र में मुस्लिम मतों के साथ ही हिंदू मतों को लेकर भी सजग और संवेदनशील हो चुके हैं। आगे वे क्या स्टैंड लेते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। बेशक फैसला अदालत का है, लेकिन उसका असर देश की राजनीति पर दिखना तय है।

## प्रसंगवश

# सच्चा रास्ता मत छोड़ना



हफीज किदवई
लेखक

वह दिन, जब सुनसान रेगिस्तान में, तपती रेत में, दुनिया के बहुत बड़े लावलश्कर के जुल्मी ने सोचा था। एक शख्स और उनके अपनों का खून को यहां बहाकर किस्सा खत्म कर देंगे। वह लहू, आम लहू नहीं था, जुल्म के खिलाफ एक दास्तान था। यह सच है कि उस रोज वह खून बह गया। तपती रेत ने उसे अपनी नसों में पैबस्त कर लिया और फिर रेत तो रेत थी। जहां-जहां पहुंच सकती थी, उस मैदान की दास्तान की वह जुल्म भरी दास्तान खोलती चली गई और सारे आलम ने जान लिया कि एक थी 'कर्बला'।

कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे, मौला हजरत अली की औलाद और हर जमाने की ईमाम हजरत हुसैन का लहू मुबारक उस कर्बला की रेत में जज्ब हो गया। धीरे-धीरे वह हर उस दिल में अपनी दस्तक देने लगा, जो जुल्म के खिलाफ था। यह वह लहू था, जिसने कर्बला की जमीन को चूमा और हर उस तरफ बिखर गया, जिधर-जिधर हजरत हुसैन का रास्ता था। यह लहू जमाने की ऐसी तारीख बनकर जिंदा हुआ कि हर दौर उससे रोशनी पाने लगा। कर्बला ने जो अपनी आंखों से देखा, वह इस माटी के बर हिस्से में वैसे ही दर्ज हो गया। जैसे वह उसके सामने हुआ हो। कर्बला ने वह राज जमाने को दे दिया। शहादत के मर्तबे को बुलंद कर दिया और जमाने को बता दिया, जुल्म के खिलाफ जो मौत मिलती है, वह किसी भी जिंदगी से बहुत बेहतर है। दसवीं मोहर्रम है। गम है। तकलीफ है। दर्द है। तड़प है मगर मायूसी नहीं है।

कर्बला ने हमें बताया कि झुकना नहीं और उसकी जात से मायूस मत होना। सर भले तन से उतर जाए, सही और सच्चा रास्ता मत छोड़ना। जुल्मी कितना ही ताकतवर, सितमगर हो, झुकना नहीं। कर्बला के किस्से आज भी जिंदा हैं। कर्बला हमारा सबक है। हमारा रास्ता है। हमारा इम्तेहान है। हमारा गुरूर है, क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे जानदार नजीर दर्ज है। मोहर्रम और कर्बला हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ मजबूत करे और कमजोर के साथ खड़े होने की ताकत, हिम्मत दे...

# जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

स्वतंत्रता से पूर्व कराची में कांग्रेस के अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत में कार्यरत निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना पहली प्राथमिकता होगी, जिसके पीछे भारतीय राजनीतिज्ञों की सोच थी कि भारत की जनता जो थोड़ी बहुत पूंजी धीरे-धीरे जोड़ती है उसका उपयोग देश के विकास में हो सके और गरीब जनता को प्राइवेट बैंकों/साहूकारों के चंगुल से बचाया जा सके।

बैंकों की सुविधा दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच सके और यह कार्य केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ही संभव था। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी ने सामाजिक विकास का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें राष्ट्रीय बैंकों की परिकल्पना की गई, किंतु बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने की औपचारिक घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। राष्ट्रीयकरण घोषित होते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में दो फाड़ हो गए। राष्ट्रपति के अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। तत्कालीन भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक सहित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स और अन्य राजनीतिज्ञों ने सर्वोच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दिया कि इस अध्यादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इसके विपरीत ए.के. गोपालन (सांसद) और सुशीला गोपालन बुंबई ट्रेड यूनियन लीडर ने 22 जुलाई 69 को अध्यादेश के समर्थन में पिटीशन दायर की। अध्यादेश के विरोध में रिट पिटीशन आने से संपूर्ण देश के कर्मचारी उद्वेलित और आंदोलित हो गए।

इन 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पूर्व इनके संचालन निजी पूंजीपतियों के घरानों के हाथ में था। यहां सेंट्रल बैंक-टाटा घराने, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक-बिड़ला घराने, पंजाब नेशनल बैंक-डालमिया एवं जैन घराने एवं कुछ गुजराती बड़े घराने देना बैंक का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर मतभेद होते हुए भी तमाम वर्किंग क्लास ने कांग्रेस के इस कदम को विशेषकर इंदिरा जी के इस कदम को सराहा। यही नहीं इसके फलस्वरूप अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता भी हासिल हुई और श्रीमती इंदिरा गांधी पूर्ण बहुमत हासिल कर पुनः सत्तासीन हुईं। तत्पश्चात 15 अप्रैल 1980 को 6 और बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

1969 से 1985 का दौर सामाजिक बैंकिंग का स्वर्ण युग रहा। इस काल में हर वर्ग के छोटे से छोटे तबके तक बैंकिंग पहुंची। इस दौर में कृषि, ग्रामीण उद्योग, बेरोजगारी दूर करने के लिए महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुविधाएं प्रदान करने को बैंक आगे आए, यही वह दौर था जब देश में जीडीपी वास्तव में 8 प्रतिशत के समीप रही और हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति संभव हो सकी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा। 1988 की बाढ़ में देश की अर्थव्यवस्था चौपट रही। 1991 की कांग्रेस सरकार की मनमोहनी नई आर्थिक नीतियों ने इसे काफी चोट पहुंचाई और अब यह सरकार पूरी तरह देशी और विदेशी पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है। विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंकों ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। अगर वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंको को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है। विगत वर्षों में कुछ बैंकों के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है तो इस बार 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की मांग है कि जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमा राशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। ये देश के हित में आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती हैं और हो सकता है इस संबंध में बजट सत्र में कोई प्रयास सरकार की तरफ से हो, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंको में सरकार की अंश धारिता को 51 प्रतिशत से कम किए जाने का प्रयास किया जाए। बैंकों के निजीकरण को विफल करने के लिए एकजुटता अभियान को तीव्र करना होगा।

## सोशल फोरम

# धर्म और ईश्वर



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

आज से करीब दस बारह हजार साल पहले घुमंतु मानव समाज पालतू होने लगा। गेहूं संग्रह ने उसे विशेष रूप से पालतू बनाया। वह एक जगह रहने लगा, उसने समाजोपयोगी नियम, मर्यादाएं, पाबंदियां विकसित की और उपयोगिता के आधार पर उनकी स्वीकृतियां ही तो तो सनातन है।

वस्तुतः एक जीवनशैली विकसित हुई, जो समाज द्वारा स्वतः चुना गया अनुशासन था। यही उनका धर्म था। धर्म क्या है? धर्म का शाब्दिक अर्थ होता है, 'धारण करने योग्य', अर्थात् जिसे सबको धारण करना चाहिए। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म से हमारी चेतना का शुद्धिकरण होता है। अपने-अपने कर्तव्य का निःस्वार्थ भाव से पालन करना 'स्वधर्म' और साथ ही मानवता को मनुष्य का सच्चा धर्म कहा जा सकता है। ईसा ने जैसे ईसाइयत को और हजरत मुहम्मद ने जैसे इस्लाम को जन्म दिया, हिंदू धर्म की रचना उस तरह किसी पुरुष द्वारा नहीं की गई। हिंदू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय है। जिस प्रकार भारतीय समाज की रचना उन अनेक जातियों से हुई, जो समय-समय पर इस देश में आती रहीं, उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से आगे बढ़ता रहा। जब 1800 ईपू. के आसपास आर्य यहां आए, उसके पहले ही सिंधु घाटी जैसी विकसित सभ्यता यहां हो चुकी थी। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक ऐतिहासिक सत्य है। महाभारत और पुराणों के अध्ययन से आर्यों और नागों के क्रांतिकर संघर्ष का पता चलता है। आगे चलकर इन नागों की अनेक रीति-नीतियां आर्य-विश्वास का अंग बन गईं। सिंदूर नाग-चूर्ण है। आर्य स्त्रियों ने इसे नागजाति की आचार पद्धति से ग्रहण किया था, परंतु आज वह हिंदू-विवाह का अविच्छेद्य अंग हो गया है। भारत की अन्य जातियों ने आर्यों की जाति प्रथा को स्वीकार कर लिया, यह हमारे देश में संस्कृति-समन्वय की ओर पहला कदम था। इससे इतना हुआ कि आर्य, द्रविड़, औष्ट्रिक और नीग्रो तथा सभी मंगोल खानदानों के लोग एक समाज के सदस्य हो गए, जिसका नाम आगे चलकर हिंदू समाज पड़ा। -फेसबुक वॉल से

# डिजिटल अरेस्ट



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

डिजिटल अरेस्ट न तो कोई लीगल टर्म है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। दरअसल यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला वह तरीका है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन काल पर डरा धमकाकर उसे उसके घर-परिवार के लोगों से अलग कर एक बंद कमरे में रहने को विवश किया जाता है और किसी भी व्यक्ति से संपर्क न करने को कहा जाता है। इसके द्वारा पीड़ित व्यक्ति को किसी जांच अथवा किसी बड़े मामले में फंसा दिखा करके उससे लगातार वार्ता की जाती है और क्रमशः उसके बैंक अकाउंट, बचत आदि के डिटेल्स पूछकर उसका पैसा अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया जाता है।

यह एक प्रकार से ठगी व ब्लैकमेलिंग का घातक मिश्रण है। इस प्रकार की साइबर ठगी की अनेक विधाएं हैं, लेकिन पिछले दिनों जो प्रकाश में आया है, उनमें सबसे उल्लेखनीय विधा यह है कि ईडी/ सीबीआई ऑफिसर बनकर फोन पर कॉल करके यह कहा जाता है कि संबंधित व्यक्ति का नाम किसी मनी लांड्रिंग केस में आ गया है और सही जांच के लिए तथा पीड़ित व्यक्ति को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ तथ्यों का सत्यापन करना आवश्यक है। ईडी, सीबीआई और मनीलांड्रिंग का नाम सुनते ही माहौल के अनुसार संबंधित व्यक्ति को ऐसा लगता है, मानो उसे कोरोना डायग्नोज हो गया है। वह घबराहट में अपने बचने के लिए इन साइबर ठगों को अपना हितैषी समझकर उनके निर्देशों का पालन करता जाता है और उनके मायाजाल में फंसकर बैंक डिटेल्स आदि दे देता है और साइबर ठग संबंधित धनराशि को अपने सुविधाजनक खातों मे ट्रांसफर करते जाते हैं। पीड़ित व्यक्ति को किसी एकांत कमरे में पहुंचकर, कमरा बंदकर बात करने को कहा जाता है और यह भी कहा जाता है कि इस अवधि में वह किसी से संपर्क न करें, क्योंकि वह जिससे भी संपर्क करेगा उसका नाम भी मनी लॉन्ड्रिंग अथवा सीबीआई जांच में जुड़ जाएगा। लगभग 15 दिनों पूर्व चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में रहने वाली एक संभ्रांत महिला इन साइबर ठगों के कुचक्र का शिकार हुई और लगभग चौबीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रही। इस अवधि में ठगों ने उससे पूछताछ करके उसके विभिन्न खातों में मौजूद लगभग चौरासी लाख रुपए हड़प लिए। उस महिला ने बाद में न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि वह एक प्रकार से सम्मोहन का शिकार हो गई थी और उनके कहे के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करती रही। विगत दिनों लखनऊ के सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना को भी ठगों ने सीबीआई जांच का बहाना बनाकर अपने जाल मे फंसा लिया था। वे लगभग डेढ़-दो घंटे से बंद कमरे में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उनकी पुत्रवधू को संदेह हुआ और उन्होंने फ्राड काल लिखकर सक्सेना साहब को दिखाया और कमरा खुलवाकर फोन काल को डिस्कनेक्ट किया। यहां भी ठगों ने मनी लांड्रिग की जांच के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था। ठगों ने उनसे भी बैंक खाते का विवरण मांगा था। बातचीत में यह पता चलने पर कि सक्सेना जी कवि हैं, ठगों ने उन्हें मीर और फैज की गजल सुनाने को भी कहा था। अपनी पुत्रवधू के सामयिक हस्तक्षेप से वे सुरक्षित बच निकले।

सीबीआई व ईडी आदि एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी न होने के कारण लोग घबराहट में ऐसे शातिर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रुप से कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकार अचानक फोन काल करके न तो विवेचना करती है और न ही कोई जानकारी मांगती है। इस प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं है। मुझे यह निश्चित जानकारी नहीं है कि इन एजेंसियों ने पब्लिक के संपर्क हेतु कोई टोल फ्री नंबर जारी कर रखा है। अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या को देखते हुए इन एजेंसियों द्वारा टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराना व उसका व्यापक प्रचार-प्रसार जनहित में होगा। आवश्यकता पड़ने पर लोग उनसे जरूरी सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

# अर्जुन की ससुराल उपेक्षित क्यों



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में धर्म-कर्म वालों की सरकार है। भगवानों और प्राचीन धर्म ग्रंथों को खूब मानते हैं और उनके सहारे वोट लेते हैं। ऐसा होते हुए भी महाभारत के नायक और श्रीकृष्ण के सखा अर्जुन की ससुराल मणिपुर की बड़ी अनदेखी हो रही है। उनकी पत्नी चित्रांगदा यहीं की थीं। तब इसको नागलोक कहते थे।

तैंतीस लाख आबादी वाला पूर्वोत्तर का यह राज्य अरसे से उबल रहा है। यहां वर्ग संघर्ष जारी है। हत्याएं हो रही हैं और अल्पसंख्यक जनजातीय कुकी समुदाय की नारियां सड़कों पर नग्न करके घुमाई जा रही हैं। वहां भाजपा का शासन है और मुख्यमंत्री बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय के हैं। मैतेयी ही ज्यादतियां कर रहे हैं। हालांकि अब कुकीज भी सिर उठाने लगे हैं। केंद्र में तो भाजपा की सरकार लंबे है ही। राज्य सीमावर्ती है और इसकी सीमा म्यांमार से मिली है, जहां निर्वाचित सरकार की मुखिया सू ची सैनिक शासक द्वारा जेल में डाल दी गई हैं। सैन्य सत्ता चीन के प्रभाव में है। ऐसे में मणिपुर की समस्याओं की अनदेखी और वहां हिंसा और अभद्रता का तांडव सत्ता द्वारा तटस्थ भाव से देखते रहना घातक सिद्ध हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ जाए।

यह समझ से परे है कि इतनी लंबी अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए ही नहीं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी अभी कुछ दिन पहले मोदी को सलाह दी है कि वे मणिपुर जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान निकालें। हालांकि भागवत जी ने ऐसा कहने में काफी देर लगाई, फिर भी अब तो पीएम को इस बिंदु पर सचेष्ट हो ही जाना चाहिए। "का बरषा जब कृषी सुखाने। समय चूक पुनि का पछिताने"। मनोरम प्राकृतिक छटा वाले, संसाधनों से भरपूर इस राज्य की उपेक्षा कब तक होगी?

# दिल्ली के केदार



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार

चल सयाणी, काफल दाणी ऐंसु केदारनाथ/बड़ा-बड़ा ढंगार तखी, अर मल्यों की डार तखी / चल कल्याणी, रतनु की खाणी ऐंसु केदारनाथ। दिल्ली में श्री केदारनाथ के मंदिर और विग्रह की स्थापना को मैं देव पलायन के रूप में देखता हूं।

दिल्ली सत्ता, शोषण, संपत्ति और शक्ति संचय का एक केंद्र है। जिस तरह टिहरी में लाखों लोगों को डूबाकर वहां से गंगा का पानी अपने लॉन सींचने, कार धोने और टॉयलेट में बहाने के लिए दिल्ली ले गए, उसी तरह श्री केदार को भी दिल्ली ले जाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सभी राजाओं का एक ठिकाना दिल्ली में बनाया जाता था। वह किसी दूतावास की तरह था। उसी तरह दिल्ली दरबार में केदार बाबा की हाज़िरी क्यों न हो। जिस तरह देवदार, बांज, सेब और अखरोट के वृक्ष वास्ते सिर्फ भूमि नहीं, जलवायु भी चाहिए, उसी तरह देव विग्रहों को भी एक निश्चित वातावरण की दरकार होती है। अंग्रेजों ने जबरन दिल्ली में चीड़ के पौधे रोप दिए, जो संसद और नार्थ साउथ ब्लॉक की बगल में आज भी खड़े हैं, लेकिन वे बंध्या पेड़ हैं। उन पर न कभी फल आते हैं और न परागण होता है। दिल्ली के केदार भी ऐसे ही निस्तेज होंगे।

आखिर श्रीमद आद्य शंकराचार्य भी दुर्गम जगह की बजाय किसी सुविधाजनक स्थल पर केदारनाथ धाम क्यों नहीं बसाए होंगे? क्योंकि वह दिल्ली में केदार बसाने वाले वर्तमान धर्म ध्वजियों की भांति अमर्यादित और दंभी नहीं थे। दिल्ली की गर्मी, उमस, धूल, धुआं, शोर और आपधापी में श्री केदारनाथ जी कैसे रहेंगे? क्या वह वहां आरओ का छना मृत पानी पिएंगे? जाहिर है कि वह वहां नहीं जाएंगे। सिर्फ एक पाषाण विग्रह और सीमेंट कंक्रीट का भद्दा ढांचा होगा।

# मौलाना तौकीर का फिर एलान... तय तारीख पर ही कराएंगे हिंदू युवाओं का सामूहिक निकाह

## कार्यक्रम स्थगन का पत्र देने पर प्रवक्ता डॉ. नफीस समेत तीन पदाधिकारियों को किया निलंबित

बरेली कार्यालय



**अमृत विचार :** हिंदू संगठनों की ओर से भारी विरोध के बीच आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बुधवार को एलान किया कि हिंदू युवाओं के निकाह का कार्यक्रम तय तारीख पर ही होगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर उन्होंने कहा कि अब तक प्रशासन की अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी साफ किया कि पुलिस को कार्यक्रम स्थगित करने का सहमति पत्र राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस समेत तीन पार्टी पदाधिकारियों ने उनकी अनुमति के बगैर दिया था जिन्हें उन्होंने निलंबित कर दिया है।

मौलाना तौकीर ने इससे पहले 23 हिंदू युवाओं का सामूहिक निकाह कराने का एलान किया था। कहा था कि पहले चरण में 21 जुलाई को पांच हिंदू युवाओं का निकाह खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में कराया जाएगा जिसकी अनुमति के लिए प्रशासन के समक्ष आवेदन कर दिया गया है। मौलाना का यह बयान मीडिया में आने के बाद माहौल गरमाया तो मंगलवार को पुलिस ने आईएमसी के कुछ पदाधिकारियों से बातचीत कर ऐसा कोई आयोजन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पर उन्होंने पुलिस को लिखित तौर पर कार्यक्रम स्थगित करने की सहमति दे दी। बुधवार को मौलाना इस प्रकरण में यूटर्न लिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हंगामा होने के बाद मंगलवार रात पुलिस ने उनकी पार्टी के पदाधिकारियों पर दबाव बनाकर झूठा वादा करा लिया। उनकी अनुमति के बगैर पार्टी के तीन पदाधिकारी कार्यक्रम स्थगित करने का सहमति पत्र दे आए, लेकिन उनका इरादा अब तक उसी तारीख पर सामूहिक निकाह कराने का है जो उन्होंने घोषित की थी। मौलाना ने बताया कि निलंबित पदाधिकारियों में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस खां, मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी और प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी शामिल हैं। इन्हें नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब देने तक के लिए निलंबित किया गया है।

मौलाना तौकीर ने कहा कि अगर प्रशासन की ओर से सामूहिक निकाह की अनुमति नहीं दी जाती तो उन्हें उससे यह पूछने का हक है कि अनुमति क्यों नहीं दी गई। बाकी लोग जो बिना अनुमति लिए किसी का भी धर्म परिवर्तन कराते हैं, क्या उनके लिए कोई कानून नहीं है। वह दुनिया को बताना चाहते हैं कि हिंदुस्तान में दो कानून चल रहे हैं। एक कानून मुसलमानों का उत्पीड़न करता है और दूसरा गैर मुस्लिमों को खुली छूट देता है।

### डीएम के अधिकारों का हो रहा है हनन

कई मुस्लिम लड़कियों के पिछले दिनों हुए धर्म परिवर्तन का जिक्र करते हुए मौलाना ने बिना नाम लिए कई गैरमुस्लिम धर्मगुरुओं पर निशाना साधा। कहा, मंदिर में बैठकर मोहर लगाकर इस धर्म परिवर्तन के सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। यह जिलाधिकारी के अधिकारों का हनन है। जो काम जिलाधिकारी का है, उन्हें करने देने दिया जाना चाहिए। उन्होंने एक मामूली सी अनुमति मांगी है, उस पर इतना हंगामा किया जा रहा है।

### धर्म परिवर्तन की बात नहीं कही थी मैंने

मौलाना तौकीर ने मीडिया पर भी ठीकरा फोड़ा। कहा कि मीडिया में उनके बयान को गलत ढंग से पेश किया गया। उन्होंने कहा था कि जिन हिंदू युवाओं का निकाह किया जाना है, उन्होंने पहले ही धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कुबूल कर लिया है लेकिन इसके बाद भी आपस में बिना निकाह किए हुए लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। वह कोई धर्म परिवर्तन का कार्यक्रम नहीं कर रहे हैं, सिर्फ निकाह का कार्यक्रम करा रहे हैं।

# खरगोश की मौत पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** महादेवपुरम निवासी दीपक गुप्ता ने खरगोश की मौत के मामले में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान के रेफरल वेटनरी क्लिनिक (आरवीसी) के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने एक वीडियो भी जारी किया है।

वीडियो में दीपक ने बताया कि उनका खरगोश दो तीन दिन से कुछ भी खा नहीं रहा था।बुधवार को वह खरगोश को गंभीर हालत में लेकर रेफरल वेटनरी क्लिनिक पर पहुंचे थे।

उनका आरोप है कि गलत फ्लूइड लगाने से उनके पालतू जानवर की मौत हो गई। प्रभारी डॉ. अमरपाल ने बताया कि खरगोश बीमार हालत में क्लिनिक में लाया गया था। इस संबंध में जूनियर डॉक्टर की ओर से जानकारी दी गई है। अधिक फीस वसूलने पर उन्होंने बताया कि ये इमरजेंसी फीस है, जो प्रबंध कमेटी की ओर से निर्धारित है।

# यातायात पुलिस ने 136 चालान काटे, 1.31 लाख रुपये वसूले



हाइवे पर वाहन चैकिंग करते हुए सीओ व टीएसआई अनिल कुमार। ● अमृत विचार

**एटा, अमृत विचार:** यातायात पुलिस ने बुधवार को नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान 136 वाहन चालकों के चालान काटें गए और 1 लाख 31 हजार 500 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। यह कार्रवाई हाइवे और संपर्क मार्गों पर की गई।

क्षेत्राधिकारी और यातायात प्रभारी अनिल कुमार ने खुद टीम के साथ हाइवे पर नाका लगाकर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान छोटे बड़े सभी वाहनों को जांच के लिए रोका गया। नियमों का उल्लंघन कर तीन सवारी, बिना हेल्मेट, काली फिल्म तथा नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर 136 वाहनों के चालान काटकर 1 लाख 31 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। इस दौरान चालकों से नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात प्रभारी ने बताया विभिन्न जगहों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए नियमों का पूरा पालन करें। दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट और कार में बिना सीट बेल्ट लगाए नहीं चलें। इसी तरह बस चालक भी ओवरलोडिंग और आवेर स्पीड से बाज नहीं आते हैं, तो उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ प्रभावितों से मिले ब्लाक प्रमुख

संवाददाता ,दातागंज



बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा करते ब्लॉक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाढ़ प्रभावितों की समस्याएं जानने पहुंचे ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि किसी को परेशान नहीं होने दी जायेगी। जिला प्रशासन से हर पीड़ितों की मदद कराई जाएगी।

बाढ़ग्रस्त क्षेत्र लालपुर, अकट कटकौरा, कुन्डरा मजरा, शेरपुर व नवादा बदन आदि गांवों में विधायक पुत्र तथा ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। और उन्होंने कहा कि वह और मेरे पिता हमेशा आप लोगों के साथ खड़े हैं। हमारा पूरा प्रयास है कि बाढ़ से प्रभावित हर परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने अकट जाते समय बीच रास्ते में बाढ़ से पुलिया के टूट जाने पर अवरुद्ध मार्ग पर सम्बंधित ठेकेदार को बुलवाकर जेसीबी से पत्थर डलवा कर अपने सामने मार्ग खुलवाया। उन्होंने पीड़ितों को यह भी बताया कि क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण कर उनकी समस्याओं को भी सुनेंगे।

दौरान ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह ने पशुपालन विभाग की टीम में शामिल उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरूण कुमार से वार्ता कर क्षेत्र में टीकाकरण, गौशालाओं आदि के बारे में जानकारी करने पर कहा कि क्षेत्र में पशुपालकों का विशेष ध्यान रखा जाये।

ब्लाक प्रमुख के साथ शामिल प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से भाजपा आईटी विभाग के जिला सह संयोजक देवेश तोमर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव सिंह तोमर, महामंत्री वीर सिंह, तपन कुमार सिंह प्रधान, गोलू सिंह तोमर, दुष्यंत सिंह, जितेन्द्र कुमार प्रधान, गुड्डू यादव आदि रहे।

# मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम विद्या गार्डन में कल

**जलेसर, अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी जलेसर इकाई के की ओर से मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम 19 जुलाई को प्रातः 10 बजे रेलवे रोड पर विद्या गार्डन में किया जाएगा। मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के साथ-साथ क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पालन पशुपालन डेयरी पंचायती राज प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर विशेष अतिथि। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संदीप जैन करेंगे। नगर मंडल अध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय ने बताया कि कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारी विभाग एवं प्रकोष्ठ के संयोजक सहसंयोजक मोचन के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी शक्ति केंद्र, संयोजक बूथ अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहेंगे।

# मौलाना तौकीर का काम समाज को बांटने वाला

बरेली कार्यालय



आचार्य कैलाशानंद गिरि।

- **प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले महामंडलेश्वर आचार्य कैलाशानंद गिरि**
- **कहा- धर्मगुरु होने के नाते नहीं करनी चाहिए माहौल खराब करने की कोशिश**

**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा ने धर्म परिवर्तन कराकर पांच हिन्दू कन्याओं का निकाह कराने का बयान देकर समाज को बांटने की कोशिश की है। उन्हें समझना चाहिए कि वह भी एक धर्मगुरु हैं और धर्मगुरु को ऐसा काम नहीं करना चाहिए कि माहौल खराब हो। मौलाना को रहना भारत में ही है। अगर वह पाकिस्तान भी चले जाएंगे तो वहां भी लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे। महामंडलेश्वर आचार्य कैलाशानंद गिरी ने बुधवार को गांधीनगर के एक मंदिर में बुधवार रात पत्रकारों से यह बात कही।

मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह समारोह के बाद बरेली आए आचार्य ने मौलाना तौकीर को नसीहत देते हुए कहा कि वह सनातन के प्रचारक नहीं बन सकते, लेकिन विरोधी भी न बनें। मौलाना ऐसा क्यों करते हैं कि उन्हें देश में रहने का भी संकट पैदा हो। कभी ऐसा बयान साधु-संतों, धर्मगुरु और समाजसेवियों को नहीं देना चाहिए कि माहौल खराब हो। उन्हें एक अधिकारी ने बताया है कि मौलाना ने लिखित में दिया है कि वह बयान वापस लेते हैं। मौलाना ऐसा बयान क्यों देते हैं जो वापस लेना पड़े। कोई स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करता है तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होती। एक फिल्म अभिनेता की बेटी ने दूसरे धर्म में विवाह कर लिया। किसी को कोई आपत्ति नहीं हुई।

**काशी में अब रांड़-सांड़, सीढ़ी-संन्यासी नहीं :** महामंडलेश्वर ने काशी का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले काशी में साधुओं के बड़े-बड़े भंडारे होते थे, अब वहां साधु नहीं दिखाई पड़ते। कहावत होती थी कि रांड़-सांड़ और सीढ़ी-संन्यासी काशी में ही होते हैं, लेकिन आज वहां उनमें से एक भी नहीं है। काशी के मठों में विधवाएं रह रही हैं लेकिन लोगों की नजर मठों पर भी टिक गई है। यह ठीक नहीं है। बोले, अयोध्या और बद्रीनाथ में प्रत्याशी ठीक न होने के कारण भाजपा वहां हारी। जो प्रत्याशी थे, वे अहंकार से भरे थे। उनमें जनता की सेवा का भाव लुप्त हो गया था। इसलिए जनता ने उन्हें नकार दिया।

**धर्म की रक्षा करने वाला ही होता है धर्म से रक्षित :** आचार्य कैलाशानंद गिरी ने कहा कि सनातन बचेगा तो हमारे तिलक, चोटी और बेटी बचेंगे। सनातन को बचाने वाला हिंदू है। हिंदू न भटके। धर्म और रक्षा करने वाला धर्म से रक्षित होता है। श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि अपने धर्म में रहते हुए यदि पतन भी होता है तब भी वह श्रेयस्कर है। दूसरे धर्म में जाने के बाद यश मिलने भी भयभीत रहना पड़ता है। अनादिकाल से चला आ रहा धर्म सनातन ही है। इसलिए इसकी रक्षा प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है। पत्रकार वार्ता में भाजपा के साथ सपा के भी कई नेता मौजूद रहे।

# पौधारोपण करके ट्रस्ट ने संरक्षण का संकल्प लिया



पौधारोपण करते चौकी इंचार्ज सुपेन्द्र मलिक व चेयरमैन शेर अली जाफरी।

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** सैदपुर करेंगी रोड स्थित खुसरो डिग्री कालेज सरौरी बगरैन में पौधरोपण अभियान के तहत तीसरी बार पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि खुसरो ट्रस्ट के चेयरमैन शेर अली जाफरी ने पौधरोपण के दौरान कहा कि मनुष्य को जीवन एक पौधा जरूर लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए, कहा कि प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है

मुख्य अतिथि रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बगरैन प्रभारी सुपेन्द्र मलिक ने कहा कि अगर समय रहते प्रकृति को नही बचाया गया तो आने वाले दिनो में पृथ्वी पर निवास करने वाले मनुष्यों को जल तथा वायु संकट से जूझना पडेगा, मानव जीवन कठिन हो जायेगा ।

ओ पी इंटर कॉलेज बगरैन के प्रबंधक ने कहा कि पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वृक्षों को कटने से बचाना होगा, और नये पेड़ों को लगाना होगा और उनका संरक्षण करना जरूरी है। आईरा जिला अध्यक्ष ठा. वेदपाल सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ ही लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में। वृक्षारोपण के साथ उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया जा रहा है। आईरा ने जनपद में 1001 पेड़ लगाने का संकल्प लिया है जिसमे 200 पौधों का वृक्षारोपण करवा चुकी है ।

## आज आठ घंटे प्रभावित रहेगी बिजली आपूर्ति

**जलेसर, अमृत विचार :** नगर की विद्युत व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए विद्युत विभाग ने कमर कस ली है। दिनोंदिन व्यवस्था सुधार के लिए प्रयास हो रहे हैं। 18 जुलाई को प्रात : 7 से दोपहर 3 बजे तक मोहल्ला पोस्ती खाना, बारी का चौक, मोहल्ला पठानान, तहसील रोड, माधव नगर, ब्रह्मानपुरी, दरगाह रोड, मोहल्ला खाद मांन, बाबाकोल्ड स्टोरेज, गोल नगर, नागेश्वर, बगीची मोहल्ला किरी, क्षेत्र में गुरुवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड विद्युत अधिकारी गुलशन किशोर ने बताया कि जर्जर तारों की व्यवस्था सही करने के लिए कार्य किया जाएगा।

# दहेज हत्या में पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचारः** बहजोई थाना क्षेत्र के करीमपुर गांव में महिला की मौत के मामले में पति सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बदायूं जिले के थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव नाधा निवासी अंकित ने मंगलवार की देर रात पुलिस को तहरीर देकर बहन की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाकर बहजोई थाना क्षेत्र निवासी बहनोई सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि शादी के बाद से ही बहनोई विष्णु यादव व उसके पिता चंद्रकेश, मां मिथलेश व दो बहनें संगीता सरिता बहन रोशनी से दहेज में सोने की अंगूठी व पचास हजार रुपये मायके से लाने की मांग करने लगे थे। दहेज लाने से मना करने पर ससुराल वाले रोशनी को प्रताड़ित करते थे और मंगलवार की सुबह साढ़े दस बजे इन लोगों ने रोशनी की गला दबाकर हत्या कर दी। कोतवाल योगेश यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# टीबी रोगियों को मिल रही दस दिन की दवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **तीन महीने बाद पहुंची टीबी की दवा, अब नहीं लगेगी भीड़**
- **जिला अस्पताल में क्षय रोगियों को दवा की थी परेशानी**

**अमृत विचार :** मरीजों को अब दस-दस दिन की दवा मिलने लगी है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी टीबी की दवाएं मुहैया करा दी गयी हैं।

जिला अस्पताल स्थित जिला क्षय रोग केंद्र पर चार महीने तक दवा के लिए मारामारी छी। दवाएं खत्म हो जाने के कारण टीबी के मरीजों को दो दो दिन की दवाएं दी गयीं। जिससे टीबी के मरीजों को हर तीसरे दिन अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती थी।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने टीबी की दवाएं खत्म होने की जानकारी सीमएओ को दी, जिसके बाद सीएमओ ने शासन और स्वास्थ्य निदेशालय से संपर्क किया, लेकिन दवाएं नहीं मिल सकीं। स्वास्थ्य निदेशालय से आदेशित किया गया कि कुछ दिनों तक सीएमओ और सीएमएस के स्तर से दवाएं खरीद ली जाए, जिससे मरीजों को दवाएं दी जा सकें।

> टीबी की दवाएं शासन स्तर से भेज दी गयी हैं जो पिछले दिनों यहां पहुंच गई हैं। दवाएं अब पर्याप्त मात्रा में हैं इसलिए मरीजों को फिर से दस दस दिन की दवाएं दी जा रही हैं। दस दिन की दवा मिलने से मरीजों की भीड़ भी यहां पर कम हो गयी है। अब मरीजों का बलगम टेस्ट करने के लिए सैंपल भेजे जा रहे हैं। नए मरीजों को भी दस दिन की दवाएं दी जा रही हैं जबकि कुछ पुराने मरीजो की दवा बंद कर दी गयी है। **-डा. विनेश कुमार**, जिला क्षय रोग अधिकारी

उक्त आदेश मिलने के बाद मई में यहां दवाएं खरीदी गयीं। दवाएं खरीदने के बाद भी मरीजों को दो दो दिन की दवाएं ही दी गयीं। टीबी सेंटर पर मरीजों की हर रोज दर्जनों मरीजों की लाइन लगती थी। इसी बीच शासन स्तर से जून के महीने में कुछ दवाएं भेज दी गयीं। जिसके बाद मरीजों को तीन तीन दिन की दवाएं मिलने लगीं।

हालांकि मरीजों को फिर भी दिक्कतों का सामना ही करना पड़ा। कई मरीजों को बाजार की भी दवाएं लिखी गयी जिसके बाद कुछ मरीजों ने हंगामा भी किया। जून के अंतिम सप्ताह में शासन स्तर से टीबी की बड़ी खेप जिला अस्पताल को मिली है। इसलिए अब दवाओं की दिक्कत नही है।

जनपद के सभी पन्द्रह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी टीबी की दवाएं भेज दी गयी हैं। जिससे दूर दराज के टीबी के मरीज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो से ही दवा ले रहे हैं। नए स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी टीबी की दवाएं दी जा रही हैं। टीबी मरीजों को उनके बलगम की रिपोर्ट आने के बाद ही टीबी की दवा दी जा रही है। मरीज का नाम पता दर्ज कर उसके खाते में सरकार द्वारा भेजे जा रहे पांच सौ रुपए हर महीने भी दिए जा रहे हैं।

# सड़क पर गोवंश का डेरा, यातायात बाधित



फर्रुखाबाद रोड स्थित गांव कुलचौरा पर सड़क पर खड़े गोवंश। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ग्रामीण परेशान, प्रशासन से की गोशाला में भेजने की मांग**
- **एमएफ राजमार्ग पर गांव कुलचौरा के पास बैठे रहते हैं सैकड़ों गोवंश**

**अमृत विचार :** गोवंश के चलते खेत-खलिहान सुरक्षित नहीं हैं जबकि सड़कों पर भी यातायात बाधित करते दिख जाते हैं। फर्रुखाबाद रोड स्थित कुलचौरा गांव में दो सौ के करीब छुट्टा गोवंश हैं। वह रात के समय सड़कों पर डेरा जमा लेते हैं हैं।

शासन के सख्त निर्देश हैं कि छुट्टा गोवंश नहीं दिखने चाहिये। सड़कों, गांवों, खेत-खलिहानों में घूम रहे छुट्टा गोवंशों को गोशालाओं में पहुंचाया जाये। यदि कहीं छुट्टा गोवंश घूमता मिला तो कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इसी महीने छुट्टा गोवंश को पकड़ कर गोशालाओं में रखने का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान धरातल पर कम दिखा लेकिन कागजों में पूरी सक्रियता रही। 10 दिन में कितने गोवंश पकड़े गये। इसका किसी के पास जवाब नहीं है। छुट्टा गोवंशों से रात के समय दुर्घटनाएं हो रहीं हैं।

फरूखाबाद रोड पर कुलचौरा गांव में दो सौ के आसपास छुट्टा गोवंश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गोवंश उनकी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। फसलों की रखवाली करते समय सांड हमले कर देते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है, ऐसे हमलों में दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिन में भी गोवंश सड़कों पर घूमते हैं जिससे कभी-कभी वाहन दुर्घटना हो जाती है। रात को अक्सर सड़क पर ही बैठते हैं। वाहन चालक को उनके हटने का इंतजार करना पड़ता है या फिर गांव के लोग ही लाठी लेकर उन्हें हटाते हैं। ग्रामीणों ने गोवंश को गोशाला में रखने के लिए कई बार जिलाधिकारी को पत्र भी दिए मगर कभी नहीं हुई।

> छुट्टा गोवंश को पकड़ने के लिए नगर पालिका बिसौली ने भी अभियान चलाया। सात दिन में नौ गोवंश पकड़ कर गोशाला में पहुंचाया गया। नगर पंचायत इस्लामनगर और फैजगंज बेहटा में भी अभियान चला कर आधा दर्जन गोवंश पकड़े गये। हालांकि जिला प्रशासन की सख्ती के बाद काम शुरू कर दिया गया है लेकिन अभियान को धीमी गति से चलाया जा रहा है। अब तक जिले भर में 197 छुट्टा गोवंश पकड़ कर गोशालाओं में भेजे जा चुके हैं। **-विनोद कुमार**, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

ऐसे ही मंडी से लेकर उसहैत रोड पर भी समस्या रहती है। मंडी समिति कुरऊ मोड़ पर कई दर्जन गोवंश रात में सड़क पर बैठते हैं जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। मंडी से लेकर सिमरिया गांव तक यही हाल रहता है। रसूलपुर के लोगों का कहना है कि प्रधान और सचिव से भी कई बार शिकायत की लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। शहर में बीते सप्ताह चलाए गए अभियान में नगर पालिका प्रशासन ने 17 छुट्टा गोवंश को सड़कों से पकड़ और नगर पालिका की गोशाला में पहुंचाया। पालिका प्रशासन का कहना है कि अभियान जारी है। कर्मचारी हर रोज दो से तीन गोवंश पकड़ रहे हैं।

# बच्चे निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने को मजबूर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **अभी तक बाजार में नहीं आईं हैं एनसीईआरटी की किताबें**
- **जनवरी माह के प्रथम सप्ताह तक कोर्स पूरा के लिये खरीदारी**

**अमृत विचारः** सरकार ने माध्यमिक स्कूलों में एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) की किताबों से पढ़ाई कराने का आदेश दिया है। निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई कराने को प्रतिबंधित किया है। अभी तक बाजार में एनसीईआरटी की किताबें नहीं आईं हैं। ऐसे में प्रतिबंध के बावजूद माध्यमिक स्कूलों के बच्चे महंगे निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने को मजबूर हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने अप्रैल में शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद शैक्षिक कैलेंडर जारी किया था। इसमें जनवरी माह के प्रथम सप्ताह तक कोर्स पूरा कराने का आदेश स्कूलों को दिया है। अक्टूबर तक अर्धवार्षिक परीक्षाएं कराने का आदेश है। साथ ही निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई कराने पर प्रतिबंध लगाते हुए एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने को कहा गया है लेकिन शैक्षिक सत्र शुरू हुए तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है। अभी भी बाजार में एनसीईआरटी की किताबें नहीं पहुंची हैं। बाजार में किताबें न मिलने से बच्चे मजबूरी में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने को मजबूर हैं। किताबों की बिक्री करने वाले दुकानदारों का कहना है कि एनसीईआरटी की किताबों का पुराना स्टॉक बेचा जा चुका है। अब पुराने स्टाक में कोई किताब नहीं बची है। बच्चे एनसीईआरटी की किताबें मांग रहे हैं। उन्हें मना कर दिया जा रहा है। किताबें नहीं आने पर बच्चे शिक्षकों के कहने पर निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने आ रहे हैं।

> एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध कराने के लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा है। शिक्षकों और स्कूल प्रबंधकों को भी पढ़ाई कराने के आदेश हैं। **-डॉ प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक

**शिक्षकों पर कोर्स पूरा कराने का दबावः** माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों का कहना है कि जनवरी तक कोर्स पूरा कराना है। किताबों के अभाव में बच्चे स्कूल आने के बाद भी खाली बैठे रहते हैं। पढ़ाई का माहौल नहीं बन रहा है। मजबूरन निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई करानी पड़ रही है जिससे समय से कोर्स को पूरा किया जा सके।

**कमीशनखोरी बंद करने के लिए लगा है प्रतिबंधः** स्कूल प्रबंधन निजी प्रकाशकों के साथ मिलकर कमीशन खोरी का खेल खेला करते थे। निजी प्रकाशकों पर शिकंजा कसने और निजी स्कूलों की मनमानी, कमीशन खोरी पर प्रतिबंध लगाने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की गई थीं परंतु बाजार में एनसीईआरटी की किताबों की उपलब्धता नहीं होने की वजह से निजी प्रकाशकों की किताबें बिक रही हैं।

### सस्ती होती हैं एनसीईआरटी की किताबें

एनसीईआरटी की किताबें निजी प्रकाशकों के मुकाबले काफी सस्ती हैं। निजी प्रकाशक की एक किताब की कीमत सौ रुपये है तो एनसीईआरटी की किताब की कीमत मात्र 30 रुपये है। किताबें सस्ती होने से माध्यमिक स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबों के स्थान पर एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने के लिए सरकार के आदेश हैं।

## बिजली के तार में अटका ताजिया किया हंगामा

**बिलासपुर, अमृत विचार:** खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव औरंगनगर खेड़ा में बुधवार को ताजियों का जुलूस निकाला जा रहा था। इसी बीच एक ताजिया बिजली की लाइन में अटक गया। ताजियदारों ने जुलूस को रोक कर हंगामा किया।

ग्राम प्रधान भूपराम गंगवार भी मौके पर पहुंच गए। ताजियेदारों और प्रधान के बीच नोकझोंक होने लगी। पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए ताजियेदारों से वार्ता की और आश्वासन देते हुए उन्हें शांत करा दिया। पुलिस के आश्वासन पर लोग मान गए। करीब एक घंटे चले हंगामे के बाद जुलूस कर्बला की ओर बढ़ गया। बाद में किसान नेता बलबीर सिंह गंगवार सहित आदि किसानों ने ताजियेदारों को छबील लगाकर शर्बत पिलाया। ग्राम प्रधान ने बताया कि बिजली के तारों को लेकर कुछ समस्या आई थी। इस कारण मामूली विवाद हो गया था। भविष्य में इस समस्या का ध्यान रखा जाएगा।

# खून से लथपथ तड़पता रहा पति, पत्नी ने हत्यारों से कहा- करते रहो वार

### बेटे की चाहत में छह माह पूर्व तांत्रिक के संपर्क में आई थी पीतल कारोबारी की पत्नी

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचार:** कघटर थाना क्षेत्र में शनिवार आधी रात को हुई पीतल कारोबारी की हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पत्नी ने अपने प्रेमी तांत्रिक के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बुधवार को पत्नी तन्नू चौधरी और मोहित को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना का मुख्य साजिशकर्ता तांत्रिक कन्हैया फरार है।

थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी पीतल कारोबारी अनिल चौधरी की 13 जुलाई की रात को हत्या कर दी गई थी। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि अनिल की हत्या उसकी पत्नी तन्नू चौधरी व प्रेमी कन्हैया ने मिलकर की थी। तन्नू पिछले छह माह से तांत्रिक कन्हैया के संपर्क में थी। कारोबारी की दो बेटियां हैं। बेटे

**अनिल हत्याकांड**

- **प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहा था पति, इसलिए रची थी अनिल की हत्या की साजिश**

अनिल की पत्नी तन्नू चौधरी ने तांत्रिक प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की थी। अनिल प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहा था। बुधवार को पत्नी तन्नू और मोहित को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार मुख्य साजिशकर्ता की तलाश की जा रही है। **-अखिलेश भदौरिया**, एसपी सिटी

की चाहत में तन्नू तांत्रिक कन्हैया के संपर्क में आई थी। हर शनिवार को कन्हैया बालाजी का दरबार लगाता था।

बच्चों के साथ तन्नू भी वहां जाया करती थी। कई बार दोनों साथ में बालाजी के दर्शन करने के लिए राजस्थान भी गए थे। इसके बाद उसकी कन्हैया से काफी नजदीकी हो गई थी। जिसकी भनक अनिल को लग गई थी। आरोपी मोहित ने बताया है कि दो माह पूर्व वह कन्हैया के पास अपनी बहन को ले गया था। वहां उसका संपर्क आमोद और तन्नू से हुआ था। तीनों में घनिष्ठता बढ़ गई। 13 जुलाई को कन्हैया ने दरबार लगाया जहां पर तन्नू अपने बच्चों के साथ पहुंची।

तांत्रिक कन्हैया ने बंद कमरे में बैठाकर हत्या की साजिश रची। कन्हैया ने तन्नू को अनिल के खाने में मिलाने के लिए नशे का कैप्सूल दिया। शनिवार की रात तीनों अनिल के घर पहुंचे। कन्हैया ने निगरानी के लिए बाइक घर से थोड़ी दूर ही रोक ली। योजना के अनुसार पत्नी ने पहले से ही घर का गेट खुला छोड़ दिया था। आमोद और मोहित घर में घुस गए। तन्नू बेड पर बैठी थी और अनिलगहरी नींद में सो रहा था। तीनों ने मिलकर अनिल के शरीर पर चाकू से 15 वार किए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पत्नी तन्नू चौधरी व मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य साजिशकर्ता तांत्रिक कन्हैया अभी फरार है।

**वारदात को देनी थी लूट की शक्ल लेकिन बेटी जाग गई**

चाकू से हमला होने पर अनिल चौधरी की चीख निकली तो उनकी 13 साल की बेटी मानवी की आंख खुल गई थी। बेटी की आंख नहीं खुली होती तो तन्नू इसे लूट के विरोध पर हत्या का रूप देने की प्लानिंग बनाए बैठी थी। लेकिन, बेटी के जागने पर उसने कातिलों आमोद और मोहित को पहचान लिया। इसके बाद तन्नू को कहानी बदलनी पड़ी। उसने कहानी बनाई कि फर्म का पेमेंट देने के नाम पर आमोद और मोहित ने गेट खुलवाया और फिर उसके पति पर हमला कर दिया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिये से कुचलकर बालक की मौत, पिता घायल

**स्वार (रामपुर), अमृत विचार:** नगर पंचायत नरपतनगर निवासी रईस अहमद का बेटा मोहम्मद आरिश कक्षा एक का छात्र था। बुधवार को पिता अपने बेटे को बाइक पर बैठाकर गांव बूढ़ी दढ़ियाल स्थित कर्बला में ताजिये की चिरागी करने गया था। बाइक से लौटते समय नरपतनगर स्थित ईदगाह के सामने बाजपुर की ओर से आ रही लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली के पहिये से कुचलकर बालक की मौत हो गई।

पिता मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। हादसे के दौरान रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को बीच मार्ग से हटवाकर जाम खुलवाया। चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सेना में नौकरी के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पे

अमरोहा कार्यालय

**अमृत विचार :** सेना में नौकरी के नाम पर पिता व दो बेटों ने युवक को झांसे में लेकर उससे आठ लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

संभल के एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव भावलपुर बांसली में दिवेश कुमार का बेटा सनी सेना में जाने की तैयारी कर रहा था। अप्रैल 2023 में दिवेश की मुलाकात अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कैलसा निवासी दो भाइयों अनुज व तरुण से हुई। दोनों ने बंगलुरु के रहने वाले सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी से अच्छी पहचान होने की बात कही और सनी की नौकरी सेना की अकाउंट शाखा में बाबू के पद पर लगवाने का दावा किया। अनुज व तरुण के पिता सुनील ने भी नौकरी लगवाने की गारंटी दी। बदले में उपहार स्वरूप अधिकारी को आठ लाख रुपये देने देने के लिए कहा।

दिवेश ने तरुण को दो लाख रुपये दे दिए। इसके बाद उसने मई के महीने में नियुक्ति पत्र मिलने का दावा किया। इसके बाद दिवेश ने अपने दूसरे बेटे कनिक बंगा के खाते से 17 मई 2023 को 60 हजार रुपये तथा 19 मई को 5.40 लाख रुपये अनुज कुमार के खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद सुनील ने क्लर्क पद ग्रेड ए की एक फोटो कॉपी दिखाई। कुछ और औपचारिकताएं पूरी करने की बात कह कर एक लाख रुपये की मांग की। दिवेश ने 50 हजार रुपये अनुज कुमार के खाते पर फोन पे कर दिए। दिवेश घर जाकर लिफाफे में देखा तो उसमें तीन फोटो कॉपी थी जिसमें 10 लोगों की नियुक्ति की सूची थी। मूल कॉपी मांगने पर आरोपियों इनकार कर दिया। बाद में दोनों ने अपने मोबाइल बंद कर लिया। जानकारी करने पर पता चला कि सूची फर्जी है और उनके सेना में नौकरी के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पे गए हैं। इस पर पीड़ित ने मामले में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने मामले में अनुज, तरुण व उनके पिता सुनील कुमार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# छोटे अस्पतालों को मिले नवीनीकरण से छूट

बरेली कार्यालय

- **डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रतिनिधिमंडल**
- **डॉ. प्रमेंद्र ने झोलाछापों के मरीजों की जान से खेलने का संज्ञान लेने को कहा**

**अमृत विचार :** वन मंत्री व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार की अगुवाई में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने उनसे 50 बेड से कम के अस्पतालों को भी हर साल नवीनीकरण की बाध्यता से छूट देने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस वजह से डॉक्टरों को बेवजह सीएमओ कार्यालय के चक्कर काटते पड़ते हैं और अनुपयोगी कागजी कार्रवाई पूरी करनी पड़ती है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 50 और उससे ज्यादा बेड के अस्पतालों का पांच वर्ष में नवीनीकरण कराया जाता है। यही नियम 50 या उससे कम बेड वाले अस्पतालों पर लागू किया जाए क्योंकि अधिकतर अस्पताल 50 बेड से कम ही हैं। प्रदेश सह संयोजक और बरेली नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने अप्रशिक्षित लोगों के अस्पताल खोलकर मरीजों का गलत इलाज करने और उनकी जान पर बन आने पर हायर सेंटर रेफर करने का मामला डिप्टी सीएम के सामने रखा और आग्रह किया कि शासन इस पर भी ध्यान दे। बताया कि सीएमओ ऑफिस को झोलाछापों के अस्पतालों पर कार्रवाई करनी चाहिए जो बिना कोई रजिस्ट्रेशन कराए मरीजों की जान से खेलते हैं और नकली दवाओं का उपयोग करते हैं। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयोजक डॉ. अभयमणि त्रिपाठी, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. हिमांशु सेठी हरदोई, डॉ. वाई सिंह गोरखपुर, डॉ. शाश्वत विद्याधर महानगर संयोजक शामिल रहे।

## माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी का परिणाम जारी

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष का परिणाम जारी कर दिया है। विद्यार्थी वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। इससे पहले बीकॉम प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष का परिणाम जारी किया जा चुका है। अभी कई पाठ्यक्रमों का परिणाम प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा के अंक अपलोड न होने की वजह से अटका हुआ है। बार-बार तिथि बढ़ाने के बावजूद कई महाविद्यालयों ने अंक नहीं अपलोड किए हैं।

# भट्ठे के गड्ढे में नहाते युवक की दलदल में फंसकर मौत

संभल कार्यालय

- **युवक पानी में कूदा तो दलदल में फंस गया और बाहर नहीं आ सका**



मृतक सुमित

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठे के गड्ढे में नहाते समय दलदल में फंसकर युवक की मौत हो गई।

गांव पंवासा निवासी करनपाल शर्मा उर्फ मिंटू शर्मा का 18 वर्षीय बेटा सुमित शर्मा बुधवार की सुबह खेत पर धान की पौध की रोपाई करने गया था। गर्मी लगने पर साढ़े नौ बजे साथियों के साथ पास में ईंट भट्ठे पर गड्ढे में भरे पानी में नहाने आ गया। साथी अलग गड्ढे में नहा रहे थे जबकि सुमित अकेला दूसरे गड्ढे में नहाने चला गया। सुमित ने गड्ढे में छलांग लगाई तो उसका सिर दलदल में फंस गया। काफी देर तक बाहर नहीं आया तो उसके साथियों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर गांव व आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों ने गड्ढे में उतरकर सुमित को बाहर निकाला। आनन फानन में उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। करनपाल ने बताया कि सुमित को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था। बांस से गड्ढे की गहराई नापी जिससे पता चला की गड्ढे की गहराई करीब 17 फीट थी। इसके बाद ही तैरना जानने वाले लोग गड्ढे में उतरे। पता चला कि सुमित का सिर गड्ढे की दलदल मिट्टी में फंसा हुआ था।



ईंट भट्ठे के पास भरा पानी जिसमें डूबकर युवक की मौत हुई। ● अमृत विचार

## बड़े भाई को सोते समय हथौड़े से वार कर मार डाला

संवाददाता, बिलसंडा (पीलीभीत)



मृतक सुनील कुमार

**अमृत विचार:** चारपाई पर सोते वक्त बड़े भाई पर छोटे भाई ने हथौड़े से कई वार किए और जान ले ली। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग गया। बहन की शादी के भाई से ही खर्च को लेकर दोनों के बीच झगड़ा चल रहा था। लहूलुहान शव मिलने पर परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव मार की है। यहां के रहने वाले 32 वर्षीय सुनील पुत्र रामासरे का शव बुधवार सुबह चारपाई पर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। शव पर परिवार वालों की नज़र पड़ी तो चीख पुकार मच गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। परिजन का आरोप था कि मृतक के छोटे भाई सुधीर ने सोते वक्त हत्या कर दी।

बताते हैं कि मंगलवार को आरोपी सुधीर नशे में धुत होकर आया। जिस पर पिता व भाई से झगड़ा हो गया था। इसमें मारपीट भी हुई थी। मामला शांत होने पर सभी सोने चले गए थे।

जब सब सो गए तो आरोपी ने चारपाई पर सो रहे अपने बड़े भाई पर हथौड़े बरसाकर उसकी हत्या कर दी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। **– रणजीत सिंह**, एसओ बिलसंडा

## कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती व पुत्र की मौत

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** मोहम्मदी-शाहजहांपुर मार्ग पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक और बाइक पर सवार उसके डेढ़ साल के पुत्र की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई।

शाहजहांपुर जिले के रौजा कुटिया मंडी निवासी विमलेश अपनी पत्नी शबनम और डेढ़ साल के बेटे पीयूष को बुधवार की शाम बाइक से लेकर घर जा रहा था। गांव बरैंचा के पास सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क किनारे जा गर गए। पति विमलेश व पुत्र पीयूष की मौके पर ही मौत हो गई। घायल पत्नी शबनम को शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया था। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से भाग निकला।

# बाघ ने किसान पर किया हमला, हालत गंभीर

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचार :** महेशपुर वन रेंज की देवीपुर बीट के गांव बंजरिया में खेत में 75 वर्षीय किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। किसान ने जान बचाने के लिए बाघ पर हंसिए से कई वार किए। इस पर बाघ छोड़कर भाग निकला। घायल किसान को सीएचसी लाया गयाए जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

गांव बंजरिया निवासी हरिपाल सिंह (75) बुधवार को अपने खेत पर चारा काटने गए थे। तभी छुपे बैठे बाघ ने पीछे से उन पर अचानक हमला कर दिया। शोर मचाते हुए उन्होंने बाघ पर हंसिए से कई प्रहार किए। बताते हैं कि करीब 20 मिनट तक वह बाघ से जूझते रहे। शोर सुनकर आसपास के तमाम किसान लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। इस पर बाघ भाग निकला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल किसान को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार सीओ अरुण कुमार सिंह व वन विभाग के अधिकारी सीचएचसी पहुंचे। डॉक्टरों से घायल किसान का हाल जाना।

**बाघ और तेंदुए का शिकार बनीं दो बछिया, दहशत में ग्रामीण**

**संवाददाता, महंगापुर, अमृत विचार :** पलिया रेंज में तेंदुआ और बाघ ने बीती रात में दो बछियों का अपना नेवाला बना लिया। मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को समूह में खेतों पर जाने के लिए कहा है। गांव महंगापुर निवासी हरजीत सिंह ने बताया कि बीती रात दो साल की बछिया बाहर बंधी थी। रात में तेंदुआ घर की दीवार कूदकर अंदर आ गया और बछिया को उठा ले गया। घर के पीछे उसका अधखाया शव मिला। सूचना देने पर परसपुर वन चौकी से आए फारेस्टर राकेश कुमार पटेल ने पग चिन्ह देखकर तेंदुआ होने की पुष्टि की। उधर पढ़ुवा बस स्टैंड से खल्ला जाने वाले मार्ग पर स्थित गांव निवासी एवं बीडीसी श्रीकृष्ण बुधवार सुबह जब खेत पर पहुंचे तो अंदर एक बछिया का शव आधा खाया दिखा। उन्होंने इसकी सूचना वन वाचर को दी। मौके पर पहुंचे वन वाचर ने पग चिन्ह देखकर बाघ की पुष्टि की।

# सांप से डरे युवक की पेड़ से गिरकर मौत

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** बच्चे के कहने पर आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक सर्प की फुफकार से भयभीत होकर नीचे जा गिरा। आनन-फानन में परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिले के लिए रेफर करने की प्रक्रिया शुरू की। इसी दौरान उसने सीएचसी में ही दम तोड दिया। मौत से घर में कोहराम मच गया।

जैतीपुर क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी रामवीर पुत्र भवानी ने बताया कि बुधवार सुबह को वह और उसका छोटा भाई सुनील (26) खेत पर धान लगाने गया था। सुनील का बेटा(6) गौरव खेत पर पहुंचा। उसने पड़ोस के खेत में खड़े आम के पेड़ पर लगे आम तोड़ने की जिद की। अपरान्ह करीब ढाई बजे सुनील आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा। बीस फिट की ऊंचाई पर पहुंचते ही अचानक सुनील नीचे गिर गया। भाई रामवीर ने बताया कि घायल सुनील ने बताया कि पेड़ पर काला सर्प था। जिसके फुंसकारने से वह डर से नीचे गिर गया। रामवीर आनन फानन में बाइक से उसे बैठाकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा। जहां डॉ. ऋतुराज ने गंभीर हालत में सुनील को प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया। जब तक एंबुलेंस अस्पताल पहुंची सुनील ने दम तोड़ दिया। इस दौरान सीएचसी पहुंची सुनील की मां सोमवती, पत्नी अनीता बिलख पड़ीं। सोमवती ने बताया कि सुनील दो साल का था तभी उनके पति भवानी की मौत हो गई थी।

### बीमारियों के पैथोलॉजिकल निदान के लिए हुई कार्यशाला

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पैथोलॉजी विभाग में पशुओं और मुर्गियों में उभरती बीमारियों के पैथोलॉजिकल निदान के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला शुरू की गई। इस 10 दिवसीय कार्यशाला में देश के 12 राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के परास्नातक और डॉक्टरेट के छात्रों सहित 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयुक्त निदेशक ( केडराड ) डॉ. केपी सिंह ने कार्यशाला की शुरुआत की। संयुक्त निदेशक ( शोध ) डॉ. एसके सिंह ने पशु रोगों के प्रारंभिक और सटीक निदान के महत्व पर जोर दिया। पीएमई सेल के प्रभारी डॉ. जी साईकुमार ने वन हेल्थ की अवधारणा को संक्षेप में समझाया।

## खेत पर बालक को सांप ने डसा झाड़फूंक में चली गई जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** धान की पौध लगा रहे पिता को खाना देने गए एक बालक को सर्प ने पैर में डस लिया। परिवार वाले तीन घंटे तक उसकी झाड़ फूंक कराते रहे। कोई असर न पड़ने पर परिवार वाले उसे फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव कोयला ज्ञानपुर निवासी प्रेमपाल मंगलवार को खेत पर धान की पौध लगा रहे थे। उसका पुत्र अनमोल( 11 ) अपने पिता को दोपहर बाद चार बजे खाना देने के लिए खेत पर गया। वह खेत पर खेल रहा था। इस दौरान उसके पैर में सर्प ने डस लिया। वह समझ नहीं पाया कि उसके पैर में सर्प ने डस लिया। वह शाम पांच बजे घर पर आया और नल के पास नहाने के लिए गया तो अचानक बेहोश हो गया। पैर में सर्प ने डसा था, मामूली से खून निकल रहा था। खबर मिलने पर प्रेमपाल खेत से घर पर आए। उनके बेटे का शरीर नीला पड़ रहा था। वह झाड़ फूंक कराने वाले तांत्रिक के पास ले गए। तीन घंटे तक झाड़ फूंक से उसके ऊपर कोई असर नहीं पड़ा तो परिवार वाले उसे फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव रात ही में फर्रुखाबाद से घर लेकर आ गए। परिवार वालों ने अल्हागंज थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालक की सर्प के डसने से मौत हुई थी। वह कक्षा छह में गांव के स्कूल में पढ़ता था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

**पानी में डूबे धान का मुआवजा बीमा में नहीं :** बरेली, अमृत विचार : जिले में बारिश की वजह से बर्बाद हुई धान की फसल का मुआवजा किसानों को नहीं मिलेगा, क्योंकि पानी में डूबे धान की फसल का मुआवजा बीमा के दायरे में नहीं आता है। ऐसे में किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिले में 17 जुलाई तक 304 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन 185 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। प्रदेश में बरेली ज्यादा बारिश वाले जिलों में चौथे स्थान पर है, जबकि पहले पर कासगंज है। जुलाई में धान की बुवाई शुरू हो जाती है। तभी मानसून की ऐसी बारिश हुई किसानों की धान की पौध नष्ट हो गई। अब बीमा के जरिए इसकी भरपाई भी नहीं हो पाएगी।

### 2023 में 40 महिलाएं मिली थीं एचआईवी संक्रमित, इस साल छह महीने में ही 32 हुआ आंकड़ा

# महिलाओं में 60 प्रतिशत तेजी से बढ़ा एचआईवी

अंकित चौहान, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में एचआईवी संक्रमित महिलाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। पिछले साल की तुलना में इस साल अब तक लगभग 60 फीसदी एचआईवी संक्रमित हुई हैं। इनमें कई ऐसी हैं जिनमें पहली बार गर्भवती होने के बाद प्रसव से पहले हुई जांच में एचआईवी संक्रमण का पता चला है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि जिले में एचआईवी संक्रमित स्त्री-पुरुषों की संख्या इससे कई गुना ज्यादा हो सकती है। जांच न कराए जाने की वजह से वे लोग इससे बेखबर हो सकते हैं।

जिला महिला अस्पताल के प्रिवेंशन ऑफ पैरेंट्स टू चाइल्ड सेंटर यानी पीपीसी-टीसी के रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2023 में जनवरी से दिसंबर तक करीब 40 महिलाओं को एचआईवी संक्रमण से ग्रसित पाया गया था




- **पहली बार गर्भवती होने के बाद जांच में संक्रमित पाई 12 महिलाएं**
- **सरकारी आंकड़ों से कई गुना ज्यादा हो सकती है असल संख्या**

लेकिन इस साल छह महीनों में ही उनकी गिनती 32 हो गई है। सेंटर के रिकॉर्ड के मुताबिक इससे पहले कभी एक साल में एचआईवी संक्रमित महिलाओं की संख्या 40 से पार नहीं हुई है, ऐसा पहली बार है जब छह महीने में इतने ज्यादा केस मिले हैं। इस लिहाज से यह काफी चौंकाने और आशंका पैदा करने वाला आंकड़ा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस साल एचआईवी संक्रमित मिलीं 32 महिलाओं में 12 ऐसी हैं जिन्हें शादी के शुरुआती साल में एचआईवी ग्रसित होने का पता लगा है। वह भी तब जब गर्भवती होने के बाद प्रसव से पहले उनकी एचआईवी समेत शरीर की सभी जांचें कराई गईं। कुछ ऐसी महिलाएं भी चिह्नित की गई हैं जिन्हें अपने पति से यह संक्रमण मिलने की बात साफ हुई है।

**जिले में 18 सौ पार हुई एचआईवी संक्रमित महिलाओं की संख्या**

जिला अस्पताल में बने एआरटी सेंटर में मंडल भर के मरीजों की जांच होती है। इस सेंटर में बरेली जिले के करीब पांच हजार एचआईवी संक्रमित मरीज पंजीकृत हैं। इनमें महिलाओं की संख्या भी अब 18 सौ के पार हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि जागरूकता की कमी और सावधानी न बरतने की वजह से एचआईवी संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

**सावधानी बरतना जरूरी**

पीपीटीसी-टीसी की काउंसलर नीरज शर्मा ने बताया कि सेंटर पर आने वाली गर्भवती महिलाओं की प्रसव से पहले अनिवार्य रूप से एचआईवी समेत शरीर की सभी जांचें कराई जाती हैं। वर्ष 2024 में जनवरी से जून तक 32 महिलाएं एचआईवी संक्रमित मिली हैं, इनमें 10 से 15 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, किसी संक्रमित मरीज को उपयोग की हुई सिरिंज का इस्तेमाल और अप्रमाणित ब्लड बैंक का ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराना एचआईवी से ग्रसित होने के मुख्य कारण हैं।

## मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव से 8.5 लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** संजयनगर निवासी गौरव राठौर ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव हैं। अप्रैल में उन्होंने फेसबुक पर शेयर खरीदने पर मोटा मुनाफा होने का विज्ञापन देखा था। कुछ दिन बाद उनके व्हाट्सएप नंबर को जीएफएसएल सिक्योरिटी ऑफिशियल स्टॉक सी-92 के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया। ग्रुप पर कई चैट भेजी गईं, जिनमें लोगों के लाभ और लाभ लेने वाले लोगों के फोटो भेजे गए। विश्वास दिलाया गया कि जीएफएसएल ग्रुप से यदि वह आईपीओ एलॉटमेंट शेयर खरीदते हैं तो काफी लाभ होगा। 18 मई को जीएफएसएल ग्रुप की ओर से एक नए नंबर से एक लिंक भेजा गया। इस लिंक से एक एप डाउनलोड कर लिया। इसके बाद आरोपियों के बताए गए अलग-अलग खातों में आठ लाख 57 हजार 500 रुपये जमा कर दिए। उन्होंने अपने, अपनी पत्नी कोमल, भाई रवि और दोस्त नफीस के खाते से रुपये जमा किए। 23 जून को उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

# टहलने निकली वृद्धा को कुत्तों ने नोच कर मार डाला

अमरोहा कार्यालय

- **कॉलोनी के पास लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला शव**
- **महिला के पैर, हाथ और पेट को बुरी तरह घायल कर दिया था**

**अमृत विचार :** कॉलोनी में टहलने निकली 108 साल की महिला को कुत्तों के झुंड ने नोच कर मार डाला। वृद्धा का शव बुधवार सुबह कॉलोनी के पास लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला।

बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र की फ्रेंडस कॉलोनी निवासी रामकली पत्नी स्व. लल्लू सिंह अपने परिवार के साथ रहती थी। सुबह के समय उसका शव कॉलोनी के पास पड़ा मिला। कुत्तों ने महिला के पैर, हाथ और पेट को बुरी तरह घायल कर दिया था। बताया जाता है कि गली के कुत्तों के झुंड ने टहलने निकली वृद्धा पर हमला किया तो महिला ने बचाव में चीख पुकार मचाई होगी लेकिन सवेरे किसी ने उसकी आवाज को नहीं सुना और कुत्तों ने जान ले ली। वृद्धा के पौत्र शनि कुमार ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोगों में दहशत फैल गई। इससे पहले बीती 12 अप्रैल को गजरौला के बहलोलपुर में स्थित ईंट भट्टे पर पांच वर्षीय बच्ची दिव्यांशी को शौच करने के दौरान कुत्तों के झुंड ने बुरी तरह नोचकर घायल कर दिया था। परिवार वालों के अनुसार बच्ची की उपचार के दौरान अमरोहा के सरकारी अस्पताल में मौत हो गई।

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड शाखा बरेली से तारिक अन्सारी पुत्र जिलानी निवासी ग्राम व पोस्ट चन्द्रपुरा तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत ने एक किता मकान तादादी 56 वर्ग मीटर स्थित मो. बख्तावर लाल वार्ड नं. 6 कस्बा व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत जिसकी चौहद्दी पूरब-मकान कल्लू व विनोद, पश्चिम-गली, उत्तर-मकान बसन्ती व राजेश, दक्षिण-मकान गफूर भटियारा को विक्रेता संजीव कुमार पुत्र लालाराम निवासी 169, कल्यार सिंह वाली गली मोहल्ला बख्तावर लाल कस्बा व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत से क्रय कर रहे है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड बरेली पर या मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश सक्सेना एडवोकेट
कार्यालय चैम्बर नं. 27
सिविल कोर्ट बंगलिया
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड

## तीस साल की सेवा के बाद कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का हकदार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लाभ की पात्रता को स्पष्ट करते हुए कहा कि सीसीएस (पेंशन नियम) 1972 के नियम 48 के तहत एक सरकारी कर्मचारी को 30 साल की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस पाने का अधिकार है। बशर्ते उसे सेवाकाल के दौरान निलंबित न किया गया हो।

कोर्ट ने कहा कि नियम 48ए (2) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्वीकृति को आवश्यक बताता है, जबकि नियम 48 में सेवानिवृत्ति के लिए नियोक्ता की अनुमति आवश्यक नहीं है। वर्तमान मामले में याची के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई वीआरएस की प्रभावी तिथि के काफी बाद शुरू की गई थी। याची ने सितंबर 2013 को वीआरएस का अनुरोध किया था, जबकि विभागीय आरोप पत्र अक्टूबर 2013 को जारी किया गया था।

# काम नहीं तो वेतन नहीं का सिद्धांत अस्वीकार्य

## बहाली से पहले निष्कासन के दौरान वेतन भुगतान मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी की अवधि के दौरान राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते की पात्रता पर विचार करते हुए कहा कि बर्खास्तगी या निष्कासन के आदेश को रद्द करने के बाद बहाली पर कर्मचारियों को उस अवधि के लिए पूरे वेतन और भत्ते से वंचित नहीं किया जा सकता है, जब तक कि वह सेवा में नहीं था। ऐसी स्थिति में 'काम नहीं तो वेतन नहीं' का सिद्धांत लागू नहीं होता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने दिनेश प्रसाद की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल, याची यूपी पुलिस में अनुचर (फॉलोवर) के रूप में कार्यरत था। यूपी पुलिस अधीनस्थ अधिकारी (दंड एवं अपील) नियम 1991 के नियम 14 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद उन्हें अपने अधिकारियों को सूचित किए बिना तथा अनुमोदित अवकाश के बिना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के आरोप में 9 जनवरी 2020 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

हालांकि उनकी अपील को पुलिस उपमहानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र ने स्वीकार कर लिया और उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर 29 सितंबर 2020 को पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, देवरिया ने याची को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसके बाद उन्हें "काम नहीं तो वेतन नहीं" सिद्धांत के आधार पर बर्खास्तगी की अवधि का वेतन भुगतान नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले पर विचार करते हुए कहा कि विपक्षियों द्वारा यह सिद्ध नहीं किया गया है कि याची जिस अवधि में सेवा से बाहर था, उस दौरान वह कहीं और किसी रोजगार के माध्यम से जीविकोपार्जन कर रहा था। अतः याची उस अवधि के लिए पूर्ण वेतन और भत्ते का हकदार था, जब उसे सेवा से बाहर किया गया था। अंत में कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक, देवरिया द्वारा पारित आदेश को रद्द करते हुए याची को उक्त अवधि के लिए पूर्ण वेतन और भत्ते के साथ-साथ ब्याज के भुगतान का आदेश दिया।

### एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना को लेकर मांगा जवाब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से पूछा कि क्या प्रयागराज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तरह एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान स्थापित करने की केंद्र सरकार की कोई योजना है या नहीं? न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ ने सहज-सारथी फाउंडेशन और एक अन्य संस्थान द्वारा दायर जनहित याचिका पर यह सवाल पूछा। जनहित याचिका में नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की कमी उजागर की गई। याचिकाकर्ता ने अदालत में दलील दी कि वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक, 59 लाख से अधिक की आबादी वाले इस नगर को तत्काल सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है। याचिका में बताया गया कि नगर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, मंडलायुक्त कार्यालय और कई केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रतिष्ठान हैं और यह नगर एक प्रमुख प्रशासनिक और शैक्षणिक केंद्र है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, इन सबके बावजूद प्रयागराज में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है, क्योंकि मौजूदा मेडिकल कॉलेज और टीबी सप्रू अस्पताल में स्तरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

## हाईटेंशन तार से ताजिया छूने से 4 की मौत, 9 झुलसे

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोंडा, प्रतापगढ़ व संत कबीरनगर जिले में मोहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। गोंडा में रेलवे क्रासिंग पर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ताजिया जुलूस में शामिल मो. इलियास की मौत हो गई।

इसी जिले के उमरी बेगमगंज क्षेत्र के पकवान गांव में दोपहर बाद ताजिया जुलूस निकालते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अशरफ अली (14) की मौत हो गई, जबकि इटियाथोक थाना क्षेत्र में सात लोग झुलस गए। मोहर्रम के जुलूस का वीडियो बना रहे महाराजगंज घोसियाना निवासी नूर आलम (30) पुत्र हनीफ की करंट लगने से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के कुंडा में ताजिया का झंडा हाइटेंशन तार में छू गया, जिससे वासिफ अंसारी (32) पुत्र अब्दुल वाहिद की भी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तथ्यों को छिपाकर जनहित याचिका के नाम पर निजी हित में दाखिल याचिका को खारिज करते हुए न्यायिक प्रणाली के ऐसे दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की और याचिका को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए याची को चेतावनी दी कि वह ऐसा दोबारा ना करे। अन्यथा उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने राम प्रताप करौंधन की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। दरअसल, याचिका में ग्राम ओरन, तहसील अतर्रा, बांदा के राजस्व अभिलेखों में की गई कथित अवैध प्रविष्टियों की जांच करने और गलत आदेश पारित करने तथा जाली प्रविष्टियों में शामिल राजस्व अधिकारियों को दंडित करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग की गई।

### एमडीएस : च्वाइस भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीट एमडीएस-2024 की ऑनलाइन काउंसिलिंग में मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकता भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी है। अन्यथा सीट आवंटन प्रक्रिया से स्वत: बाहर कर दिया जाएगा। यह निर्देश नीट एमडीएस (मास्टर आफ डेंटल सर्जरी) की प्रथम चरण की चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग व दाखिले को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिए हैं। नीट एमडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की मेरिट सूची जारी करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालय में ही संपन्न होगी, जबकि निजी डेंटल कॉलेजों की सीटों पर आवंटित अभ्यर्थियों के दाखिले संबंधित नोडल सेंटर पर संपन्न होगी। इसलिए सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को संबंधित नोडल सेंटर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

### नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा में सॉल्वरों की घुसपैठ

**सीतापुर, अमृत विचार :** प्रदेश में आरओ और एआरओ की परीक्षा के बाद अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी साल्वर गैंग की घुसपैठ की कोशिशें लगातार जारी है। वहीं तालगांव कोतवाली इलाके में स्थित केपी सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज में एसजीपीजीआई लखनऊ की नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में भी सॉल्वर गैंग की घुसपैठ के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित छात्रों ने परीक्षा के दौरान नकल की सूचना पर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने 8 सॉल्वरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस मामले पर कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

### कुंभ मेले की बैठक में शामिल होने के लिए संत रवाना

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या के साधु-संतों का जत्था मंगलवार को आगामी कुंभ मेले की बैठक के लिए प्रयागराज रवाना हुआ, जिसमें निवाड़ी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्य देवदास और नंद रामदास के साथ पूर्व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के उत्तराधिकारी महंत संजय दास, पुजारी हेमंत दास हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन प्रेमदास के उत्तराधिकारी डॉ. महेश दास, अभिषेक दास, राजेश दास, पहलवान रामकृष्ण दास, पहलवान केशव दास समेत हनुमानगढ़ी के लगभग एक दर्जन से अधिक साधु संत शामिल रहे। महंत संजय दास ने बताया कि 13 अखाड़े की पहली बैठक में शामिल होने के लिए सभी अखाड़ों के साधु संत प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

### युवतियों से गैंगरेप के 3 आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**गोरखपुर, एजेंसी।** दो युवतियों से सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 16 और 17 जुलाई की दरमियानी रात ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाली 20 वर्ष की दो लड़कियां कुशीनगर में एक कार्यक्रम के बाद गोरखपुर स्थित अपने घर लौट रही थीं। पुलिस के मुताबिक, इस दौरान नीरज, कल्लू और अजय समेत पांच लोगों ने उनका पीछा किया और एकला तटबंध के पास उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# डिजिटल अटेंडेंस पर फैसला टालना भाजपा की चाल : अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश सरकार की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर उठाए सवाल



**अमृत विचार:** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था को स्थगित करने और शहर के कुछ आवासीय स्थलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई टाल देने में भाजपा की चाल है। उपचुनावों के मद्देनजर ही वह पीछे हटी है। यह निर्णय टालकर सभी को धोखा दिया गया है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी कार्यालय में शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस निर्णय स्थगन के सवाल पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर मंत्रियों में सीट को लेकर लड़ाई चल रही है, शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। आपसी खींचतान की वजह से जनता के लिए सोचने वाला भाजपा में कोई नहीं है। इन लोगों को चिंता है कि कहीं उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर ही चुनाव न हार जाएं। तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वह अपने दल के अंदर कर रही है।

## पूर्व जिपं अध्यक्ष समेत कई प्रधानों ने ली सपा की सदस्यता

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव की मौजूदगी में बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही इस मौके पर विकास खण्ड बीकेटी के कई दर्जन प्रधानों ने भी सपा की सदस्यता ली। सपा मुख्यालय में सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि सपा में लोगों के शामिल होने से संविधान बचाने के लिए पीडीए की लड़ाई में मदद मिली है और मोहनलालगंज सीट पर ऐतिहासिक विजय मिली है।

# पुष्पवर्षा से कांवड़ियों का अभिनंदन करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, अगले 72 घंटे में पूरा कराएं कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य



**अमृत विचार:** राज्य सरकार पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पेयजल व शिकंजी की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले 72 घंटे में कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य पूरा कराया जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा मार्ग की ड्रोन से निगरानी कराई जाय और प्रमुख अवसरों पर पुष्पवर्षा भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे कांवड़ यात्रा रूट की साफ-सफाई कराई जाए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हो, साथ ही पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर अच्छी प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यह उचित होगा कि यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाए जाएं। शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। बैठक में जलशक्ति, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री और पीडब्ल्यूडी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तय मानकों के साथ बजाया जाए डीजे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की ओर से तय मानकों के साथ डीजे बजाया जाना चाहिए, लेकिन डीजे की ऊंचाई एक तय सीमा से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, बस्ती, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी आदि के नगरीय क्षेत्रों में आस्था के केंद्र शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में स्थानीय प्रशासन की ओर से मंदिर प्रबंधन से संपर्क-संवाद कर शिवालयों में भीड़ प्रबंधन कर लिया जाए।

# ढाई हजार निवेशकों से 150 करोड़ की ठगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षित निवेश का वादा कर खोलते थे डीमैट अकाउंट, 4 गिरफ्तार

**अमृत विचार:** शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश और अच्छे रिटर्न का झांसा देकर प्रदेश के 2500 निवेशकों के साथ 150 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह के 4 सदस्यों को एसटीएफ और कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

इसमें एक महिला भी शामिल है। यह गिरोह वर्ष 2018 से लोगों को ठग रहा था। गिरफ्तार शातिरों में नासिर अली, निवासी आजाद नगर, जाकिर अली, सलमा बानो और सौरभ बाबू निवासी गोपाल नगर, लखनऊ शामिल हैं। इनके पास से 5 सीपीयू, 4 लैपटॉप, 8 हार्ड डिस्क और एक पैन ड्राइव भी पुलिस ने जब्त की है।

एडीसीपी शशांक सिंह के मुताबिक, नासिर अली व अन्य लोगों को शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश का विश्वास दिलाते हुए तीन दिन में निवेश की गई रकम की वापसी और हर महीने निवेश की गई रकम का दस फीसदी रकम निवेशक के खाते में जमा करने का झांसा देते थे। शक न हो, इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर एक एप 'फैन कैपिटल सर्विसेस' बना रखा था, जिसका एडमिन नासिर अली था। इस एप के माध्यम से निवेशकों की डिटेल लेकर उनका डीमैट एकाउंट खोला जाता था।

## अयोध्या पहुंची बौखनाग की पालकी यात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तराखंड के हिमालय से 1200 किलोमीटर की यात्रा कर प्राचीन देवाधिदेव बाबा बौखनाग देव की पालकी यात्रा बुधवार को अयोध्या पहुंची। यात्रा में शामिल दो हजार से अधिक भक्तों ने रामलला का दर्शन किया।



इसके पहले यह यात्रा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा स्थापित तीर्थ क्षेत्र पुरम पहुंची, जहां ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यात्रा में उत्तराखंड से पहुंचे सभी श्रद्धालुओं के ठहरने के इंतजाम तीर्थ क्षेत्र पुरम में किए गए हैं। बाबा बौखनाग उत्तरकाशी जिले के यमुना घाटी के आराध्य ईष्टदेव ग्राम देवता हैं।

## अबूधाबी से दिल्ली जा रही उड़ान लखनऊ डायवर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार:** दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर कई चक्कर लगाने के बाद अबूधाबी की उड़ान लखनऊ डायवर्ट हो गई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर एक ही समय कई विमान आ जाने के कारण यह स्थिति बनी। लखनऊ एयरपोर्ट पर एतिहाद एयरवेज की उड़ान संख्या ईवाई 2010 शाम को 4.08 बजे लखनऊ उतरी। दिल्ली एटीसी से मंजूरी मिलने के बाद फ्लाइट वापस यहां से रवाना हुई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार अबूधाबी से आ रही इस फ्लाइट को दिल्ली में लैंड करने की अनुमति नहीं मिल पा रही थी।

# बादलों की आवाजाही के बीच बिजली गिरने का अलर्ट

## 20 से मानसून में आएगी तेजी, 30 से अधिक जनपदों में जोर पकड़ेगा मानसून

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** लखनऊ और आसपास इलाके के अधिकतर स्थानों पर जुलाई के पहले सप्ताह में अच्छी बारिश हुई। लखीमपुर, पीलीभीत जैसे जनपदों में बाढ़ जैसे हालत हुए, लेकिन बीते चार-पांच दिनों से मानसून कमजोर हो गया। जिसका असर तापमान पर पड़ा।

लखनऊ और निकट जनपदों में तेज धूप से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन-चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। बुधवार को बादलों की आवाजाही के बीच धूप में तेजी रही। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, अगले दो दिनों में बारिश के आसार कम हैं। 20 जुलाई से मानसून में तेजी आएगी, जिससे तेज बारिश की संभावना है। लखनऊ सहित 30 से अधिक जनपदों में तेज बारिश की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश शुरू होगी। लखनऊ में अधिकतम तापमान 34.4 रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**गरज और चमक के साथ वज्रपात की संभावना:** दो दिनों बाद राजधानी सहित कई इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से चेतावनी जारी की गई है। कानपुर, बरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, कन्नौज, मैनपुरी, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, औरैया, पीलीभीत, शाहजहांपुर और ललितपुर जनपदों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### बरेली में उमस ने किया बेहाल, तापमान में वृद्धि

बरेली शहर में सुबह से शाम तक बादलों की आवाजाही रही, लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल किया। बढ़ती उमस के बीच दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि हुई। अनुमान है कि ये स्थिति 20 जुलाई तक ऐसी ही बनी रहेगी। 21 जून से वर्षा की शुरुआत हो सकती है। यहां का अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। न्यूनतम तापमान 28.6 रहा।

## वर्ग पहेली-134

**बाएं से दाएं**

1. बहुत भारी वस्तु को ऊपर उठाने वाला यंत्र या उपकरण, उत्तंभ, उत्थापक, (क्रेन)।
4. ख़ुशामद, ठकुर-सुहाती।
5. 1. दल, समूह, जत्था 2. गिरोह, टोली 3. वर्ग, श्रेणी 4. अनुचर, सेवक 5. किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह 6. शिव के दूत या सेवकों का दल 7. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति
6. 1. जिसपर कलंक लगा हो 2. अपयशी, कुख्यात 3. बदनाम 4. कलंकी।
8. 1. किसी भारी वस्तु के गिरने से होने वाली ध्वनि 2. धरती पर दबाव डालकर चलने से पैदा होने वाला शब्द 3. धमाका धड़ाम, धप।
10. एक पेड़ जिसके बीजों से चिरौंजी निकलती है।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. रक्षा, देख-रेख, रख वाली 2. पालन-पोषण।
3. कैंची या सरौते आदि से किसी चीज़ को काटना, काट-छांट करना।
5. 1. झटके से कुछ खा जाना, चटपट निगलना 2. झूठ बोलना।
7. 1. भाड़ा, वह धन जो किसी की कोई वस्तु काम में लाने के बदले उस वस्तु के मालिक को दिया जाए, (रेंट) 2. रेल
9. मद्य, मदिरा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | 4 | | | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | 7 | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -133 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख | ग | हा | ■ | 2 दे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 स | हि | क |
| ■ | 4 अं | गा | र | क | ■ |
| ■ | त | ■ | प | ■ | 5 जो |
| ■ | रा | ■ | 6 ट | के | त |
| 7 झाँ | व | र | ■ | ■ | दा |
| ■ | धि | ■ | 8 व | ज़ी | र |

## सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 2 | | 5 |
| 9 | | 5 | | | 8 | | 4 | 7 |
| | 2 | | 3 | 6 | | 8 | | |
| 8 | | 6 | | | 4 | | | |
| | 1 | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | | 7 | | 8 | 1 | | 5 | |
| 4 | 5 | | 6 | | | 1 | | 9 |
| 6 | | 1 | | | 3 | | | |

### सुडोकू -46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 20.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 19 जुलाई 03.25 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** - आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने आस-पास रह रहे लोगों से सावधान रहें।

**वृष** - आज नौकरी में किसी अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में किए गए परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को निवेश करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन** - आज घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी को बहुत ही सोच विचार कर धन उधार दें। किसी जोखिम पूर्ण कार्य को करने में कामयाब होंगे। राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कर्क** - आज बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने उच्चाधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा। व्यापार में अपनी योजना को विरोधियों को पता न चलने दें अन्यथा योजना में विभिन्न बाधा आ सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह** - आज आप धन का कुछ हिस्सा दानपुर के कार्यों में भी लगाएंगे। चुस्ती एवं स्फूर्ति के साथ अपने कार्य को पूरे मनोयोग से ध्यान देना होगा। विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान को नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या** - आज कोर्ट कचहरी के मामले में आपके खिलाफ निर्णय आ सकता है। परिवार में कठोर वाणी का प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में सरकारी विभाग द्वारा कुछ बाधा उत्पन्न हो सकती है। यदि आपको कोई धन संबंधी समस्या चल रही थी तो वह भी दूर होगी।

**तुला** - आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगा। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक** - आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रह सकता है। आय में कमी हो सकती है। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु** - आज जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर** - आज का दिन अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। अपने बॉस से निकटता का लाभ मिलेगा। मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि संबंधी कार्य में आई बाधा सरकारी मदद से दूर होगी।

**कुंभ** - आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीतिक पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मशीनरी उद्योग से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। शासन-प्रशासन के कार्य में अधिक व्यवस्था रहेगी।

**मीन** - आज जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
चोरी मेरा काम - सुबह : 10.16
मेला - रात : 07.00

**&pictures**
मक्खी - सुबह : 10.24
ये साली आशिकी - रात : 08.00

**SONY PIX**
वाइट हाउस डाउन - सुबह : 10.17
65 - रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
मिली - सुबह : 09.35
स्टेट ऑफ सीज - शाम : 05.49

**colors CINEPLEX**
दिल विल प्यार व्यार - सुबह :11.30
दोस्ताना - शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुत्र – मां मैं भी तालाब में तैरना चाहता हूं।
मां – नहीं ! बेटा डूब जाओगे
पुत्र – लेकिन पिताजी तो घंटे-भर से तालाब में तैर रहे हैं।
मां – बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

चिंटू- आज मैंने एक स्पेशल डिश बनाई है, जिसे खाते ही गर्मी गायब हो जाएगी।
पिंटू- ऐसा क्या बना दिया तुमने यार?
चिंटू- नवरत्न तेल में पकौड़े।

## एक नजर

### ईडी ने वाल्मीकि सहकारी घोटाला में नागेंद्र की पत्नी से पूछताछ की

**बेंगलुरु।** ईडी ने यहां सरकारी स्वामित्व वाले निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले के संबंध में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र की पत्नी मंजुला से बुधवार को पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए मंजुला को तलब किया था। कांग्रेस के विधायक नागेंद्र पहले ही ईडी की हिरासत में हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा कथित अवैध धन हस्तांतरण घोटाला 26 मई को लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी. के आत्महत्या करने व एक नोट छोड़ने के बाद सामने आया था। सुसाइड नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण का खुलासा हुआ था।

### कश्मीर में मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडे, नारे लगाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आठवें मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन के झंडे और नारे लगाने के आरोप में बुधवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का जुलूस में सरासर उल्लंघन किया गया था। यह जुलूस श्रीनगर के मध्य से गुजरा और इसमें मातम मनाने वाले हजारों शिया शामिल हुए थे। जुलूस के दौरान हिजबुल्लाह के झंडे और आपत्तिजनक नारे लगाये गये थे। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा कि कुछ मुद्दे थे जो आठवें मुहर्रम जुलूस के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार उनका पालन नहीं कयिा गया था।

# केंद्र सरकार के रेड राज से निवेश लगातार हो रहे कम : कांग्रेस

## जयराम बोले- नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घाटी आर्थिक विकास की रफ्तार

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की अस्थिर नीतियों, मित्रवादी पूंजीवाद के बोलबाले और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग के 'रेड राज' के कारण पिछले 10 वर्षों से निवेश कम हो रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारत को नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, बल्कि उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत है।

रमेश ने कहा कि 2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर है। अस्थिर नीतियां, मित्रवादी पूंजीवाद का बोलबाला और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग का रेड राज, इन तीन वजहों से 2014 से निवेश लगातार कम हो रहा है। कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। रमेश ने दावा किया कि भारत में निजी घरेलू निवेश 2014 से सुस्त है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जीडीपी 25-30 प्रतिशत के दायरे में था।

### ध्यान भटकाने की राजनीति बंद करें मोदी: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मुंबई में नौकरी के लिए एकत्र युवाओं की भीड़ वाले वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान भटकाने की राजनीति बंद कर युवाओं के बारे में सोचना चाहिए। 16 जुलाई को मुंबई हवाईअड्डे पर एअर इंडिया में अलग-अलग पदों के लिए आवेदन देने बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी कुछ दिन पहले मुंबई में कह रहे थे कि हमने करोड़ रोजगार देकर रिकॉर्ड तोड़ डाले। आज उसी मुंबई में कुछ वैकेंसीज के लिए आए बेरोजगारों की अपार भीड़ का वीडियो वायरल है।

# असम : मुठभेड़ में हमार के 3 उग्रवादी मारे गए, कई पुलिसकर्मी भी घायल

सिलचर (असम), एजेंसी

असम के कछार जिले में बुधवार को हुए मुठभेड़ में हमार के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर कहा कि सुबह एक अभियान में कछार जिले की पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके राइफल, एक अन्य राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। गुवाहाटी स्थित असम पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ जवानों के घायल होने की पुष्टि की है।

पुलिस ने मंगलवार रात पूर्वी ढोला गंगानगर से 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे किस संगठन के थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऑटोरिक्शा बरामद किया जिसका इस्तेमाल उग्रवादियों ने किया था। उसमें से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस की एक टीम अन्य उग्रवादियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भबन हिल्स इलाके में लेकर गई। उसी समय मुठभेड़ हुई। एक घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए, जबकि तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए।

### कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। साथ ही एक घायल जवान मोर्चा संभाल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के पखांजूर में पिछले तीन घंटे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में एक उप निरीक्षक समेत दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। वहीं दूसरा घायल जवान अब भी मुठभेड़ में मोर्चा संभाल रहा है। मुठभेड़ के स्थान में बैकअप के लिए टीम रवाना हो गई है। इस पूरी घटना की पुष्टि जवानों के वापसी के बाद ही हो पाएगी।

## कर्ज चुका पाने में असमर्थ कर्जदार ने की मुकेश सहनी के पिता की हत्या

दरभंगा, एजेंसी

- पुलिस ने हत्या के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

बिहार की दरभंगा ज़िला पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के हत्या मामले का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरात गांव में हुई हत्या की घटना का खुलासा किया गया है और एक अभियुक्त इसी तहां क्षेत्र के अफजला टोला, सुपौल बाजार का रहने वाला काजिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेड्डी ने बताया कि काजिम ने जीतन सहनी से ब्याज पर कर्ज लिया था, जिसे न चुका पाने के कारण कर्ज के एवज में गिरवी रखी ज़मीन नहीं छुड़ा पा रह था। इसी क्रम में घटना की रात डेढ़ बजे काजिम और उसके साथियों ने सहनी के घर में प्रवेश किया। अभियुक्तों ने जीतन को डराकर जमीन और कर्ज के कागज़ात मांगने लगा लेकिन सहनी ने गाली देना शुरू कर दिया। इस पर काजिम ने सहनी पर चाकू से वार कर हत्या कर दी और भाग निकला।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के पांच छात्र रैगिंग में निलंबित

**शिमला।** शिमला जिले के ठियोग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 12वीं कक्षा के करीब 5 छात्रों को रैगिंग के आरोप में 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया हैं। स्कूल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 13 जुलाई की रात को 5 छात्रों ने एक छात्रवास में दसवीं कक्षा के कुछ छात्रों की इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठजनों के कपड़े धोने से मना कर दिया था।

उन्होंने बताया कि कनिष्ठ छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। बाद में एक पीड़ित छात्र ने अपने अभिभावकों को फोन पर घटना के बारे में बताया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि वरिष्ठ छात्र उसने पैसे भी मांगते थे। जेएनवी ठियोग की प्राचार्य संजीता शौनिक ने कहा कि उन्होंने छात्रवास जाकर छात्रों की लड़ाई रोकी। उन्होंने कहा कि दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, उसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## हरियाणा में सरकारी नौकरी में अग्निवीरों को 10% आरक्षण

चंडीगढ़, एजेंसी

- उम्र में छूट, पुलिस कांस्टेबल, वन रक्षक, जेल वार्डन के लिए की घोषणा

विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हरियाणा की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वन रक्षकों और जेल वार्डन की भर्ती के साथ अन्य पदों पर अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि कोई अग्निवीर व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख तक का ब्याज मुक्त ऋृण उपलब्ध कराएगी। सैनी ने कहा कि कांस्टेबल, खनन रक्षक, वन रक्षक, जेल वार्डन और विशेष पुलिस अधिकारी की सीधी भर्ती में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप सी और डी के पदों पर भी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। अग्निवीर के पहले बैच के लिए यह छूट 5 वर्ष होगी। उन्होंने अग्निवीर को रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए रियायतों की घोषणा की। अगर कोई औद्योगिक इकाई अग्निवीर को 30 हजार से अधिक वेतन पर नियुक्त करती है, तो सरकार इकाई को 60 हजार की सब्सिडी देगी।

## डोडा के देसा वन में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के देसा वन क्षेत्र में मंगलवार की रात सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई। आतंकियों ने कल रात सुरक्षा बलों के तलाश अभियान दल पर गोलीबारी की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं, जिसके बाद दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्र ने यह भी कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने देसा वन क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान कलान भाटा क्षेत्र के गांव के बाहर और पंचन भाटा के पास एक संदिग्ध गतिविधि को देखने पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना के सुयंक्त बल ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा इलाके में भी तलाश अभियान शुरू किया है। इससे पहले डोडा में सोमवार की रात आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।

## सोने की चोरी के आरोपों पर मंदिर समिति प्रबंधन और शंकराचार्य के समर्थक आमने-सामने

रूद्रप्रयाग, एजेंसी

केदारनाथ मंदिर से सोने की कथित चोरी के आरोपों पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति प्रबंधन और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने चोरी के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आरोप लगाने वालों से मामले की जांच की मांग कराने का अनुरोध किया।

अजय ने आरोपों को षड्यंत्र बताते हुए स्पष्ट किया कि दानदाता ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णजड़ित करने की इच्छा



- केदारनाथ मंदिर से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब

प्रकट की थी। मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव का परीक्षण कर उन्हें इसकी अनुमति दी गई। समिति अधिनियम-1939 में तय प्रावधानों के अनुरूप ही दानदाता से दान लिया गया और विधिवत प्रदेश शासन से अनुमति ली गई।

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के केदारनाथ मंदिर में हुई सोने की चोरी की जांच की मांग के समर्थन में केदारनाथ के तीर्थ पुरोहित आ गए हैं। पुरोहितों ने जारी वीडियो संदेश में कहा कि तीर्थ पुरोहित केदारनाथ धाम में चांदी और सोने की परत लगाने का विरोध करते रहे हैं। केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने आरोप लगाया कि गर्भगृह से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब हैं। आखिर 230 किलो सोना कहां गया। उन्होंने पूर्व में लगी चांदी के बारे में भी समिति से जवाब मांगा है।

## केजरीवाल की जमानत पर 29 को निर्णय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल का पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने उन्हें जमानत देने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

## फर्जी प्रमाणपत्र पर बर्खास्तगी और हो कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के पूर्व प्रमुख बोले- प्रशिक्षण खर्च और वेतन की होनी चाहिए वसूली

ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर से जुड़े विवाद के बीच लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि जो लोग सिविल सेवाओं में शामिल होने के लिए फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाण पत्र का उपयोग करते पाए जाते हैं, उन्हें न सिर्फ बर्खास्त किया जाना चाहिए, बल्कि उनसे प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली भी की जानी चाहिए।

खेडकर द्वारा अधिकार और विशेषाधिकारों के दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद, सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की भरमार हो गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम, चित्र और अन्य विवरण साझा करते हुए दावा किया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए उपलब्ध लाभों का उपयोग करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया। चोपड़ा ने कहा, यह व्यवस्था में एक गंभीर रोग है। ऐसा करते हुए जो कोई भी पाया जाता है, वह न सिर्फ एक योग्य उम्मीदवार को वंचित करता है, बल्कि जानबूझकर आपराधिक साजिश में शामिल होता है।

### खेडकर के घर के पास अवैध निर्माण हटाया : अधिकारी

**पुणे।** प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के बंगले के पास अवैध निर्माण को हटाया गया है, नगर निकाय ने उन्हें इस के लिए नोटिस दिया था। अधिकारी ने बताया कि हो सकता है खेडकर परिवार ने कथित अतिक्रमण हटा लिया हो, क्योंकि पुणे नगर निगम की दी समय सीमा अभी समाप्त नहीं हुई है। निगम अधिकारियों ने 13 जुलाई को शहर के बानेर रोड इलाके में स्थित बंगले के बाहर नोटिस चिपकाया था।



## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2075, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1765, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1615, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 ।चावल- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 ।चीनी -डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

# देश में तेल खली निर्यात 20% बढ़कर 3.35 लाख टन पहुंचा

## डीओसी निर्यात में कमी का कारण सरसों, अरंडी और प्रतिबंध लगना

नई दिल्ली, एजेंसी

सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए।

एसोसिएशन ने कहा कि अप्रैल-जून, 2024 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 12,10,045 टन की तुलना में घटकर 11,02,632 टन रह गया, जिसका मुख्य कारण सरसों डीओसी, अरंडी डीओसी के निर्यात में कमी और निर्यात प्रतिबंध



- चावल भूसी डीओसी की कीमतों में गिरावट की भी संभावना

के कारण पिछले साल सितंबर से चावल भूसी डीओसी (डी-ऑइल राइस ब्रान) का निर्यात नहीं होना है। एसईए ने कहा कि चावल भूसी डीओसी की कीमतें अब निचले स्तर पर हैं और इसके नीचे जाने की भी संभावना है। उन्होंने सरकार से 31 जुलाई, 2024 से आगे प्रतिबंध को नहीं बढ़ाने का आग्रह किया।

### बीते साल स्थिर रहा चाय निर्यात

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात कैलेंडर साल 2023 में 23 करोड़ 16.91 लाख किलो पर स्थिर रहा है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 2022 के दौरान चाय का निर्यात 23 करोड़ 10.8 लाख किलो था। प्रमुख बागान मालिक संगठन भारतीय चाय संघ (आईटीए) के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भुगतान समस्याओं के कारण ईरान के बाजार में नुकसान ने चाय के समग्र उठाव को प्रभावित किया है। ईरान द्वारा भारतीय चाय का आयात 2019 के 5.4 करोड़ किलो की तुलना में 2023 में 51.6 लाख किलो गिरा था। रूस को भेजी जाने वाली खेप भी यूक्रेन के साथ संघर्ष से प्रभावित हुई। 2023 में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात 14.1 करोड़ किलो था, जबकि दक्षिण भारत का निर्यात नौ करोड़ 6.9 लाख किलो था।

## यात्री वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव की जरूरत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मानद मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव छाबा ने कहा है कि भारत में यात्री वाहनों पर मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर संरचना पुरानी हो चुकी है। इसे मोटर वाहन उद्योग में हो रहे घटनाक्रमों के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार को मोटर वाहन क्षेत्र पर नीतियां बनाते समय वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, आयात बिल में कमी, सतत आपूर्ति शृंखला और स्वामित्व की कुल लागत के समग्र परिप्रेक्ष्य पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय बजट से पहले हाइब्रिड वाहनों को कर प्रोत्साहन देने पर विचार करने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा मजबूत प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पर ऐसे लाभ के लिए विचार होना चाहिए, जिनमें परंपरागत इंजन से स्वतंत्र बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में चलने की क्षमता हो।

## एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7 प्रतिशत पर रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की जताई उम्मीद

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 7% पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 7% किया है। आईएमएफ ने अप्रैल 6.8% रहने का अनुमान लगाया था।

आरबीआई ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को 7 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में 7% की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2% की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2% की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा। विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

## वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां पर लेने वाला कोई नहीं : एफबीएसबी

अहमदाबाद, एजेंसी

- बैंक, बीमा, ब्रोकरेज की कंपनियों को प्रशिक्षितों की जरूरत
- देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या : सीईओ

एफपीएसबी (फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी 5 साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।

उन्होंने कहा कि बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों (सीएफपी) की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं। एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. (एफपीएसबी लिमिटेड) की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है।

## छोटी कंपनियों ने दिया बड़ा रिटर्न, मिडकैप 30% चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की आर्थिक बुनियाद तथा घरेलू स्तर पर सुधार के बीच इस साल छोटी कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को अधिक रिटर्न दिया है। बीएसई मिडकैप 16 जुलाई तक 10,984.72 अंक या 29.81% चढ़ा है, जबकि स्मॉलकैप में 11,628.13 अंक या 27.24% का उछाल आया है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि मिड और स्मॉलकैप के शेयरों के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में उछाल है। म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) और प्रत्यक्ष



- मिड और स्मॉल के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में आई उछाल

निवेश से इन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू धन का प्रवाह हो रहा है। जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि बड़े शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से वे मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से पीछे रह गए। बीएसई मिडकैप सूचकांक इस साल 16 जुलाई को 48,175.21 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि स्मॉलकैप आठ जुलाई को 54,617.75 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि इस वर्ष मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक के बेहतर प्रदर्शन से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं में क्षेत्र-विशेष में उछाल और उनका निचला मूल्यांकन तथा अर्थव्यवस्था की उच्च वृद्धि क्षमता को दिया जा सकता है।

### एलआईसी ने की कमाई, एसबीआई को भी फायदा

**मुंबई।** बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर एक साल में 79% तक उछल चुका है। पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपये पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ। इसकी तुलना में एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते एक साल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शेयर भी 1,314 रुपये से बढ़कर 1,621.20 रुपये पर पहुंच गया। इसने 23 % की बढ़त हासिल की है। बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीम, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है।

# सुमित नागल व ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को नॉर्डिया ओपन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है। नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का जर्मनी में हैम्बर्ग ओपन में जैकब श्नाटर और मार्क वॉलनर की जर्मन जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर का मैच गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया है। बोपन्ना और बालाजी पेरिस ओलंपिक के लिए भी जोड़ी बनाएंगे। हैम्बर्ग ओपन में भाग ले रही एक अन्य जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत ने दूसरे दौर का क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।



<< एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।

## विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप
# शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक



**ह्यूस्टन।** भारत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइजर को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है।

# अंतिम के कोचों के नाम नहीं, उषा ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी





- पंघाल के कोचों के नाम शामिल न करने पर डब्ल्यूएफआई की तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि समिति ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों को भेजी गई लंबी सूची में पहलवान अंतिम पंघाल के कोचों के नाम नहीं दिए। आईओए की प्रतिक्रिया खेलों के लिए अंतिम के पसंदीदा कोचों को वीजा मंजूरी मिलने में देरी के मद्देनजर आई है।

हिसार में प्रशिक्षण लेने वाली 19 साल की पंघाल पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान थीं। उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में जगह बनाई थी। अंतिम चाहती हैं कि उनके कोच भगत सिंह और विकास तथा फिजियोथेरेपिस्ट हीरा उनके साथ यात्रा करें। उषा ने कहा अंतिम ने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सितंबर 2023 की शुरुआत में ही भारत को ओलंपिक कोटा दिला दिया था। कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति ने अपनी समझदारी से ओलंपिक खेल आयोजन समिति को भेजे गए नामों की लंबी सूची में अंतिम के कोच या फिजियोथेरेपिस्ट का नाम शामिल नहीं करने का फैसला किया। पहलवानों को तीन अगस्त को पेरिस पहुंचना है और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को दो अगस्त को बायोमेट्रिक्स के लिए समय मिला है।

आईओए ने दिसंबर 2023 में अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा को तदर्थ पैनल का प्रमुख नियुक्त किया था जबकि एमएम सोमाया तथा मंजूषा कंवर इसके अन्य सदस्य हैं। आईओए अध्यक्ष ने पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। उषा ने कहा यह अजीब बात है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची को मंजूरी दी थी उन्होंने भगत सिंह या हीरा या विकास को शामिल करने की सिफारिश करना उचित नहीं समझा। कुछ दिन पहले अंतिम के पिता आईओए में आए, उसके बाद ही मैंने मंत्रालय से उन्हें मंजूरी दिलवाई।

इस बीच आईओए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि पंघाल को वीएफएस के पास जाने के बजाय आईओए से हस्तक्षेप के लिए संपर्क करना चाहिए था। अधिकारी ने कहा अगर वह हमारे पास आती तो हम फ्रांसीसी दूतावास से अनुरोध करते और यह आसानी से हो जाता क्योंकि दूतावास बहुत सहायक है। हम हस्तक्षेप करते और समाधान की तलाश करते लेकिन मुझे लगता है उन्हें किसी ने गुमराह किया है। आईओए प्रमुख ने समर्थन के लिए फ्रांसीसी दूतावास की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक : पदकों के सफर को हैं तैयार हम

## 117 भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों की सूची जारी, निशानेबाजी दल के प्रमुख होंगे गगन नारंग, आभा बाहर

PARIS 2024

ओलंपिक 8 दिन शेष

**72** अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को दी गई है मंजूरी

**17** सदस्य शामिल हैं एथलेटिक्स के सहयोगी स्टाफ में

**72** सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मिली है मंजूरी

**67** सहयोगी स्टाफ के सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं शामिल

**29** खिलाड़ी सर्वाधिक एथलेटिक्स के हैं जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष

**11** महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी निशानेबाजी दल में हैं शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है।

विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि चोट लगने, डोपिंग उल्लंघन या किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उनका नाम हटाया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।

पत्र में कहा गया है कि खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है। आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं।

मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं। तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी।

एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।

# दक्षिण एशिया के लिए दीपा प्रतिनिधि नियुक्त



- लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एशियाई पैरालंपिक समिति ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। एपीसी के अध्यक्ष माजिद रशीद ने कहा हमारे कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक कदम है, विशेषकर जब डॉक्टर दीपा मलिक के अनुभव, कौशल और जानकारी रखने वाली कोई महिला इसमें शामिल हो। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा। दीपा ने कहा दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है। भारत लंबे समय से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नेतृत्वकर्ता रहा है और अब इस बड़े परिवार में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने का सही समय है।



# मेयर ने सफाई दिखाने के लिए सीन नदी में लगाई डुबकी

**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने महीनों पहले किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए नौ दिन बाद शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक के दौरान तैराकी स्पर्धाओं की मेजबानी के मद्देनजर सीन नदी की स्वच्छता दिखाने के लिए बुधवार को इसमें डुबकी लगाई। वेटसूट पहनकर हिडाल्गो ने अपने कार्यालय सिटी हॉल और नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास नदी में छलांग लगाई। पेरिस 2024 के प्रमुख टोनी एस्टांगुएट और पेरिस क्षेत्र के शीर्ष सरकारी अधिकारी मार्क गिलियूम भी उनके साथ शामिल थे। हिडाल्गो ने नदी से बाहर निकलते हुए कहा पानी बहुत अच्छा है। थोड़ा ठंडा है, लेकिन इतना खराब नहीं है। यह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले नदी की स्वच्छता दिखाने का प्रयास है जिसमें सीन नदी पर नावों पर खिलाड़ियों की परेड भी शामिल है। जून के शुरू में जल गुणवत्ता जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया का असुरक्षित स्तर मिला था जिसके बाद हाल ही में सुधार हुआ। नदी की स्वच्छता के लिए डेढ़ अरब डॉलर का खर्चा किया गया है। जिससे हर दिन नदी के पानी की जांच की जा रही है और हाल में जांच के परिणामों में सुधार दिखा है।

# ओलंपिक में स्वच्छंद होकर खेलें : कपिल



- भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दी सलाह
- ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग का दूसरा सत्र दो से सात सितंबर तक होगा

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों के महाकुंभ में स्वच्छंद होकर खेलने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व 117 सदस्यीय दल करेगा और देश को तोक्यो में जीते सात पदकों की संख्या को बेहतर करने की उम्मीद है।

ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग (टीजीसीएल) के दूसरे सत्र की घोषणा के मौके पर कपिल ने कहा मैं किसी खिलाड़ी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल और अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी को मेरी सलाह होगी कि वे जाएं और खुद को जाहिर करें, स्वच्छंद होकर खेलें। हम क्यों उम्मीद नहीं करेंगे कि हम दोहरे अंक में पदक जीतेंगे। कपिल ने हालांकि भारतीय क्रिकेट और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर पर टिप्पणी करने से परहेज किया। अगर गौतम गंभीर वह पद संभाल रहे हैं तो मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

# ओलंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

**एथेंस।** पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।

## बॉलीवुड हलचल



# वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म वॉर 2 में खुफिया एजेंसी के एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म वॉर में ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फैंस इस फिल्म के सेकेंड पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वॉर-2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में मार्च के महीने से शुरू की थी। दोनों ने मई के महीने में वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। वॉर 2 के सेकेंड शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में होगी, जहां एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी। इस शूटिंग में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा भी होंगी। कहा जा रहा है कि कियारा आडवाणी वॉर 2 खुफिया एजेंसी से जुड़े किसी एजेंट की भूमिका निभा सकती हैं।यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

# विक्रम भट्ट की फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट की आने वाली हॉरर फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी हॉट स्टार और महेश भट्ट प्रस्तुत ब्लडी इश्क में अविका गौड़ और वर्धन पुरी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म 26 जुलाई को डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ब्लडी इश्क के ट्रेलर की शुरुआत एक सुनसान आईलैंड और उस पर बने एक हवेली से होती है। इसके बाद अविका की आवाज सुनाई देती है, जहां वह वर्धन से पूछती हैं कि इस आईलैंड पर और कौन रहता है? वर्धन जवाब देते हैं, कोई नहीं। ट्रेलर के आखिर में इसकी पुष्टि भी हो जाती है। एक लड़की आत्मा अविका से कहती है कि यह भुतहा हवेली है। लेकिन अब सवाल ये है कि ये लड़की कौन है? उसकी आत्मा क्यों भटक रही है? और वह अविका के पीछे क्यों पड़ी है?

# बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे, बीटीएस वीडियो रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे होने पर इस फिल्म का एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो रिलीज किया गया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान 17 जुलाई 2015 को प्रदर्शित हुयी थी। बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर और हर्षाली मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बजरंगी भाईजान के नौ साल के सफर को याद करते हुए मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो रिलीज किया है। यह वीडियो दोस्ती और इस खास फिल्म को बनाने में लगी मेहनत को दर्शाता है। इस वीडियो में हल्के-फुल्के तरीके और मजाक मस्ती के बीच बनी फिल्म की झलकियां देखने को मिल रही हैं।

# श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूजीलैंड का दौरा

**क्राइस्टचर्च।** आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीजन के दौरान छह वनडे और आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी-20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूजीलैंड सिर्फ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

2025-26 सीजन में न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ टी-20 और वनडे सीरीज खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीजन के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेजबानी पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवतः आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

# आईसीसी ने छह देशों को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार के लिए चुना

नई दिल्ली, एजेंसी

International Cricket Council

- 2023 के वैश्विक विजेताओं में शामिल हैं मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना पार्थसारथी भी शामिल हैं। आईसीसी डेवलपमेंट (विकास) पुरस्कार 2002 में शुरू किये गये थे जो एसोसिएट सदस्य देशों में खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किये गये काम के लिए दिए जाते हैं। मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजानओं के लिए आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए।

ओमान क्रिकेट को क्रिकेट4हर कार्यक्रम के लिए 100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है। नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

